रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

www.dailypioneer.com रायपुर, रविवार 19 जनवरी 2025

Opening Today

: Organiser :
IndoreInfoline
www.indexpo.co.in

You are Cordially Invited

# VISIT

## 14th Year- 4 Days

STEEL I POWER I CEMENT I MINING
NATIONAL EXPO™
www.indexpo.co.in

Venue
Shriram BUSINESS PARK Raipur C.G.

19 20 21 22
January 2025
Visiting Time 11-6.30PM

CONCURRENT
RAIPUR
ELECTRIC EXPO

Visitor Registration

Exhibitors Directory

Co-Organiser
RAIPUR ELECTRICAL MERCHANT ASSOCIATION
REMA SINCE 1968

Supported by
Urla Industries Association , Raipur

## CONFIRM PARTICIPANTS

| Name | City | Name | City | Name | City |
|---|---|---|---|---|---|
| A D STEEL INDIA PVT LTD | RAIPUR | GREENFINITY POWERTECH PVT. LTD. | RAIPUR | PRIMA EQUIPMENT | VADODARA |
| A G CONVEYOR PARTS P LTD | MUMBAI | GRIP MECHATRONICS PVT. LTD. | PUNE | PROLYTICAL INSTRUMENTS | MUMBAI |
| AANYA POWER SOLUTION | RAIPUR | HARSH MARKETING | BHILAI | PUREXIA FITTINGS AND ENGINEERING CO/ SHIV SHAKTI METAL INDUSTRIES | GANDHINAGAR |
| AMITRAJ ENTERPRISES | RAIPUR | HAWKEYE TECH SOLUTIONS PVT. LTD. | RAIPUR | R D ELECTRICS/ CERVO ELECTRICAL & LIGHTING | RAIPUR |
| ANACON PROCESS CONTROL | MUMBAI | HEAT TECHNOLOGIES | RAIPUR | R J INDUSTRIES | RAIPUR |
| ANNAPURNA STEELS | RAIPUR | HIMALAYA POLYPLAST INDUSTRY | NEW DELHI | R K POWER | PUNE |
| APEX HYDROTECH | RAJKOT | HINDUSTAN IMPEX | RAIPUR | RAJ METALS | MUMBAI |
| ARCHANA SALES | RAIPUR | HONEYWELL | DURG | RD ENTERPRISES (STARBLAZE) | RAIPUR |
| ARISTO LED & SWITCHGEARS | DELHI | HOPE ENERGY | DURG | RECON-ENERGY & SUST TECHNOLOGIES | NAGPUR |
| ARMA TRADERS | RAIPUR | HPL ELECTRIC & POWER LIMITED | SONIPAT | RECTIPHASE CAPACITORS | NASHIK |
| ARMO ELECTRONICS & ELECTRICALS (I) | NAGPUR | HVTI PVT LTD | GURGAON | REGNANT ENERGY SOLUTION | NOIDA |
| ASIAN COMPRESSOR | KOREGAON (SATARA) | IDEAL INTERNATIONAL POWER TOOLS L.L.P | MUMBAI | REJOY ELECTRONICS (RENOTA) LIGHTING | MUMBAI |
| ASIAN POWER CONTROLS PVT LTD | PUNE | IGEMA ( INDIA) PVT. LTD. | PUNE | REPAIX | RAIPUR |
| ATOX TRADE LINKS PVT LTD | NAGPUR | IGUS (INDIA) PVT LTD | BANGALORE | ROY ENGINEERING WORKS | HOWRAH |
| AXIOM CONTROLS PVT LTD | BADDI HP | IMEE | NAGPUR | SANTEC BALING AND RECYCLING | DELHI |
| AYT ENTERPRISES LLP | RAIPUR | INDUSTRIAL SOLUTION | BILASPUR | SATYA ELECTROCOM PVT. LTD. | RAIPUR |
| BANSAL INDUSTRIES | RAIPUR | J M CABLE AND CONDUCTORS | NEW DELHI | SHIVA INFRA SOLUTIONS PVT LTD | REWARI |
| BARBRIK TRANSFORMERS | RAIPUR | JAI ENTERPRISES | BHILAI | SHRADDHA FILTER TECHNOLOGY | AHMEDABAD |
| BHAGYODAYA SALES AND SERVICES | NASHIK | JAY POLYMER INDUSTRIES | RAJNADGAON | SHREE MANGLAM TECHNO CIVIL PROJECT | RAIPUR |
| BRUX INDIA | SONIPAT | JEFFI STORES | RAIPUR | SIDDHART INDUSTRIES | RAIPUR |
| CANNER ELETRIC CONNECTION | DELHI | JINDAL RECTIFIERS | FARIDABAD | SOKHI HELI - WOM GEARS PVT LTD | GHAZIABAD |
| CATTCOM SOLAR & LIGHTING | NOIDA | JR SEAMLESS PVT. LTD. | SECUNDERABAD | SOMDEV & COMPANY | RAIPUR |
| CHIRAYU POWER PVT LTD | KHAMGAON | K TECH CNC INDUSTRIES | HYDERABAD | SPECIAL CABLES PVT. LTD. | NEW DELHI |
| COMPAQ INTERNATIONAL (P) LTD | YAMUNA NAGAR | KEC INTERNATIONAL LTD. - ASIAN CABLES | MUMBAI | SPPAGS ENTERPRISES | BHILAI |
| COMPTECH EQUIPMENTS / AGM EQUIPMENTS | RAIPUR | KUMAR TRADING COMPANY | RAIPUR | STORES & SPARES CO. CG | RAIPUR |
| COOPER CORP | RAIPUR | KY ENERGY PRIVATE LIMITED | BHILAI | SUN ENGINEERING & FABRICATION WORKS | RAIPUR |
| COSMO MULTI-FUEL GASIFIERS | RAIPUR | LAXMIKRIPA STEELS & POWER PVT LTD | RAIPUR | SUNGO POWER | RAIPUR |
| CRANOIST MATERIAL HANDLING EQUIP | DURG | LEISTER TECHNOLOGIES INDIA | CHENNAI | SWITCHSOL SYSTEMS & SERVICES | RAIPUR |
| CYBER SYSTEMS/ R.S.TRADING | BHILAI | LIASOTECH PVT LTD | JAMSHEDPUR | TAPARIA TOOLS LIMITED/ SHAH SALES AGENCY | MUMBAI/ Raipur |
| DEGREE DAY PVT.LTD. | INDORE | LIBERTY LIGHTING INDIA | GHAZIABAD | TEERUPATI CORPORATION INDIA | RAIPUR |
| DESICCANT ROTORS INTERNATIONAL | GURUGRAM | MAULI ENTERPRISES | AURANGABAD | TFRENZY PRIVATE LIMITED | PURULIA |
| DIAMOND COMPRESSOR | PUNE | MAXAIR HVACS INDUSTRIES | BILASPUR | TOR.AI LIMITED | PUNE |
| DILLI'S ENERGY SERVICES | RAIPUR | MGA GLOBAL TECH PVT LTD | RAIPUR | TRISNOTA TECHNICAL SERVICES | NAVI MUMBAI |
| DUDHAT INDUSTRIES PVT LTD | AHMEDABAD | NAVIGATOR-ERP | AHEMDABAD | UDAY UDYOG ELECTRONICS PVT. LTD. | HYDERABAD |
| EASTLAND ENGINEERING CO. | RAIPUR | NEWTEK ELECTRICALS | AURANGABAD | UNITY INDUSTRIAL PORDUCTS | NEW DELHI |
| EROS ENVIROTECH PVT LTD | LUDHIANA | OP JINDAL UNIVERSITY | RAIGARH | VARUN ENGINEERING | BHILAI |
| ESSEM WORKS PVT LTD | AHMEDABAD | OPLYWATER USA-LEAK XPERT.COM | NASHIK | VINAYAK POWER | BILASPUR |
| ETC ELECTRIC | RAIPUR | ORICON METALLURGICALS PVT LTD | RAIPUR | VINAYAK SALES | BILASPUR |
| EXCEL ELECTROMAGNETICSH | UDAIPUR | P. C. Industries | GANDHINAGAR | V-MARC INDIA LTD. | HARIDWAR |
| EXCEL METAL & ENGG INDUSTRIES | MUMBAI | PATANJALI RENEWABLE ENERGY PVT LTD | RAIPUR | VOLTAMP TRANSFORMERS LIMITED | VADODARA |
| FUTURE WORKS | RAIPUR | PATHAK MACHINE TOOLS PVT. LTD. | HOWRAH | VSL RE POWER | KOLKATA |
| GARG ASSOCIATES (ANI GEARS) | KOLKATA | PECO INDUSTRIES | AHMEDABAD | WELDMAN SYNERGIC PVT LTD | KOLKATA |
| GLOBE GENERAL INDUSTRIES | ROHTAK | PIRAMAL PETROLEUM PVT LTD | RAIPUR | WELFARE INFOTECH PVT LTD. | RAIPUR |
| GOURI SHANKAR STEELS ( TATA ) | RAIPUR | POWER ENGINEERS & CONSULTANTS | LUDHIANA | WESMAN THERMAL ENGG PVT LTD | KOLKATA |

# 2 दिन के शिशु की टीकाकरण के बाद मौत परिजनों ने डॉक्टर पर लगाया लापरवाही का आरोप

पायनियर संवाददाता भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

भानुप्रतापपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दो दिन पहले जन्मे शिशु की टीकाकरण के बाद अस्पताल में मौत हो गई। गुस्साए परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही और नर्स द्वारा ध्यान नहीं देने का आरोप लगाया है। भानुप्रतापपुर स्वास्थ्य विभाग की बड़ी लापरवाही उजागर हुई, टीकाकरण के बाद एक नवजात शिशु की मौत हो गई है। जिसके बाद अस्पताल में हड़कंप मच गया है। वही परिजनों ने जमकर हंगामा किया और स्वास्थ्य विभाग को मासूम की मौत का जिम्मेदार ठहराया है। मामला विकास खंड के ग्राम बांसला का है कमलेश्वर जैन की पत्नी आहिंसा जैन को डिलीवरी केस के लिए बुधवार को रात्रि में प्राइवेट वाहन से भानुप्रतापपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया जहां गुरूवार की सुबह महिला ने साढ़े 9 बजे नवजात शिशु को जन्म दिया। परिजन संतोषी सिन्हा और सावित्री सिन्हा ने बताया जन्म के बाद बच्चे को गुरुवार को 2 टिका लगाया गया फिर शुक्रवार को सुबह 11 बजे एक और टिका लगा जिसके बाद बच्चे को बुखार आना शुरू हुआ और फिर शनिवार को बच्चे ने दम तोड़ दिया।



### डॉक्टर और नर्स के खिलाफ कार्रवाई की मांग

नवजात के पिता कमलेश्वर जैन ने बताया कि गुरुवार को डिलीवरी सुरक्षित हुई थी। नवजात और उसकी मां पूरी तरह स्वस्थ थे।? डॉक्टर और उपस्थित नर्स ने उपचार में लापरवाही की उनके द्वारा ठीक से टीकाकरण नहीं किया गया होगा। साथ ही डॉक्टर और नर्स राउंड में भी नहीं आते थे जच्चा बच्चा की हाल चाल नही जाना। उनके द्वारा हमें कहा गया था कि टीका लगा है हल्का सा बुखार आएगा इसलिए हमने भी बच्चे को बुखार आने पर उनके कहे अनुसार उनकी बातों को मान रहे थे। उन्होंने शासन प्रशासन से मांग किया है कि संबंधित डॉक्टर और स्टाफ के विरुद्ध कार्यवाही किया जाए।



### अस्पताल में पीने की पानी की व्यवस्था नहीं कलेक्टर आने की सूचना पर मच्छरदानी दिए

परिजन संतोषी सिंह सावित्री सिंह एवं संबलपुर से पहुंचे अन्य मरीजों के परिजनों ने बताया कि इस अस्पताल की व्यवस्था इतना बुरा हाल है कि पूछो मत यहां पीने की पानी की व्यवस्था नहीं है थोड़ा-थोड़ा पानी आता है मजबूरी वर्ष पीने की पानी के लाने के लिए पेट्रोल पंप जाना पड़ता है। जच्चा बच्चा को मच्छरदानी तक नहीं देते। शनिवार को कलेक्टर आने की खबर सुनकर सुबह सभी बिस्तरो पर मच्छरदानी दिया गया। टॉयलेट भी टूटा फूटा है यहां के स्टाफ द्वारा अच्छे से व्यवहार नही किया जाता रफ टफ बात करते हैं।

### जानकारी मिलते ही नपा अध्यक्ष, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष व भाजपा के मंडल अध्यक्ष पहुंचे

घटना की जानकारी मिलते ही भानुप्रतापपुर नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील बबल पाढ़ी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ठाकुर तथा भाजपा के मंडल अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान भी मौके पर पहुंचे इसी दरमियान परिजनों और डॉक्टर के बीच बहस बाजी हो रही थी जिस पर जनप्रतिनिधियों ने डॉक्टर को मरीजों के परिजनों से व्यव्हार कुशल बात करने को कहा गया।

**इनका ये कहना** - अस्पताल के डॉक्टर दिव्या सोनटेके ने बताया- टीकाकरण के वक्त शिशु पूरी तरह स्वस्थ था। वार्ड में बच्चे की मां ने दूध पिलाया बच्चा स्वस्थ था उपचार या टीकाकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती गई है। इस शिशु के अलावा अन्य बच्चों का भी टीकाकरण हुआ जो सभी स्वस्थ है। मौत कैसे हुई इसकी जानकारी के लिए जांच किया जा रहा है।

# स्कूलों में बीईओ ने किया औचक निरीक्षण परीक्षा में बेहतर परिणाम के लिए बच्चों को करें मोटिवेट





पायनियर संवाददाता भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

विकासखंड शिक्षा अधिकारी सदे सिंह कोमरे ने स्कूलों का औचक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने स्कूल स्तर पर चल रहे विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का जायजा लिया। उन्होंने संकुल केंद्र भीरागाँव में प्राथमिक शाला बीरकोंदल, बागवाही, तुमरीकुही, बोटेचांग, भीरागांव माध्यमिक शाला बोटेचांग, सोनेकन्हार का निरीक्षण किया। निरीक्षण में शाला में शिक्षक डायरी तथा अन्य पंजीयो के संधारण विद्यार्थियों के स्तर जांच अध्यापन गुणवत्ता जांच कर सुधार करने सुझाव दिए। संकुल में संचालित नवोदय परीक्षा तैयारी के अध्यापन क्लास का अवलोकन कर बच्चों को परीक्षा के संबंध में दिशा निर्देश दिए। शालाओं में मुख्यमंत्री शाला जतन योजना में मरम्मत कार्य का भी अवलोकन किया तथा आवश्यक सुधार करने मार्गदर्शन किया। विद्यालय में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से अनुशासन का पालन कराने के लिए कहा। साथ ही शिक्षकों द्वारा किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। सभी शिक्षक नियमित रूप से विद्यालय आकर अध्यापन कार्य करें। उन्होंने कहा कि बिना सूचना या अकारण अनुपस्थित रहने पर कार्यवाही की जाएगी। विकासखंड शिक्षा अधिकारी कोमरे ने परीक्षा की तैयारी को लेकर जिला अधिकारियों से मिले निर्देशों के तहत कमजोर बच्चों को मोटिवेट करने दिशा निर्देश दिए।

**शिक्षा में गुणवत्ता लाने के साथ साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने दिए दिशा निर्देश** - उन्होंने बच्चों के शिक्षा गुणवत्ता में सुधार के लिए पाठ्यक्रम को समय पर पूरा करने के साथ-साथ अनिवार्य रूप से पुनरावृत्ति भी कराने कहा। उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए यह आवश्यक है साथ ही इस बात का विशेष ध्यान रखें की शाला परिसर में स्थित शौचालय की नियमित रूप से साफ-सफाई हो। परीक्षा परिणाम को बेहतर बनाने के लिए कमजोर बच्चों का चिन्हांकन करके उनको अध्यापन कराने के निर्देश दिए। खंड शिक्षा अधिकारी ने संकुल भीरागांव में संचालित नवोदय क्लास का अवलोकन किया ।

# मीडिया विद्यार्थियों के लिए कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन



पायनियर संवाददाता भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर के बीए(पत्रकारिता एवं जनसंचार) के विद्यार्थियों को भविष्य के प्रति सजग करने एवं उन्हें बौद्धिक एवं नैतिक रूप से तैयार करने हेतु एक दिवसीय कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित कर मार्गदर्शन किया गया ।


# खाद्य सुरक्षा के प्रति विद्यार्थियों को किया गया जागरूक

पायनियर संवाददाता कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



खाद्य सुरक्षा को सुनिश्चित करने और आम नागरिकों में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के नियमों जानकारी देने व सुरक्षा के उपायों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। खाद्य सुरक्षा के संबंध में खाद्य सुरक्षा अधिकारी डीके देवांगन द्वारा स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत, बुधवार को संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, गोलावण्ड के हॉस्टल में स्थित मेस का निरीक्षण किया गया। कार्यक्रम के दौरान देवांगन ने विद्यार्थियों को खाद्य सुरक्षा के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को वीडियो और ऑनलाइन माध्यम से खाद्य सुरक्षा, स्वच्छता और हाइजीन के महत्व, खाद्य पदार्थों में मिलावट की पहचान, फूड फोर्टिफिकेशन, और खाद्य पदार्थों में खाद्य रंगों के उपयोग से होने वाले नुकसान के बारे में बताया। साथ ही, खाद्य पदार्थों के साथ अखबारी कागज के उपयोग से होने वाले नुकसान और खाद्य पदार्थों पर लेबल की जानकारी भी साझा की गई। इसके अतिरिक्त देवांगन ने छात्रावास में मिलने वाले भोजन के बारे में छात्रों से सुझाव लिए और सुधार हेतु प्राचार्य और रसोई कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# गैरेज में शराब के नशे में दो लोगों के बीच विवाद, एक युवक को उतारा मौत के घाट



पायनियर संवाददाता भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

बीती रात भानुप्रतापपुर से अंतागढ़ मार्ग में सड़क किनारे एक गैरेज में दो लोगो के बीच विवाद हुआ। बताया जा रहा है विवाद शराब पीने के बाद हुआ और विवाद इतना बड़ गया की आरोपी ने आवेश में आकर उसकी हत्या कर दी। मामले में पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। थाना प्रभारी रामेश्वर देशमुख ने बताया बीती रात में गैरेज में मृतक संदेश कुमार उर्फसंजू पिता गोपी उम्र 32 वर्ष निवासी सेमरीकला रायसेन मध्य प्रदेश तथा आरोपी जोगेंद्र के बीच शराब के नशे में विवाद हुआ। विवाद बढ़ते बढ़ते हत्या तक पहुंच गई आरोपी जागेंद्र ने संदेश की सिर पर बांस के डंडे से वार कर दिया जिससे उसकी मौत हो गई। शनिवार सुबह घटना की जानकारी मिली तो मौके पर जाकर शव को कब्जे में लिया गया साथ ही आरोपी को भी हिरासत में लेकर पूछताछ किया जा रहा है।

# जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की हुई बैठक



पायनियर संवाददाता कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक संपन्न हुई, जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मातलाम व डीएफओ केशकाल गुरूनाथन व समिति के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र के लिए प्राप्त कुल 260 आवेदन का सर्व सम्मति से अनुमोदन किया गया। साथ ही रकबा सुधार के लिए ग्राम पंचायत बड़े भिरावड़ के 03 एवं ग्राम पंचायत नेवता के 01 प्रकरण की समीक्षा की गई। इसी प्रकार कोंडागांव विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बनउसरी माकड़ी में सेतुमय पहुंच मार्ग निर्माण कार्य में वन अधिकार प्राप्त भूमि के प्रभावित होने पर मुआवजा की मांग पर वन विभाग, राजस्व विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम गठित कर जांच के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिला पंचायत की सदस्य रमिला मरकाम और आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त बीएल बंजारे भी उपस्थित रहें।

# भालू के हमले से पिता पुत्र की मौत, वनपाल और एक अन्य ग्रामीण घायल

पायनियर संवाददाता भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com







भानुप्रतापपुर इलाके के डोंगरकट्टा गांव के जंगल में शनिवार को हिंसक हुए भालू ने चार लोगो पर हमला कर दिया। इस भालू के हमले में पिता पुत्र की मौत हो गई। जबकि एक वनपाल और एक ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गए है। गांव के लोग आदमखोर भालू के आतंक के बाद डरे हुए हैं। दूसरी बार हमला करने के बाद ग्रामीण भय से शव लेने जंगल की ओर नहीं जा रहे थे। भालू के आतंक से लोग इतना भयभीत हैं कि लोग अपने घरों से भी बाहर नहीं जा रहे हैं। हमला होने के कारण ग्रामीण बाहर जाना खतरा से खाली नहीं समझ रहे हैं। मिली जानकारी अनुसार शनिवार को भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के डोंगरकट्टा गांव के पास जंगल में लकड़ी लेने गए ग्रामीणों पर भालू ने हमला कर दिया एक ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर रूप से घायल को 108 की मदत से उपचार के लिए कांकेर अस्पताल पहुंचाया गया है।

**घटनास्थल पर पहुंचे वन विभाग के एक कर्मचारी तथा मृतक व्यक्ति के पिता पर फिर भालू ने किया हमला, एक की मौत** - घटना स्थल पर वन विभाग की टीम तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं कुछ पत्रकार भी पहुंचे थे। यही भालू फिर हिंसक हो गया इसने फिर एक ग्रामीण को दबोच लिया। ये ग्रामीण कोई अन्य नही बल्कि सुबह भालू के हमले से मौत हुए ग्रामीण के पिता है यानी इस घटना में पिता पुत्र की मौत हो गई। भालू के हमले से सुखलाल दर्रो तथा पिता शंकर दर्रो की मौत हुई है जबकि अन्य ग्रामीण अज्जु राम कोरेटी तथा वनपाल नारायण यादव गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

## दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को उनके घर तक बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराना है उद्देश

# बैंक सखी के माध्यम से अब प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि की होगी निकासी

पायनियर संवाददाता कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कोंडागांव जिले के प्रभारी सचिव भीम सिंह ने हाल ही में विकास कार्यों का जायजा लेने के दौरान ग्राम संबलपुर का दौरा किया, जहां उन्होंने बैंक सखियों के कार्यों की सराहना की। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हितग्राहियों को उनके खातों में जमा राशि की निकासी बैंक सखियों के माध्यम से किया जाए। इसका उद्देश्य दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को उनके घर के पास ही बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराना है ताकि उन्हें जिला या विकासखंड स्तर पर बैंक तक आने की आवश्यकता न पड़े। कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय आजीविका मिशन के टीम द्वारा इस दिशा में एक सकारात्मक कदम उठाते हुए, केशकाल विकासखंड के ग्राम कुएमारी में बैंक सखी ममता कुंजाम ने बाजार स्थल पर एक छोटी सी जगह में लोगों को बैंकिंग सुविधा प्रदान की। इस पहल का सबसे पहला लाभ ग्राम कुएमारी की निवासी सूरजबती को मिला, जिन्होंने अपने आवास की राशि बैंक सखी के माध्यम से प्राप्त की। सूरजबती ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा, पहले हम लोग बैंकिंग कार्य के लिए 35 किलोमीटर दूर केशकाल जाना पड़ता था। इससे समय और पैसे दोनों की नुकसान होती थी। लेकिन अब मुझे बैंक सखी के माध्यम से अपने ही गाँव में प्रधानमंत्री आवास की राशि प्राप्त हो गई। यह मेरे लिए बड़ी राहत है। बैंक सखी ममता कुंजाम क्षेत्र में बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराती हैं। जिसमें शासन द्वारा महिलाओं को हर महीने दिए जाने वाली महतारी वंदन योजना की राशि, पेशन, स्कूली छात्रों की छात्रवृति के साथ अन्य बैंकिग लेन-देन शामिल है। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं की पहुंच को सरल और सुलभ बनाना है। यह विशेष रूप से उन लोगों के लिए लाभकारी साबित होगी, जिनके पास बैंक तक जाने के लिए समय या साधन नहीं है। प्रभारी सचिव के निर्देशों के अनुसार, बैंक सखियों के कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया जा रहा है ताकि प्रत्येक ग्रामीण तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंच सके।

# पुनरीक्षित वेतनमान के लिए सार्थक चर्चा के बाद किरन्दुल आगमन पर केएमएस पदाधिकारियों का किया गया स्वागत

पायनियर संवाददाता किरंदुल
www.dailypioneer.com



विगत 3 वर्षो से लंबित एनएमडीसी कर्मचारियों के पुनरीक्षित वेतनमान को लागू किये जाने की मांग को लेकर बस्तर सांसद महेश कश्यप के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में नई दिल्ली जाकर केंद्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री एच डी कुमारस्वामी से मिलकर वेतन पुनरीक्षण शीघ्र लागू करने की सार्थक पहल करने वाले ट्रेड यूनियन भारतीय मजदूर संघ से सम्बद्ध खदान मजदूर संघ की किरंदुल एवं बचेली शाखा के पदाधिकारियों के लौहनगरी किरन्दुल आगमन पर नगरपरिवार, एनएमडीसी कर्मचारियों, भाजपा एवं यूनियन के कार्यकर्ताओं द्वारा बस स्टैंड किरंदुल में आतिशबाजी कर भव्य स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया तथा मिष्ठान वितरण कर खुशियाँ मनाई गई तथा अब तक के इतिहास में वेतन समझौते को लेकर सीधे ही केंद्रीय इस्पात मंत्री से मिलकर सार्थक और अभिनव पहल करने वाले दुनिया के सबसे बड़े मजदूर संगठन भारतीय मजदूर संघ जिंदाबाद के नारे गर्मजोशी के साथ बुलंद किये गए।इस अवसर पर खदान मजदूर संघ शाखा किरंदुल के अध्यक्ष बी दिल्ली राव, सचिव महेंद्र कुमार शाखा बचेली के अध्यक्ष दीप देवांगन, सचिव संतोष दास द्वारा उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त करते हुए इस सफलता के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रभारी मंत्री केदार कश्यप, बस्तर सांसद महेश कश्यप,दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी सहित समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शन एवं सहयोग हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

4 रायपुर संभाग
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वामित्व योजना अंतर्गत भूमि पट्टा का...

6 अभिमत
गाज़ा में युद्धविराम पीड़ितों को राहत

09 शिक्षा और स्वास्थ्य
पीढ़ियों से काबिज जमीन का स्वामित्व योजना से मिलेगा ...

10 छत्तीसगढ़
ऑटो एक्सपो से दो दिन में सरकारी खजाने में पहुंच...

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, रविवार 19 जनवरी 2025 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-149 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### सैफ अली खान को चाकू मारने वाला व्यक्ति गिरफ्तार

**रायपुर।** सैफ अली खान को चाकू मारने के मामले में रेल्वे सुरक्षा बल दुर्ग ने एक संदिग्ध आरोपी आकाश कैलाश कन्नोजिया 31 वर्षीय को हिरासत में लिया है। शनिवार दोपहर 12:24 बजे मुंबई पुलिस से सूचना मिली कि आरोपी ट्रेन नंबर 12101 ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस से यात्रा कर रहा है। उन्होंने संदिग्ध की फोटो व टावर लोकेशन साझा की गई। उस वक्त ट्रेन गोंदिया और राजनांदगांव स्टेशन के बीच थी। मामले की गंभीरता को समझते हुए रेल्वे सुरक्षा बल द्वारा दुर्ग स्टेशन पर दो टीमों का गठन किया गया और ट्रेन में सघन चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान जनरल डिब्बे नंबर 199317/सी में यात्रा कर रहे उक्त संदिग्ध को पकड़ा गया। संदिग्ध की तस्वीर मुंबई पुलिस को भेजी गई, संदिग्ध की पहचान की पुष्टि होने पर संदिग्ध को रेल्वे सुरक्षा बल पोस्ट दुर्ग लाया गया।

### श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से 0.9 डिग्री सेल्सियस नीचे

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से 0.9 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया। श्रीनगर के मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया कि उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले में गुलमर्ग स्की रिसॉर्ट में रात का न्यूनतम तापमान शून्य से 8.2 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में लोकप्रिय पर्यटन स्थल पहलगाम में रात के न्यूनतम तापमान में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया।

### राहुल गांधी ने संविधान सुरक्षा सम्मेलन में राष्ट्रगान का किया अपमान : संजीव

**पटना।** बिहार भारतीय जनता पार्टी प्रवक्ता संजीव कुमार मिश्र ने आरोप लगाया है कि पटना के बापू सभागार में आयोजित संविधान सुरक्षा सम्मेलन के दौरान लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी ने राष्ट्रगान का अपमान किया है। मिश्र ने कहा कि सम्मेलन के समाप्ति के बाद जब राष्ट्रगान शुरू हुआ तो राहुल मंच पर लोगों से बात कर रहे थे।

### नीति आयोग और एवीए ने गांवों को 'बाल विवाह मुक्त' घोषित करने के लिए मिलाया हाथ

**नयी दिल्ली।** नीति आयोग और एसोसिएशन फॉर वालंटरी एक्शन ने देश के सबसे पिछड़े क्षेत्रों में बच्चों की शिक्षा, सुरक्षा और सशक्ति करण और अगले एक वर्ष में 15 हजार गांवों को बाल विवाह मुक्त घोषित करने के लिए हाथ मिलाया है। इस आशय के मंतव्य पत्र पर देर शाम हस्ताक्षर किए गये। इसके अंतर्गत अगले दो वर्ष में 73 जिलों के आकांक्षी प्रखंडों के गांवों के आर्थिक रूप से बेहद कमजोर परिवारों के बच्चों के लिए शोषण, उत्पीड़न, बाल मजदूरी या बाल विवाह दृष्टि से सुरक्षित बाल ग्राम के रूप में एक सुरक्षा घेरा विकसित किया जाएगा।

# प्रीमियम का दावा खोखला: निर्माण करने वाले मजदूरों को सुरक्षा तक नसीब नहीं

## अविनाश एलीगेंस में मजदूरों की मौत का असली जिम्मेदार कौन? अब तक नहीं हुई कोई ठोस कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

पायनियर लगातार

छत्तीसगढ़ देश का एकमात्र ऐसा राज्य है जहां पर मनमानी तरीके से नियमों को ताक पर रखकर कुछ बिल्डर काम करते हैं। प्रीमियम का खोखला दावा करके ग्राहकों से प्रापर्टी की मनमानी कीमत वसूली जाती है। बिल्डर गगनचुंबी इमारतों का निर्माण करके महानगरों की भांति रायपुर में भारी-भरकम कीमत तो वसूलते हैं, लेकिन निर्माण में लगे मजदूरों को सुरक्षा तक प्रदान नहीं कर पाते। मामला अविनाश एलीगेंस में बिल्डर की लापरवाही का है। जहां निर्माण कार्यो में लापरवाही के कारण दो मजदूरों की दर्दनांक मौत हो गई। यह वही मजदूर हैं जो आप और हमें छत प्रदान करते हैं, लेकिन बिल्डर की लापरवाही के कारण आज इन मजदूरों के परिवार के उपर से उनका कमाने वाला छत गायब हो गया है। उनकी मौत की सुध लेने वाला कोई नहीं है। शायद इसीलिए मामले में अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। आखिर इस लापरवाही का असली जिम्मेदार कौन है? प्रशासन कार्रवाई करने से क्यों बचते नजर आ रहा है। ऐसे तमाम सवाल राज्य के लाखों मजदूरों के जेहन में घूम रहे हैं।


4 रायपुर संभाग
ओडिशा के पूर्व मंत्री के बेटे सहित 12 बीजेडी कार्यकर्ताओं के...
6 अभिमत
भारत-अफगान वार्ता व्यावहारिक दृष्टिकोण
09 शिक्षा और स्वास्थ्य
दंत चिकित्सा पेशेवर के रूप में अपने ज्ञान एवं कौशल से...
पायनियर
www.dailypioneer.com
अविनाश ग्रुप के निर्माणाधीन बिल्डिंग में बड़ा हादसा
2 मजूदरों की मौत, 8 गंभीर घायल

### क्या है मामाला

राजधानी रायपुर में वीआईपी रोड के पास अविनाश बिल्डर द्वारा बनाए जा रहे गगनचुंबी इमारत अविनाश एलीगेंस में 11 जनवरी को भरभरा कर सेंटरिंग के साथ मलबा गिर गया था, जिसमें दो मजदूरों की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं कई मजदूर बुरी तरह से घायल हो गए थे। घटना इतनी भयावह भी कि जिला प्रशासन की उपस्थिति में वहां से मलबा हटाया गया। पुलिस और निगम के अधिकारियों के मौके पर पहुंचने के बाद हालातों पर काबू पाया गया। घायलों में एक मजदूर की स्थिति क्रिटिकल बताई गई थी, लेकिन सुबह होते ही मामले को रफा -दफा कर दिया गया। बताया जा रहा है कि अभी भी 4 मजदूर अस्पताल में भर्ती हैं।

### कार्रवाई के नाम पर खनापूर्ति

यह मामला और दिलचस्प तब हो गया जब बिल्डर के उपर कार्रवाई न करते हुए उनके कर्मचारियों को एफआईआर की मार झोलनी पड़ी। बिल्डिंग का निर्माण बिल्डर करें मुनाफा बिल्डर कमाये लापरवाही का दंश कर्मचारी झेले? यह अपने आप में एक अनोखा मामला है। इस मामले में भले ही लापरवाही बिल्डर की सामने आ रही है, लेकिन एफआईआर ठेकेदार निशांत साहू, प्रोजैक्ट मैनेजर अजय गौतम, इंजीनियर वेदप्रकाश साहू के खिलाफ दर्ज किया गया है। जिससे यह आकलन लगाया जा सकता है कि मजदूरों की मौत पर सिस्टम कितना गंभीर है। वहीं घटना के बारे में और जानकारी सामने न आये इसके लिए सुनियोजित तरीके से घायल मजदूरों को रायपुर से बाहर भेज दिया गया है। कुल मिलाकर मामले में कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है।



मामले में अपराध दर्ज किया गया है। ठेकेदार की कितनी जबावदेही है, उसको सुनिश्चित करने की जांच की जा रही है। प्राथमिक जांच में स्थिति स्पष्ट होने के बाद आगे की कार्रवाई विधिसम्मत की जाएगी।

**डॉ. लाल उमेद सिंह**
पुलिस अधीक्षक, रायपुर

## स्वामित्व योजना ग्रामीण भारत को सशक्त बनाने की प्रभावी पहल : सीएम साय

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने महासमुंद में आयोजित स्वामित्व कार्ड वितरण सामरोह को संबोधित करते हुए कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा और दूरदर्शी सोच के अनुरूप राज्य सरकार द्वारा स्वामित्व योजना को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए मजबूती से कदम उठाया गया है। स्वामित्व योजना ग्रामीण भारत को सशक्त



बनाने की प्रभावी पहल है। संपत्ति का अधिकार केवल भूमि और अन्य संसाधनों के कानूनी स्वामित्व तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि यह व्यक्तियों और समुदायों को आत्मनिर्भरता, स्थिरता और सम्मानित जीवन जीने का आधार प्रदान करता है। यह अधिकार विशेष रूप से हमारे समाज के कमजोर और वंचित वर्गों के लिए आर्थिक, सामाजिक और व्यक्तिगत स्वतंत्रता सुनिश्चित करता है, इसलिए भू-अभिलेखों को पारदर्शी और प्रभावी बनाना हमारी प्राथमिकता है।

## आरजी कर अस्पताल रेप हत्या काण्ड : संजय रॉय दोषी करार

पायनियर संवाददाता ◄ कोलकाता
www.dailypioneer.com

कोर्ट ने आरजी कर अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या के मामले में आरोपी संजय रॉय को दोषी करार दिया है। इस घटना के बाद देश भर के डॉक्टरों और अन्य लोगों ने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया था। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिरबन दास द्वारा मुकदमा शुरू होने के 57 दिन बाद फैसला सुनाया गया। बंद कमरे में सुनवाई 12 नवंबर को शुरू हुई थी। मामले में 50 गवाहों से पूछताछ की गई थी। सुनवाई 9 जनवरी को समाप्त हुई। आपको बता दे कि संजय रॉय मामले का मुख्य आरोपी है। वह एक सिविल वॉलंटियर था जो सिटी पुलिस के साथ मिलकर काम करता था। कोलकाता पुलिस ने उसे डॉक्टर का शव मिलने के एक दिन बाद 10 अगस्त को गिरफ्तार किया था। पीड़ित के शव के पास मिले ब्लूटूथ इयरफोन के आधार पर पुलिस ने संजय रॉय को गिरफ्तार किया था।

## महाकुंभ में शामिल होने के लिये प्रयागराज जायेंगे शाह

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के दौरान संगम में डुबकी लगाने के लिये प्रयागराज जा सकते हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शाह 28 या 29 जनवरी को प्रयागराज जा सकते हैं। सूत्र ने कहा, 'शाह का मानना है कि महाकुंभ हम सभी के जीवन में बड़े सौभाग्य से आया है। यह



ऐसा महाकुंभ है, जो 144 साल बाद आया है। इसलिये वह इसमें शामिल होना चाहते हैं। सूत्रों के मुताबिक शाह के प्रयागराज दौरे के लेकर तैयारियां चल रही है। उम्मीद है कि वह (शाह) 28 या 29 जनवरी को प्रयागराज जायेंगे।

## महाकुम्भ के जरिये यूपी की जीडीपी में एक फीसदी से ज्यादा वृद्धि का अनुमान

पायनियर संवाददाता ◄ महाकुम्भ नगर
www.dailypioneer.com



आर्थिक क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों का मानना है कि 45 दिन तक चलने वाले महाकुंभ के दौरान होने वाले कारोबार से न सिर्फ रोजगार और मुनाफे में बढ़ोत्तरी होगी बल्कि उत्तर प्रदेश की जीडीपी में एक प्रतिशत या उससे भी ज्यादा की वृद्धि हो सकती है। विशेषज्ञों का यह भी कहना है कि दुनिया भर से आ रहे श्रद्धालुओं द्वारा किए जा रहे खर्च से मांग बढ़ेगी, उत्पादन बढ़ेगा, रोजगार में वृद्धि होगी और छोटे से लेकर बड़े व्यापारियों की जेब में पैसा आएगा। यही नहीं, सरकार को भी इस आयोजन से बड़े पैमाने पर आय होगी, जिसका उपयोग प्रदेश के इंफ्रास्ट्रक्चर में होगा और जीएसटी कलेक्शन में भी भारी उछाल देखने को मिलेगा। देश के मशहूर सीए और अर्थशास्त्री पंकज गांधी जायसवाल के अनुसार, इस बार के महाकुम्भ के आंकड़े जो सरकार बता रही है उसके होने भर से ही नॉमिनल और रियल दोनों जीडीपी के आंकड़ों में एक प्रतिशत तक की वृद्धि हो सकती है। बतौर उत्तर प्रदेश सरकार देश विदेश से करीब 45 करोड़ लोग इस महाकुम्भ में आएंगे। वो काशी, अयोध्या, चित्रकूट समेत देश के कई हिस्सों में जाएंगे। यदि उनके घर से कुम्भ में आने से लेकर घर वापस आने तक का प्रति व्यक्ति औसत खर्च जोड़ लेंगे तो औसत करीब 10 हजार रुपए प्रति व्यक्ति हो सकता है। ऐसे में यदि 45 करोड़ में इस दस हजार प्रति व्यक्ति खर्च का गुणा करेंगे तो यह करीब साढ़े चार लाख करोड़ रुपए होता है। इसे हम दस फीसदी अनुमान रिस्क के नाम पर थोड़ा कम चार लाख करोड़ ही मान लेते हैं तो भी यह अर्थव्यवस्था में जान फूंकने के लिए कमाल का आंकड़ा है। कुम्भ का अर्थशास्त्र तिमाही के आंकड़ों को तो मजबूत करेगा ही, साथ ही देश के वार्षिक राष्ट्रीय जीडीपी को भी मजबूत करेगा और अर्थव्यवस्था को भी। जायसवाल के अनुसार, सरकार का इस महाकुम्भ में हुए निवेश से कई गुना रिटर्न आ जाएगा। डबल इंजन की सरकार महाकुम्भ के आयोजन पर मिलकर करीब सोलह हजार करोड़ रुपए का खर्च कर रही है। अगर इसी को आधार मान लें तो सरकार की ही आय कई गुना हो जाएगी। मसलन अगर चार लाख करोड़ पर औसत जीएसटी का संग्रह निकालें तो यह करीब 50 हजार करोड़ के आसपास होगा। इस खर्च पर जो लोगों को आय होगी उस पर आयकर तथा अन्य सुविधाओं के अप्रत्यक्ष कर जोड़ दें तो यह आंकड़ा एक लाख करोड़ तक पहुंच जाएगा, मतलब कई गुना आय तो सरकार को ही होगी। ये सारे विश्लेषण और आंकड़े बताते हैं की किताबी आंकड़े भले ही कुछ कहें, महाकुम्भ के बाद अगली तिमाही में अर्थ अमृत का प्रसाद मिलने वाला है। तिमाही आकड़े के साथ शेयर बाजार भी नृत्य करेगा।

## रक्षा मंत्री राजनाथ ने किया महाकुंभ में अमृत स्नान

पायनियर संवाददाता ◄ महाकुंभनगर
www.dailypioneer.com



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महासमागम महाकुंभ में शनिवार को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आस्था की डुबकी लगाई। रक्षा मंत्री ने कहा, मैं इसे अपना सौभाग्य मानता हूं कि आज तीर्थराज प्रयाग के संगम में मैंने स्नान किया। मैं स्वयं को बहुत ही कृतज्ञ महसूस कर रहा हूं। उन्होंने कहा यह भारतीयता और आध्यात्मिकता एवं सांस्कृतिक पर्व है। इसे किसी पंथ, समुदाय या धर्म के साथ जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए। भारत ही नहीं दुनिया के कोने कोने से लोग यहां आकर आस्था की डुबकी लगाते हैं। किसी को यदि भारत और भारतीयता को समझना है तो आकर इस महाकुंभ को देखे। स्नान करने के बाद उन्होंने मां गंगा का वैदिक रीति से मंत्रोच्चार के बीच मां गंगा की पूजा अर्चना किया। जब रक्षामंत्री संगम में आस्था की डुबकी ला रहे थे दूर खड़े श्रद्धालु जय श्री राम, हर हर महादेव का नारा लगा रहे थे। सिंह ने दूर खड़े लोगों को दोनो हाथ हिलाकर अभिवादन स्वीकार किया। स्नान करने के साथ उन्होंने संगम के जल का आचमन भी किया। सिंह ने अक्षय वट, पातालपुरी, सरस्वती कूप का दर्शन करने के बाद लेटे हनुमान जी की पूजा अर्चना किया। उसके बाद वह अखाड़ों के संतो से मुलाकात किया। सभी कार्यक्रमों के बाद वह एक विवाह समारोह में शिरकत करने जाएंगे। रक्षा मंत्री के आने से पहले आर्मी ने पूरे किला घाट को अपने कब्जे में ले लिया। घाट के किनारे से लेकर पानी के अंदर तक आर्मी के जवानों ने जांच की।

## 12 नहीं बल्कि 18 माओवादी मारे गए 50 लाख का इनामी नक्सली कमांडर भी हुआ ढेर

पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com



बीजापुर के पामेड़-बासागुड़ा-उसूर एरिया में 16 जनवरी को हुई मुठभेड़ पर नक्सलियों के दक्षिण बस्तर डिविजनल कमेटी ने प्रेस विज्ञप्ती जारी किया है। नक्सल संगठन के मुताबिक, इस मुठभेड़ में 12 नहीं ब्लकि 18 नक्सली मारे गए हैं। इसमें 50 लाख के इनामी नक्सली कमांडर भी मारा गया है। नक्सलियों की ओर से जारी प्रेस नोट में कहा गया है कि इस मुठभेड़ में मोस्ट वांटेड नक्सली कमांडर स्टेट कमेटी मेम्बर और तेलंगाना स्टेट कमेटी का चीफ दामोदर उर्फ चोखा राव भी मारा गया है। इस पर 50 लाख का इनाम घोषित था। इसके अलावा पीपीसीएम हूंगी, देवे, जोगा और नरसिंह राव भी मारे गए हैं।

## एम्स के बाहर नरक झेल रहे लोगों का हाल देखकर हूं हैरान : राहुल

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी अचानक अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के बाहर इलाज के इंतजार में भूखे प्यासे लोगों का हाल जानने पहुंचे और उनकी बदतर स्थिति को देखकर यह कहते हुए हैरानी जताई कि 21वीं सदी में लोग इस तरह से पशुओं की तरह लेटे हैं। गांधी ने कहा एम्स के बाहर नरक। देशभर से आए ग़रीब मरीज और उनके परिवार एम्स के बाहर ठंड, गंदगी और भूख के बीच सोने को मजबूर हैं। उनके पास न छत है, न खाना, न शौचालय और न पीने का पानी। उन्होंने केंद्र सरकार पर हमला किया और कहा बड़े-बड़े दावे करने वाली केंद्र और दिल्ली सरकार ने इस मानवीय संकट पर आंखें क्यों मूंद ली हैं। लोग 21वीं सदी में इस तरह से लेटे हुए हैं, तड़प रहे हैं। खाना पीना, सोना, एम्स की सड़क के किनारे टॉयलेट की जगह नहीं , पानी नहीं, एकदम मजाक बना रखा है। गांधी ने कहा ये हालात देखकर गुस्सा आता है। लोगों के लिए रहने की जगह नहीं, खाने की जगह नहीं, बहुत गंदगी है।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 65 लाख नए सम्पत्ति-कार्ड वितरित किए

## ग्राम स्वराज को जमीन पर उतारने में लगी है सरकार

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए 10 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों के 230 से अधिक जिलों के 50,000 से अधिक गांवों के संपत्ति मालिकों को स्वामित्व योजना के तहत 65 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित किए और कहा कि उनकी सरकार 'ग्राम स्वराज' की अवधारणा को जमीन पर उतारने में गंभीरता से लगी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह योजना देश में ग्रामीण क्षेत्र में ऐसी अचल सम्पत्तियों के दस्तावेजीकरण की चुनौतियों को पूरा कर रही है। मोदी ने कार्यक्रम में जुड़े देश भर के



लोगों को संबोधित करते हुए एक अनुमान का उल्लेख किया कि एक बार सभी गांवों में संपत्ति कार्ड जारी किए जाने के बाद, यह 100 लाख करोड़ रुपये से अधिक की आर्थिक गतिविधियों को खोल देगा। प्रधानमंत्री ने देश की अर्थव्यवस्था में जुड़ने वाली पर्याप्त पूंजी पर जोर दिया। मोदी ने कहा, हमारी सरकार ग्राम स्वराज को जमीन पर लागू करने के लिए गंभीरता से काम कर रही है, और इस बात पर प्रकाश डाला कि स्वामित्व योजना ने ग्राम विकास योजना और निष्पादन में काफी सुधार किया है। मोदी ने इस कार्यक्रम को भारत के गांवों और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए ऐतिहासिक बताया और इसके लाभार्थियों और नागरिकों को शुभकामनाएं दीं। यह योजना पांच साल पहले ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को उनकी संपत्ति कार्ड मिले, यह सुनिश्चित करने के लिए स्वामित्व योजना शुरू की गई थी। उन्होंने कहा, पिछले पांच वर्षों में 1.5 करोड़ से अधिक लोगों को स्वामित्व कार्ड जारी किए गए और आज के कार्यक्रम के साथ करीब 2.25 करोड़ लोगों को अब अपने घरों के लिए कानूनी दस्तावेज मिल चुके हैं। विभिन्न राज्य संपत्ति स्वामित्व प्रमाण पत्र को विभिन्न नामों से संदर्भित करते हैं, जैसे घरौनी, अधिकार अभिलेख, संपत्ति कार्ड, मालमत्ता पत्रक और आवासीय भूमि पट्टा हैं। स्वामित्व योजना के लाभार्थियों के साथ अपनी पिछली बातचीत का जिक्र करते हुए, जिन्होंने बताया कि कैसे इस योजना ने उनके जीवन को बदल दिया है। उन्होंने इस बात पर ध्यान दिलाया कि कानूनी दस्तावेज प्राप्त करने के बाद, लाखों लोगों ने अपनी संपत्ति के आधार पर बैंकों से ऋण लिया, अपने गांवों में छोटे व्यवसाय शुरू किए।

## शिवराज सिंह चौहान ने एमयूडीए घोटाले में ईडी का बचाव किया

एजेंसी ◄ बेंगलुरु
www.dailypioneer.com



केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण घोटाले के संबंध में प्रवर्तन निदेशालय की कुर्की का बचाव किया है। इस मामले में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया भी शामिल हैं। चौहान ने जोर देकर कहा, कोई भी कानून से ऊपर नहीं है। एजेंसियां स्वतंत्र रूप से काम करती हैं और वे अपना काम कर रही हैं। उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा भाजपा पर 'मुफ्त चीजें' बांटने की आलोचना का जवाब देते हुए जन कल्याण और वोट-प्रेरित प्रोत्साहन के बीच स्पष्ट अंतर बताया। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री ने गरीबों को मुफ्त राशन देने का फैसला किया क्योंकि यह जरूरी था। आप जनता की जरूरतों को मुफ्त की श्रेणी में नहीं रख सकते। केवल वोट पाने के लिए चीजें बांटना मुफ्त होता है। उन्होंने कल्याणकारी पहलों पर कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चार लाख से अधिक घर आवंटित किए गए हैं। इसके तहत इस वित्त वर्ष में कर्नाटक को लगभग 7.5 लाख घर आवंटित किए गए हैं। चौहान ने कर्नाटक के आरडीपीआर और कृषि मंत्रियों प्रियांक खरगे और कृष्ण बायरेगौड़ा के साथ अपनी बैठक के बाद उल्लेख किया कि राज्य ने किसानों के लिए मशीनीकरण योजनाओं के लिए अतिरिक्त धन का अनुरोध किया था।

## यूक्रेन संघर्ष में 12 भारतीयों की मौत, रूस ने 16 को लापता कहा : विदेश मंत्रालय

वार्ता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

विदेश मंत्रालय ने कहा कि यूक्रेन संघर्ष में अब तक रूसी सेना में कार्यरत 12 भारतीय नागरिकों की मौत हुई है, जबकि 16 को रूस ने लापता श्रेणी में वर्गीकृत किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने एक ब्रीफिंग में कहा कि संघर्ष में मारे गए केरल के एक भारतीय नागरिक बिनिल बाबू का शव भारत लाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मॉस्को में भारतीय दूतावास घायल हुए केरल के एक अन्य व्यक्ति के रिश्तेदारों के संपर्क में है और उसे छुट्टी देकर भारत वापस भेज दिया जाएगा। जयसवाल ने कहा कि आज तक, रूसी सेना में सेवारत भारतीय नागरिकों के 126 ज्ञात मामले सामने आए हैं। इनमें से 96 को रूसी सेना ने छुट्टी दे दी है और वे भारत लौट आए हैं, जबकि 12 भारतीयों की इस संघर्ष में मौत हो गई है। उन्होंने कहा कि वहां अब भी 18 भारतीय नागरिक हैं, जिनमें से 16 को रूसी सेना ने लापता की श्रेणी में रखा है। उन्होंने कहा कि भारत रूसी सेना के साथ काम कर रहे भारतीयों की जल्द रिहाई और स्वदेश वापसी के लिए रूस के साथ लगातार संपर्क में है। उल्लेखनीय है कि 14 जनवरी को, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा था कि भारत ने केरल के एक भारतीय नागरिक की मौत के मुद्दे को रूस के साथ दृढ़ता से उठाया है और रूस में काम करने वाले सभी शेष भारतीय नागरिकों की शीघ्र रिहाई की मांग को दोहराया है।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वामित्व योजना अंतर्गत भूमि पट्टा का किया वितरण

## जिला स्तरीय कार्यक्रम में जनप्रतिधि एवं हितग्राहीगण हुए शामिल

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com





प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली से स्वामित्व योजना अंतर्गत देशभर के 50 हजार से अधिक गांव में 65 लाख भूमि पट्टा का वितरण कर हितग्राहियों से संवाद किया। वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के जनप्रतिनिधि एवं हितग्राहीगण भी ऑनलाईन कार्यक्रम में शामिल हुए। यह कार्यक्रम कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले के 27 लोगों को भूमि अधिकार अभिलेख का वितरण किया गया। सभाकक्ष में जनपद पंचायत गरियाबंद अध्यक्ष लालिमा ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर राकेश गोलछा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों ने भूमि पट्टा का वितरण किया। स्वामित्व योजना अंतर्गत गांवों का ड्रोन सर्वे एवं नवीन तकनीक से मैपिंग कर अधिकार अभिलेख तैयार किया गया है। इससे लोगों को अपनी भूमि का मालिकाना हक मिल गया है। अधिकार अभिलेख शासकीय योजनाओं के लाभ एवं बैंकों से ऋण प्राप्त करने में सहायक होगा। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने स्वच्छता एवं नशामुक्त भारत अभियान में अपने भागीदारी सुनिश्चित करने शपथ भी लिया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य फ़्रितुराम कंवर, जनपद उपाध्यक्ष प्रवीण यादव, डिप्टी कलेक्टर सुअंजली खलखो, जनपद सीईओ अमजद जाफरी, तहसीलदार मयंक अग्रवाल, नायब तहसीलदार डोनेश साहू, सुअवंतिका गुप्ता, परियोजना अधिकारी लाईवलीहुड कॉलेज सृष्टि मिश्रा सहित हितग्राहीगण मौजूद रहे। वर्चुअल कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्वामित्व योजना का शुभारंभ 24 अप्रैल 2020 को किया गया था। इसके तहत गांवों का ड्रोन सर्वे कर सटिक मानचित्र बनाकर भू-रिकार्ड को डिजिटली रूप में संधारित किया गया जा रहा है। यह योजना हर नागरिक को प्रोत्साहित करने एवं उनके भूमि का दस्तावेज के रूप में मालिकाना हक दिलाने के लिए संचालित किया जा रहा है। भूमि का पट्टा मिलने से हितग्राहियों के आत्मविश्वास में वृद्धि हुई है। साथ ही आत्मनिर्भरता, महिला सशक्तिकरण, रोजगार एवं अन्य योजनाओं के पात्रता में भी कारगर साबित हुई है। यह देश के उत्कृष्ट योजनाओं में शामिल है। स्वामित्व योजना किसान परिवारों के लिए आर्थिक विकास एवं भूमि की सुरक्षा की गारंटी बन चुकी है।

# रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अमित जायसवाल छत्तीसगढ़ रत्न से सम्मानित

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com



बिलासपुर में आयोजित भव्य व्यापार एवं उद्योग मेला 2025, जो अपने विशाल ट्रेड फेयर और नवाचारों के लिए प्रसिद्ध है। इस बार एक विशेष आयोजन का गवाह बना। इस मेले में एक लाख से अधिक लोगों ने भाग लिया, जहां विभिन्न व्यापारिक, औद्योगिक और सामाजिक क्षेत्रों से जुड़े दिग्गजों का सम्मान किया गया। मेले के मुख्य आकर्षणों में से एक रहा रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3261 जो पूरा छत्तीसगढ़, वेस्टर्न पार्ट ऑफ़ उड़ीसा व महाकौशल पार्ट ऑफ़ मध्यप्रदेश 2025-26 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन अमित जायसवाल का सम्मान। रोटरी के माध्यम से समाज सेवा और उत्कर्ष कार्यों में उनके योगदान को मान्यता देते हुए उन्हें छत्तीसगढ़ रत्न से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें न केवल उनके नेतृत्व कौशल बल्कि उनके द्वारा संचालित विभिन्न समाजसेवी परियोजनाओं, जैसे कि स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण और स्वच्छता के क्षेत्रों में उनके प्रभावशाली कार्यों के लिए प्रदान किया गया। इस अवसर पर अमित जायसवाल ने कहा यह सम्मान मेरे लिए नहीं, बल्कि उन सभी रोटेरियन और समाज के लोगों के लिए है, जिन्होंने मेरी इस यात्रा में सहयोग दिया। यह सम्मान मुझे और अधिक प्रेरित करता है कि मैं समाज के लिए और बेहतर काम कर सकूं। उन्होंने आगे कहा ये सम्मान नहीं अपितु प्रेरणा है, ज़िम्मेदारी है। आगे और अच्छे सेवा कार्य करने के लिए। उन्होंने आयोजन को मध्य भारत का सर्वश्रेष्ठ आयोजन कहा तथा आयोजकों के प्लानिंग एक्सक्यूशन व मैनेजमेंट की भूरी भूरी प्रशंसा की। कार्यक्रम में कई प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों, सामाजिक संगठनों और उद्योग जगत की हस्तियों ने शिरकत की। आयोजन के दौरान रोटरी के द्वारा किए गए कार्यों की, उनकी उपलब्धियों की जानकारी दी गई। विभिन्न परियोजनाओं की झलक प्रस्तुत की गई। यह मेला न केवल व्यापारिक और औद्योगिक गतिविधियों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बना, बल्कि समाजसेवा और सामूहिक प्रयासों को भी नई दिशा देने का सशक्त माध्यम साबित हुआ। इस आयोजन की अध्यक्षता किरनपाल सिंह चावला ने की व उनके सभी सहयोगियों ने उनका भरपूर साथ निभाया।

# तहसील पटवारी संघ की अध्यक्ष दमयंती व उपाध्यक्ष तनुजा साव का मनोनयन

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com



राजस्व पटवारी संघ के तहसील अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों के निर्वाचन हेतु एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से दमयंती नायक को अध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया गया। साथ ही अन्य पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों का भी मनोनयन किया गया है। तहसील सरायपाली में पहली बार अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारियों के रूप में महिला शक्ति को प्राथमिकता दी गई है, जिसे सभी तहसील सदस्यों सहित जिला पर्यवेक्षकों द्वारा स्वीकार किया गया एवं इसकी सराहना की गई। बैठक में लिए गए निर्णयानुसार उपाध्यक्ष तनूजा साव व उमित पटेल, सचिव सुषमा साहू, सह सचिव देवमोती सिदार, कोषाध्यक्ष विनिका चन्द्राकर, विधिक सलाहकार ललिता बरिहा व दिनेश मिश्रा, मीडिया प्रभारी त्रिवेणी पटेल व मनोरमा दीवान, संरक्षक नारायण बारिक, हेमंत त्रिवेदी, सोमनाथा भोई व गजेन्द्र नायक, प्रवक्ता दूधनाथ साहू व दीनबंधु सिदार, कार्यकारिणी सदस्यों में जितेन्द्र बाघ, रक्षपाल बरिहा, रवि बेहेरा, मुकेश ठोसर, अनिल भोई, दीपक विश्वकर्मा, देवनाथ भोई, मजेश भोई, ऋषि पटेल, शैलेष अग्रवाल, राजेश देवांगन, बलराम दीवान का मनोनयन किया गया है। जिला राजस्व पटवारी संघ के द्वारा सभी नए पदाधिकारियों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई है।

# हर जीवन अनमोल इसे सुरक्षित रखना हम सब की जिम्मेदारी : सम्पत

## सीतारमन इंस्टिट्यूट बसना द्वारा सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन

पायनियर संवाददाता < बसना
www.dailypioneer.com




वाहन चलाने में निपुणता की कमी, सजगता का अभाव, नशा पान कर वाहन चलाने, वाहन चलाने अपने गंतव्य तक पहुंचने में जल्दबाजी करने, सड़क सुरक्षा नियमों के पालन नहीं करने के कारण देश में लाखों जिंदगियां दुर्घटना का शिकार होकर अकाल मौत के गाल में समा जाती है। मनुष्य का हर जीवन अनमोल है और इसे सुरक्षित रखना हम सब की जिम्मेदारी है। यह विचार बसना विधायक डॉक्टर संपत अग्रवाल ने सीतारमन इंस्टिट्यूट बसना द्वारा सड़क सुरक्षा सप्ताह को लेकर विधायक कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम को मुख्य अतिथि की आसंदी से संबोधित करते हुए कही । डॉ . संपत अग्रवाल ने आगे कहा कि रोज-रोज हो रही सड़क दुर्घटना के समाचार से मन में हमेशा एक भय का वातावरण पैदा हो जाता है । तेज रफ्तार अंधाधुंध वाहन चलाने, नशा पान कर वाहन चलाने, नींद पूरे नहीं होने के कारण झपकी आने से हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है साथ ही साथ बाइक चलाते समय हेलमेट नहीं लगाने, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट नहीं लगाने से लाखों लोग सड़क दुर्घटना में अपनी जान गवा देते हैं। या गंभीर रूप से घायल होकर जिंदगी भर दुर्घटना का दंश झेलते रहते हैं। लोगों के लाखों रुपया अस्पताल में खर्च हो जाता है । हम अपनी सूझबूझ वाहन चलाने की कुशलता मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट पहनन कर सवारी करते समय सीट बेल्ट लगाने सड़क सुरक्षा हेतु शासन द्वारा तैयार किए गए दिशा निर्देश मापदंड का पालन करने से लाखों लोगों की जिंदगी बच सकती है । लोगों के लाखों रुपया भी बच सकता है । इसलिए हमेशा शासन द्वारा तैयार किए गए सड़क सुरक्षा के नियमों का हमें कड़ाई से पालन करना चाहिए। हर मनुष्य का जीवन अनमोल है इसे बचाना हम सब की जिम्मेदारी बनती है। सीतारमण इंस्टिट्यूट बसना के निदेशक किरण दास और एनएफएसई नई दिल्ली के उत्तर क्षेत्रीय समन्वयक इंजीनियर सूरज दास ने आगे कहा कि भारत में हर वर्ष 11 जनवरी से 17 जनवरी तक सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया जाता है। सड़क सुरक्षा सप्ताह का मुख्य उद्देश्य यातायात नियमों के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाने, सुरक्षित ड्राइविंग आदतों को बढ़ावा देने और सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए मनाया जाता है। यह लोगों को सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने के लिए प्रोत्साहित करता है, जैसे कि हेलमेट पहनना, सीट बेल्ट लगाना और सुरक्षित सड़कों के लिए गति सीमा का पालन करना। इस वर्ष 2025 के सड़क सुरक्षा सप्ताह का विषय सुरक्षित सड़कें, सुरक्षित भविष्य है। यह विषय सड़क सुरक्षा प्रथाओं को बढ़ावा देने और लोगों को सुरक्षित सड़कें और सभी के लिए सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार व्यवहार अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने पर केंद्रित है। सुरक्षा सप्ताह लोगों को सड़क सुरक्षा के महत्व और सड़क पर सुरक्षित रहने के तरीके के बारे में जागरूक करने का एक अवसर प्रदान करता है। बसना विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने आगे कहा कि सड़क सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम के तहत सरकार, व्यवसायीय, गैर-सरकारी संगठनों और व्यक्तियों के द्वारा सड़क सुरक्षा के लिए काम करते हैं। संस्था के डायरेक्टर किरण दास और समन्वयक इंजीनियर सूरज दास ने बताया कि सीतारमण इंस्टीट्यूट के द्वारा सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान पोस्टर, बैनर, लघु फिल्में और अन्य सामग्री का उपयोग का उपयोग करके सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता फैलाई जा रही है । इस अवसर पर नीलांचल सेवा समिति के सदस्य गण, भाजपा कार्यकर्ता, इंस्टीट्यूट के गोमिता छत्रे , पूनम नेताम ,नंदिनी ओगरे , अंजलि ओगरे ज्योति मिरी , शांति वर्गे, हेमलता चौहान , वेदना यादव शाहिद बड़ी तादाद में इंस्टिट्यूट के विद्यार्थी उपस्थित थे ।

# बैटरी, केबल चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com



गोपाल लहरे 16 जनवरी को रात्रि लगभग 9 बजे अपनी ट्रक क्र. सीजी 08 एल 2891 को आजाद टायर सिहावा रोड़ के पास खड़ा कर अपने घर चला गया था। 17 जनवरी के सुबह जब अपने ट्रक के पास जा रहा था तो देखा प्रार्थी के ट्रक के पास से दो लड़के आकाश मसीह एवं शालोम उर्फ अविनाश मसीह अपनी पीले रंग की स्कुटी से जाते दिखे जो अपने साथ एक बैटरी और वायर रखे हुए थे। ट्रक के पास जाकर देखा तो प्रार्थी के उक्त ट्रक की बैटरी KALCHURI TA 800क्र बैटरी नंबर KTF2R 800184 एवं बैटरी का वापस कीमत लगभग 15,000 रू0 नहीं था जिसे आकाश मसीह एवं शालोम उर्फ अविनाश मसीह चोरी कर ले गये है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर तत्काल कोतवाली में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना कोतवाली द्वारा विवेचना के दौरान घटना स्थल का निरीक्षण एवं प्रार्थी गवाहों का कथन लिया गया जिसके आधार पर आरोपीगण आकाश मसीह एवं शालोम उर्फ अविनाश मसीह को कोतवाली पुलिस द्वारा हिरासत में लेकर कड़ाई से पुछताछ कर मेमोरेण्डम कथन लिया गया जो अपना जुर्म स्वीकार करते हुए चोरी गये बैटरी व वायर को अपनी स्कुटी क्रमांक 0 सीजी 05 एएल 7277 में रखना व स्कुटी को आमातालाब रोड़ के पास रखना बताते हुए बरामद कराने पर गवाहों के समक्ष आरोपियो के कब्जे से जप्त किया गया। आरोपीगण का कृत्य उक्त अपराध का घटित करना पाये जाने से थाना सिटी कोतवाली धमतरी में धारा 303-2, 3-5 भा.न्या.सं. के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपीगण को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही में थाना सिटी कोतवाली से प्रआर सौरभ पटेल, आर मुकेश सिन्हा, डायमंड यादव का विशेष योगदान रहा।

# स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालयों में रिक्त 88 पदों पर होगी संविदा भर्ती

## 28 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित




पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जिले में संचालित 16 स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के रिक्त 88 पदों पर भर्ती की जाएगी। कलेक्टर दीपक सोनी ने शुक्रवार को जिला शिक्षा अधिकारी एवं सम्बंधित स्कूलों के प्रचार्यो की बैठक लेकर पारदर्शी तरीके से भर्ती प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पूरी तरह से मेरिट के आधार पर चयन सूची तैयार करने तथा अभ्यर्थी की प्राथमिकता के अनुसार पदस्थापना करने के भी निर्देश दिए।बताया गया कि 16 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में रिक्त व्याख्याता, शिक्षक, कम्प्यूटर शिक्षक,व्यायाम शिक्षक, प्रधान पाठक, सहायक शिक्षक, सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला, ग्रन्थपाल आदि पदों पर भर्ती हेतु 17 जनवरी से 28 फरवरी 2025 तक पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया गया हैं। संविदा भर्ती के सम्बन्ध में अधिक जानकारी के लिए जिले की वेबसाईट balod-abazar. gov.in का अवलोकन कर सकते हैं।

# बिजली बिल बकाया राशि की वसूली तेज, नहीं पटाने पर कनेक्शन काटे

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com



विद्युत संभाग अंतर्गत उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार विद्युत उपभोक्ताओं के बकाया राशि के विरूद्ध लाईन काटने का अभियान जारी है। बिजली बिल हाफ योजना के बावजूद उपभोक्ताओं द्वारा बिजली बिल का भुगतान नहीं किया जा रहा है जिससे एरियर्स राशि (बकाया राशि) में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। बिजली विभाग के आला अधिकारियों से निर्देश मिलने के बाद, एई, जेई और फील्ड स्टॉफ अब कनेक्शन काटने और वसूली की कार्यवाही में लगातार जुट गये हैं। सरायपाली विद्युत संभाग के अंतर्गत सरायपाली (शहर), सरायपाली (ग्रामीण), बलौदा, छुईपाली, पाटसेन्द्री, भंवरपुर, सागरपाली, पथरला, बसना (ग्रामीण) और गढ़फुलझर वितरण केन्द्रों सहित विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में 10 हजार रूपये से अधिक के 99 नम्बर बकायादारों जिनका कुल बकाया राशि लगभग 34 लाख 79 हजार था, के कनेक्शन काटे गये हैं। कनेक्शन काटने हेतु जाने पर 106 उपभोक्ताओं द्वारा तुरंत 6 लाख 10 हजार रूपये का विद्युत बिल का पूर्णतः अथवा आंशिक भुगतान भी कर दिया गया । कार्यपालन अभियंता टी. के. पटेल के बताये अनुसार उपरोक्त कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने यह भी कहा है कि उपभोक्ताओं द्वारा बिजली बिल का भुगतान न करने पर वे स्वयं का ही नुकसान कर रहे हैं तथा शासन द्वारा जारी 'हाफ बिजली बिल योजना' का लाभ से भी वंचित हो रहे हैं और सरचार्ज की राशि तथा बकाया राशि में बढ़ोत्तरी हो रही है। बिजली बिल हाफ योजना का फायदा न लेकर वे अपने विद्युत खर्च की राशि को दोगुना ही कर रहे हैं। विद्युत बिलों की यह बकाया राशि उपभोक्ताओं को आज नहीं तो कल भुगतान करना ही पड़ेगा। उपभोक्ताओं द्वारा बिजली बिल भुगतान न करने की स्थिति में उनसे बकाया वसूली अधिनियम के आधार पर राशि की वसूली की जावेगी। बकाया वसूली अधिनियम के अंतर्गत संबंधित परिसर की बकाया राशि की वसूली राजस्व अधिकारियों द्वारा संबंधित जमीन की कुर्की/ नीलामी कर की जाती है। उन्होंने उपभोक्ताओं से उक्त सभी कार्यवाही से बचने हेतु शीघ्र बिजली बिल भुगतान करने की अपील की है।

# साय सरकार से आम जनता नाखुश

## एकता के साथ चुनाव लड़कर हासिल करेंगे जीत-राजेन्द्र

## आमदी में निकाय चुनाव के लिए पर्यवेक्षक ने ली बैठक

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com



आमदी नगर पंचायत प्रभारी राजेंद्र सोनी ने कार्यकताओं की बैठक लेकर चुनावी तैयारी में जुटने का आह्वान किया। विधायक ओंकार साहू के गृहनगर में जीतने के लिए विशेष रणनीति बनाई गई। बैठक में विधायक भी मौजूद थे। विदित हो कि आमदी नगर पंचायत का पर्यवेक्षक कांग्रेस ने नगरी के युवा नेता, पूर्व ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजेन्द्र सोनी को बनाया है। उन्होने प्रत्याशी चयन के लिये बैठक लेने के साथ ही कमान अपने हाथों में ले ली है। श्री सोनी ने शुक्रवार को विधायक के साथ आमदी में कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर चुनावी रणनीति पर चर्चा की। चुनावी वैतरणी पार लगाने के लिए सबसे अहम जीतने योग्य प्रत्याशी का चयन करना है। इसलिए बैठक में निर्णय लिया गया कि राजेन्द्र सोनी के नेतृत्व में पांच पर्यवेक्षक अध्यक्ष प्रत्याशी के चयन के लिए बनाया जाएगा। पर्यवेक्षको के द्वारा दावेदारों से आवेदन लेकर ब्लाक कांग्रेस कमेटी में जमा किया जाएगा। यहां से पैनल बनाकर आवेदन जिला कांग्रेस कमेटी को सौंपा जाएगा। विधायक, पर्यवेक्षक के साथ ही वरिष्ठ नेताओं से रायशुमारी के बाद प्रत्याशी के नाम की घोषणा होगी। इसी तरह वार्डो में बैठक लेकर दावेदारों से नाम लेने प्रत्येक वार्ड के लिए तीन पर्यवेक्षक बनाए गए है। बैठक में विधायक ओंकार साहू ने कहा कि विधानसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं की मेहनत के चलते ही विपरीत परिस्थिति में भी जीत दर्ज किया था। एक बार फिर कार्यकर्ता ही जीत के सूत्रधार बनेंगे। एकता के साथ चुनाव लड़ते हुए नगर पंचायत में इस बार कांग्रेस का अध्यक्ष बैठाया जाएगा ताकि विकास को गति दी जा सके। भाजपा शासन में विकास कम और जुमलेबाजी ज्यादा होती है। प्रदेश की भाजपा सरकार से आम जनता नाखुश है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को घर घर जाकर सिर्फ साय सरकार की नाकामी को बताना है।

# प्रदेश अध्यक्ष को सर्वश्रेष्ठ संगठनात्मक नेतृत्व की शुभकामनाएं देने समर्थकों के साथ पहुंचे महापौर के दावेदार युवा नेता हेमराज सोनी

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com







धमतरी नगरीय निकाय चुनाव हेतु आरक्षण के पश्चात दावेदारों के मेल मुलाकात का दौर जारी हो चुका है। विगत दिवस भाजपा के प्रदेश कार्यालय में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का निर्वाचन संपन्न हुआ जहां पर धमतरी के युवा नेता हेमराज सोनी अपने समर्थकों के साथ नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह को बधाई देने पहुंचे। साथ ही धमतरी नगर के विकास के लिए नगर निगम के महापौर की दावेदारी के लिए भाजपा के वरिष्ठ नेताओं प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, मंत्री केदार कश्यप, पूर्व पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सोनी, सांसद राजनांदगांव संतोष पाण्डेय, प्रदेश भाजप महामंत्री संजय श्रीवास्तव, पुर्व वनमंत्री महेश गागडा, पूर्व सांसद राजनांदगांव अभिषेक सिंह एवं विधायक अनुज शर्मा से मुलाकात कर अपनी दावेदारी मजबूती के साथ रखा। हेमराज सोनी के साथ उनके समर्थक दीपक सिंह ठाकुर, सत्तू वर्मा, सुनील साहू, अमित अग्रवाल, नरेंद्र जायसवाल, प्रवीण साहू, सुभाष शर्मा, नादु त्रिपाठी, खिलेश साहू, ज्ञानेंद्र शर्मा, दर्शन जैन सम्मिलित हुए। हेमराज सोनी ने चर्चा में कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित किरण देव का एक लंबा अनुभव संगठन में और जनप्रतिनिधि के रूप में काम करने का रहा है। देव एक कुशल संगठनकर्ता हैं और उनके नेतृत्व में हम लोगों ने लोकसभा चुनाव भी शानदार तरीके से जीता है। रायपुर दक्षिण विधानसभा का उपचुनाव भी ऐतिहासिक मतों से जीते हैं। यह जो संगठन पर्व मना रहे हैं, सदस्यता अभियान में भी छत्तीसगढ़ प्रदेश ने रिकॉर्ड कायम किया है। इसकी तारीफ केंद्र में भी हुई है। इन सबका श्रेय प्रदेश अध्यक्ष किरण देव के नेतृत्व को जाता है। उनकी नेतृत्व क्षमता के कारण पूरे छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी मजबूत है। सोनी ने विश्वास व्यक्त किया कि देव पार्टी को और मजबूत करेंगे और जहां भारतीय जनता पार्टी झंडा फ्हराना बच गया है, वहां भी झंडा फ्हराकर आने वाले वर्षों में उनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ को भाजपा का अभेद्य गढ़ बनाना हैं। सोनी ने कहा कि संगठन महापर्व में जो लक्ष्य केंद्रीय नेतृत्व द्वारा सदस्यता अभियान के लिए दिया गया, उसे पूरा करते हुए 60 लाख सदस्य बनाने का काम भाजपा संगठन ने किया। सभी कार्यकर्ताओं ने मेहनत और कठोर परिश्रम करके लक्ष्य का पूरा किया। पिछले समय हमारे 30 हजार सक्रिय सदस्य थे, जिसे बढ़ाकर हमने 71 हजार सक्रिय सदस्य बनाए हैं। हेमराज सोनी ने कहा कि आगमी निकाय चुनाव में भी किरण देव के नेतृत्व में हम भाजपा का परचम लहराएंगे। आज हम सभी नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष को बधाई देने यहां पहुंचे हैं। साथ ही धमतरी नगर निगम के महापौर के दावेदारी हेतु भी मैने अपने समर्थकों के साथ वरिष्ठों के साथ मुलाकात किया है। निश्चित ही अगर पार्टी मुझे मौका देती है तो मैं जनसेवा की भावना को लेकर दृढ़ता के साथ कार्य करूंगा।

# दो दिवसीय करियर गाइडेंस, उद्यमिता विकास और संविधान जानो कार्यक्रम सेक्टर-6 में शुरू

## कामयाबी आपका जन्मसिद्ध अधिकार, इसे कोई रोक नहीं सकता : डांगी

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com



दो दिवसीय करियर गाइडेंस, उद्यमिता विकास और संविधान जानों कार्यक्रम की शुरूआत शनिवार को डॉ अंबेडकर भवन (पुराना बीएसपी स्कूल), रेलवे अंडरब्रिज के सामने, सेक्टर 6 भिलाई नगर में हुई। डॉ अंबेडकर एक्जीक्यूटिव फ्रेटरनिटी भिलाई, सोशल जस्टिस एंड लीगल फाउंडेशन छत्तीसगढ़, एनस्टेप छत्तीसगढ़ और मूलनिवासी कला साहित्य और फिल्म फेस्टिवल भिलाई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में उच्चतर स्कूली कक्षाओं के विद्यार्थी सहित नौजवान बड़ी संख्या में शामिल हुए। सुबह उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए पुणे से आए उद्योगपति भगवान गवई ने कहा कि संघर्षों की बदौलत हमारी पीढ़ी ने एक रास्ता बनाया है, यह सबकुछ डॉ. अम्बेडकर की वजह से संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि अब हमारी पीढ़ी का फर्ज बनता है कि हम नई पीढ़ी को आगे की राह दिखाए। वहीं डॉ रतन लाल डांगी (आईपीएस) महानिदेशक छत्तीसगढ़ पुलिस अकादमी, रायपुर ने नई पीढ़ी का मार्गदर्शन करते हुए बुद्ध के कथन को उल्लेखित कर कहा कि 'हम वही बन जाते हैं, जो हम सोचते हैं।' इसलिए हमेशा सकारात्मक सोचिए और धैर्य के साथ मेहनत कीजिए। उन्होंने कहा कि कामयाबी आपका जन्मसिद्ध अधिकार है और आपको मिलेगी ही, इसे कोई रोक नहीं सकता। उद्घाटन सत्र को दिलीप वासनीकर (आईएएस) कमिश्नर डिपार्टमेंटल इंक्वायरी छत्तीसगढ़ रायपुर, अनुराग मेश्राम (आईआरएस) मुख्य कार्मिक अधिकारी, सेंट्रल रेलवे मुंबई, और एस एल मात्रे-पूर्व जज, राज्य औद्योगिक न्यायालय, रायपुर ने भी संबोधित किया। इस सत्र की अध्यक्षता एल उमाकांत, प्रथम सीजीएम-एससी एसटी वर्ग भिलाई स्टील प्लांट और अध्यक्ष -मूलनिवासी कला साहित्य और फिल्म फेस्टिवल भिलाई ने की। आयोजन में सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन विनिता दुर्गम और जितेंद्र सिंगरौल ने किया तथा अंत में आभार प्रदर्शन एसपी निगम ने किया। उद्घाटन सत्र में हर्ष मेश्राम ईडी छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी, आशा ताई, संजीव सुखदेवे पूर्व संयुक्त संचालक उद्योग विभाग रायपुर, प्रभाकर खोब्रागड़े महाप्रबंधक सेल-बीएसपी, अश्वनी बंजारा संयुक्त संचालक कृषि, विश्वास मेश्राम पूर्व अपर कलेक्टर छत्तीसगढ़ शासन, देवलाल भारती, बीपी नोन्हारे, बी. बाला, पंकज मेश्राम, रतन गोंडाने सहित अनेक लोगों ने अपनी भागीदारी दी।

**डांगी की किताब का हुआ विमोचन-** आयोजन में डॉ रतन लाल डांगी (आईपीएस) महानिदेशक छत्तीसगढ़ पुलिस अकादमी, रायपुर की लिखी तीन किताबों का विमोचन भी हुआ। इन किताबों में 'कामयाबी के सूत्र भगवान बुद्ध के जीवन से', 'महान मानवतावादी एवं सामाजिक क्रांति के वाहक बाबा गुरु घासीदास' और 'आधुनिक भारत के शिल्पी बाबा साहेब अम्बेडकर' शामिल हैं।

# रिसाली निगम को बीएसपी से मिला 151 एकड़ जमीन

## दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर की पहल

पायनियर संवाददाता ◄ रिसाली
www.dailypioneer.com



उपाध्यक्ष राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा क्षेत्र विकास प्राधिकरण एवं विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर की विशेष पहल पर नगर पालिक निगम रिसाली को 151 एकड़ जमीन मिली है। कई दौर हुई बैठक के बाद गुरूवार को जमीन हस्तांतरण बैठक में विराम लगा। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी और संयंत्र प्रबंधन की ओर से मुख्य प्रबंधक उत्पल्ल दत्त ने ओ.एम.यू. मे हस्ताक्षर किए। खास बात यह है कि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर एक वर्ष से लगातार जमीन हस्तांतरण के लिए प्रयास कर रहे थे। कलेक्टर की मध्यस्थता में बैठक भी हुई। परिणाम स्वरूप गुरूवार को कलेक्टोरेट में सुबह 11 बजे ओ.एम.यू. हस्ताक्षर के बाद प्रतिया प्रशासन और प्रबंधन ने एक दूसरे को दी। इस अवसर पर नगर पालिक निगम रिसाली की आयुक्त मोनिका वर्मा समेत भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन पवन कुमार, सजीव, सुरजीत मलिक व डी.जी.एम. आर. के. गर्ग विशेष रूप से उपस्थित थे। जाने कहा कितनी जमीन स्टेशन मरोदा - 25.68 एकड़ मौहारी बगीचा - 12.09 एकड़ नेवई पुराना - 21.56 एकड़ नेवई भाठा - 7.03 एकड़एच.एस.सी.एल. कालोनी - 85.13 एकड़ सरकारी योजनाओं का मिलेगा लाभ- जमीन हस्तांतरण संबंधी हुए एम.आर.यू. वाले जमीन पर बसाहट है। वर्षो से बी.एस.पी. के इस जमीन पर लोग आवास बनाकर निवासरत है। जमीन का मालिकाना हक नहीं होने की वजह से यहां निवासरत लोगों को आवास जैसी अन्य सुविधाएं नहीं मिल रही थी। वही दूसरी ओर इन क्षेत्रों में विकास कार्य करने नगर पालिक निगम को भिलाई इस्पात संयंत्र पर निर्भर रहना पड़ता था। सांसद ने सदन में उठाए थे सवाल-भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा जमीन हस्तांतरण प्रक्रिया विलंब करने पर दुर्ग सांसद विजय बघेल ने लोकसभा सत्र के प्रश्नकाल में रिसाली निगम के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया था। सांसद के प्रश्नकाल के बाद ही बी.एस.पी. प्रबंधन हरकत में आई। सांसद ने सेल से रिसाली निगम क्षेत्र में आने वाले रिक्त भूमि को भी हस्तांतरित करने की मांग की है। रिक्त भूमि मिलने से रिसाली निगम के पास अपना कार्यालय, ऑडिटोरियम, नालंदा परिसर, अस्पताल, कॉलेज होगा। पूर्व में संयंत्र ने दिया था 290 एकड़ जनवरी 2022 में 32 वर्ष पुराने ओ.एम.यू. के आधार पर 290 एकड़ जमीन भिलाई एवं रिसाली निगम को संयुक्त रूप से दिया था।

# रिसाली में वाटर सप्लाई प्रोजेक्ट सर्वे करने बनेगी 5 विभाग की टीम, कलेक्टर पहुंची मरोदा डेम

पायनियर संवाददाता ◄ रिसाली
www.dailypioneer.com



रिसाली के नागरिकों को पेयजल उपलब्ध कराने बनी योजना का अब सर्वे होगा। सर्वे करने 5 विभाग के अधिकारियों की टीम बनेगी। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने टीम तीन दिवस के भीतर बनाने निर्देश दिए है। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी सीधे मरोदा डेम पहुंची। उन्होंने मरोदा डेम के ओवरफ्लो लाइन पर हुए अतिक्रमण समेत रिसाली के नागरिकों को पेयजल उपलब्ध कराने बनी योजना की जानकारी ली। उन्होंने संयंत्र के मरोदा डेम का निरीक्षण करते निर्देश दी है कि भिलाई इस्पात संयंत्र के, रिसाली निगम के कार्यपालन अभियंता, सिचाई विभाग व पी.एच.ई. विभाग के अधिकारी संयुक्त रूप से सर्वे करे। कलेक्टर के भ्रमण कार्यक्रम में कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे, प्रभारी सहायक अभियंता अखिलेश गुप्ता, प्रभारी उप अभियंता गोपाल सिन्हा, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी बृजेन्द्र परिहार उपस्थित थे।

**प्रोजेक्ट के लिए देखी जमीन-** नगर पालिक निगम रिसाली के गठन पश्चात शासन ने महाविद्यालय भवन, ऑडिटोरियम, नालंदा परिसर, अस्पताल भवन स्वीकृत किया है। जमीन नहीं होने की वजह से निर्माण कार्य अधर में है। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने रिसाली निगम क्षेत्र में प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण भी की। हालांकि प्रस्तावित स्थल भिलाई इस्पात संयंत्र के क्षेत्राधिकार में है।

# कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम-2013 के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशन पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग के तत्वाधान में एवं प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग डॉ. प्रज्ञा पचौरी के मार्गदर्शन में कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम-2013 के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला/ प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 16 जनवरी 2025 को जिला न्यायालय दुर्ग के अतुर्थमाला स्थित न्यू सभागार स्थल में किया गया। आयोजित कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन के रूप में संगीता नवीन तिवारी अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश आईवी एफटीसी (पॉक्सो) दुर्ग, सुनीता टोप्पो, चतुर्थ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्ग एवं सुरभि धनगढ़ प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी दुर्ग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। वहीं कार्यशाला में प्रतिभागियों के रूप में कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्ग व कुटुम्ब न्यायालय दुर्ग के महिला कर्मचारीगण, कार्यालय कलेक्टर दुर्ग, कार्यालय पुलिस अधीक्षक, दुर्ग, जिला एवं जनपद पंचायत कार्यालय दुर्ग, सहायक श्रमायुक्त कार्यालय विद्युत विभाग, विद्यालय/ महाविद्यालय के प्राध्यापकगण व आयुक्त नगर निगम दुर्ग कार्यालय के विभिन्न अधिकारीगण / कर्मचारीगण के अलावा लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम दुर्ग के कौंसिल एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग के समस्त पैरालीगल वालेन्टियर्स बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम के संबंध में आयोजित इस एक दिवसीय कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए संगीता नवीन तिवारी अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश आईवी एफटीसी (पॉक्सो) दुर्ग द्वारा कार्यशाला में उपस्थिति प्रतिभागियों को कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम-2013 के संबंध में बताते हुए उक्त अधिनियम बनाने में माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा 1997 में पारित निर्णय अनुसार विशाखा दिशा-निर्देश के अहम योगदान होने के बारे में चर्चा कर उक्त अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु प्रत्येक महिला को इस एक्ट की जानकारी आवश्यक होना व्यक्त कर संबंधित अधिनियम/कानून क्या है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना, सभी पात्र हितग्राहियो को लाभ पहुंचाने का लक्ष्य

पायनियर संवाददाता ◄ पाटन
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री आवास योजना - शहरी 2.0 अंतर्गत नगर पालिका परिषद अमलेश्वर द्वारा शहरी गरीबों के पक्के मकान का सपना पूरा करने के लिए नगर के प्रत्येक वार्डों में अलग अलग कैंप लगा आवेदक हितग्राहियों से 135 फॉर्म प्राप्त हुए जिसमे 78 फॉर्म की ऑनलाइन एंट्री की जा चुकी है और निरंतर मिशन मोड में एंट्री की जा रही है। उक्त योजना के तहत सभी पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ पहुंचाने का लक्ष्य है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रीती गुप्ता से मिली जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना - शहरी 2.0 अंतर्गत शासन के मंशा अनुरूप नगर के वार्डों में निवासरत गरीबों के पक्के मकान का सपना पूरा करने के लिए पालिका कर्मचारियों द्वारा प्रत्येक वार्डों में कैंप आयोजित कर पात्र हितग्राहियों से आवेदन लिया गया है और उनका ऑनलाइन एंट्री भी किया जा रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रीती गुप्ता ने पात्र हितग्राहियों से अपील किया की, वे स्वयं कार्यालय उपस्तिथ होकर प्रधानमंत्री आवास योजना - शहरी 2.0 का ऑनलाइन आवेदन कर सकता है जिसके लिए नगर पालिका अधिकारी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना - शहरी 2.0 का हेल्प डेस्क काउंटर हितग्राहियों की सुविधा हेतु कार्यालय में स्थापित किया गया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रीती गुप्ता ने आवेदन के सन्दर्भ में बताया की प्रधानमंत्री आवास योजना - शहरी 2.0 के लिए 31 अगस्त 2024 के पूर्व से निकाय क्षेत्र में रहवासी होना अनिवार्य है।

# 6789 प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत हितग्राही हुए लाभान्वित

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 में कुल 5115 आवास स्वीकृत हुए है। इसमें से 4978 आवास पूर्ण हो चुके है, शेष 337 आवास प्रगतिरत है। इनमें से हितग्राहियो को उनके मांग के अनुसार लाटरी के माध्यम से मकान आबंटित किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 में 1397 सर्वे फार्म अभी तक आये है जिनमे से 159 आवेदनो का आनलाईन एन्ट्री किया जा चुका है। ऐसे सभी हितग्राहियो को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पाती भेजी जा रही है। विष्णु की पाती शीर्शक से एक पत्र विष्णु देव साय का हस्ताक्षर है। जिसमें उन्होने अपने संदेश में कहा है कि पक्का आवास लोगो का एक सपना होता है। यह खुशी है प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से मदद मिली, हितग्राही के परिवार को। उक्त मकान को केन्द्र रखकर कल की बुनियाद गढ़े, यह भी वादा किया गया है कि ऐसे अनेक जनकल्याणकारी योजनाओ का लाभ प्रदेश की जनता को मिलती रहेगी। हर परिवार की खुशहाली प्रदेश सरकार द्वारा हर संभव प्रयास किया जाता रहेगा। मोदी सरकार की यह महत्वकांक्षी योजना आज देश भर में करोड़ो लोगो के लिए वरदान साबित हो रहा है। जिसका उददेश्य समाज के अंतिम व्यक्ति, जिनका पक्का मकान बनाना सपना होता है। ऐसे व्यक्ति के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना घर-घर पहुंचाने का प्रदेश सरकार का सपना है। निगम भिलाई क्षेत्र में दिसम्बर 2024 तक 6789 मकान निर्माण करके आबंटित किया गया है। इसमें से स्वयं के पटटे या आबंटित भूखण्ड पर बीएलसी 4978 एवं 1846 ए.एच.पी. किरायेदार अपने मकानो में निवास कर रहे है।

# पीएम स्वनिधि के लाभार्थी और उनका परिवार भारत सरकार की इन 8 योजनाओं से जुड़ सकता है

■ स्वनिधि से समृद्धिःअपना और अपनों का भविष्य सुरक्षित बनाओ, स्वनिधि से समृद्धि शिविर में आओ

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com




जिला कलेक्टर व निगम प्रशासक ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश एवं आयुक्त सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत ऋण लेने वाले सभी हितग्राहियो को स्वनिधि से समृद्धि योजना से लिंक किया जा रहा है।पीएम स्वनिधि के लाभार्थी और उनका परिवार भारत सरकार की इन 8 योजनाओं से जुड़ सकता है। पीएम सुरक्षा बीमा योजना,पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना,पीएम जन धन योजना, पीएम श्रम योगी मानधन योजना, वन नेशन वन राशन कार्ड योजना, बीओसीडब्ल के तहत पंजीकरण, जननी सुरक्षा योजना एवं पीएम मातृ वंदना योजना शामिल पथ विक्रेता जिन्होंने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत 10 हज़ार या 20 हज़ार अथवा 50 हज़ार का लोन लिया है। इस योजना के माध्यम से उनके पूरे परिवार की सोशल प्रोफाइलिंग किया जाना है। स्वनिधि से समृद्धि योजना के माध्यम से शासन की महत्वपूर्ण योजनाएं जैसे की आवास योजना, उज्वला योजना,जनधन खाता,पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजनाश्रम योगी मानधन योजना निराश्रित पेंशन सहायता योजना आदि विभिन्न योजनाओं में पात्र पथ विक्रेताओं को सोशल प्रोफाइलिंग कर लाभान्वित किया जाना है। स्वनिधि से समृद्धि' आई, जीवन में उजियाला लाई, रेहड़ी पटरी वालों को मिली 'स्वनिधि से समृद्धि' परिवार के खुशियों में हो रही वृद्धि। इस योजना के तहत पथ विक्रेता अपने परिवार के सभी सदस्यों के आधार कार्ड लेकर नगर निगम के डाटा सेंटर में अपनी सोशल प्रोफाइलिंग करा सकते हैं तथा योजनाओ का लाभ ले सकते हैं।

# मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत 15 जोड़े का विवाह हुआ संपन्न

पायनियर संवाददाता ◄ पाटन
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री कन्यादान योजना अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वधान में पाटन ब्लॉक के ग्राम पंचायत जामगांव (एम) में 15 जोड़े का विवाह संपन्न हुआ। पंडित छगन लाल शर्मा के द्वारा हिंदू रीति रिवाज के साथ वैदिक मंत्र उच्चारण कर विवाह संपन्न कराया गया। दौलत वाटिका में आयोजित विवाह कार्यक्रम में बैतौर मुख्य अतिथि दुर्ग सांसद विजय बघेल रहे। अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य हर्षा लोकामनी चंद्राकर ने किया। विशेष अतिथि के रूप में मंच पर विराजमान रहे रामबाई गजानंद सिन्हा जनपद अध्यक्ष, अम्लेश्वर मंडल अध्यक्ष कमलेश चंद्राकर, पूर्व मंडल अध्यक्ष लोकमनी चंद्राकर, डॉ घनश्याम कौशिक जनपद सदस्य, जनपद सदस्य डागेश्वरी धनकर, ग्राम पंचायत सरपंच राकेश चंद्राकर रहे। दुर्ग सांसद विजय बघेल सहित अतिथियों के द्वारा सभी वर वधु को आशीर्वाद दिया गया साथ ही विवाह की प्रमाण पत्र और 35000 रु का चेक प्रदान किया गया। विवाह संपन्न होने के पश्चात टिकावन के तौर पर दौलत वाटिका के तरफ से 500 रु, कान्हा मिनरल वाटर मोतीपुर नरेश शर्मा की तरफ से 500 का लिफाफा दिया गया साथ ही अजीत ठाकुर मोतीपुर के द्वारा बर्तन सेट और भोला नाथ तिवारी के द्वारा गिफ्ट हैपर सभी वर वधु को दिया गया। पूरे कार्यक्रम का संचालन परियोजना अधिकारी पुष्पा गुप्ता के निर्देश से कर्मचारियों के द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रकाश चंद्राकर, सुनील वर्मा, दिलीप देवांगन, मनीष कोसले, प्रहलाद राम चंद्राकर, अवध राम सिंगौर, योगेश्वर चंद्राकार, जितेंद्र सेन, आनंद राम चंद्राकर, कुलेश्वर देवांगन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# स्कूल के निकट संचालित किराना दुकान में मिला गुटखा, रिसाली निगम की कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ◄ रिसाली
www.dailypioneer.com



निगम आयुक्त मोनिका वर्मा के निर्देश पर अवैध रूप से गुटखा रखने वालों के खिलाफ कार्यवाही की गई। निगम अधिकारियों ने कुल 9 पान दुकान और किराना दुकान संचालकों से कुल 1800 जुर्माना वसूल किया गया। दुकान संचालकों को दोबारा गुटखा न रखने की चेतावनी दी गई। दरअसल शिकायत मिली थी कि स्कूल परिसर के आस पास सिगरेट और गुटखा बेधड़क बेचा जा रहा है। शिकायत के आधार पर मैत्री गार्डन चैक के निकट संचालित स्कूल, आत्मानंद स्कूल, मौहारी मरोदा समेत रिसाली बस्ती के आस पास संचालित दुकानों की जांच की गई। जांच उपरांत शंकर पान दुकान, विपिन किराना, न्यू विशाल, मुरली पान पैलेस, सतीश साव, कुंजलाल, प्रमोद धीवर, राधेश्याम साहू और मोहनी दाण्डी से जुर्माना राशि वसूल की गई। कार्यवाही करने बनी टीम में राजस्व विभाग के दुर्गेश गुप्ता, रवि श्रीवास्तव, मंगल कुर्रे, टिकेन्द्र वर्मा, स्वास्थ्य विभाग के अमित चंद्राकर शामिल थे।


AU SMALL FINANCE BANK
A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

## एयू स्मॉल फाइनेन्स बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)

रजिस्टर्ड ऑफिसः 19–ए, धूलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर–302001 (CIN: L36911RJ1996PLC011381)

### परिशिष्ट IV [ देखें नियम 8(1) कब्जा सूचना ]

जबकि, अद्योहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए "वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनगर्ठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002" (2002 का 54) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 13 (12) का सपठित नियमों के नियम 3 के तहत प्रदत शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र निम्नलिखित तालिका के अनुसार निर्गमितकर तालिका में राशि 60 दिवस के भीतर चुकाने के लिए कहा गया था।

| ऋणी / सहऋणी / बंधककर्ता / गारन्टर / ऋण खाता संख्या | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | स्थावर सम्पत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख |
|---|---|---|---|
| (ऋण खाता संख्या) L9001060122009172, मोहम्मद इशाक (ऋणी), श्रीमती हामिदा बानो (सहऋणी), मोहम्मद इस्माइल (सहऋणी) | 15-अक्टूबर-24 ₹ 25,41,910/- पच्चीस लाख इकतालीस हजार नौ सौ दस रूपये मात्र 10-अक्टूबर-24 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित (संपत्ति 1) संपत्ति स्थित खसरा नं. 290/2 एवं 285/40 एवं 290/26 नया 290/2 एवं 290/2 एवं 285/4 पुराना, पीएच नं. 7/24, ग्राम आवरेठी, संजय वार्ड तहसील भाटापारा बलोदाबाजार, सिमगा, जिला रायपवुर, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 972 वर्ग फीट, (संपत्ति 2) संपत्ति स्थित खसरा नं. 285/39 नया 285/4 पुराना, पीएच नं. 7/24, ग्राम आवरेठी, संजय वार्ड तहसील भाटापारा बलोदाबाजार, सिमगा, जिला रायपुर, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 297 वर्ग फीट | 14-जनवरी-25 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060718189973, छाया ट्रेडर्स (ऋणी), नंद कुमार सोनकर (सहऋणी), श्रीमती रामबती सोनकर (सहऋणी) | 15-जून-24 ₹ 28,07,583/- अट्ठाईस लाख सात हजार पांच सौ तीरासी रूपये मात्र 11-जून-24 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित खसरा संख्या 118/1, बगदेहि आर आई सी नवापारा, तहसील एवं जिला - रायपुर, छत्तीसगढ़ क्षेत्रफल 2178 वर्ग फीट | 15-जनवरी-25 |

ऋणियों द्वारा वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणियों को तथा सामान्यजन को एतद् द्वारा सूचना दी जाती हैं कि अद्योहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 2002 के नियम 8 के अन्तर्गत प्रदत शक्तियों के अनुप्रयोग में उपरोक्त तालिका में वर्णित सम्पत्तियों का कब्जा ग्रहण कर लिया है।
ऋणियों का ध्यान प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय के सन्दर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।
ऋणियों को विशिष्टतया तथा सर्व साधारण को सामान्यतया एतद द्वारा सम्पत्तियों के साथ काई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती हैं। और सम्पत्ति के साथ कोई व्यवहार उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक "एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड" (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) के प्रभार के अधीन होगा।

**दिनांक: 18.01.2025** **स्थान: रायपुर, छत्तीसगढ** **प्राधिकृत अधिकारी एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड**



## कार्यालय कार्यपालन अभियंता
## लोक निर्माण विभाग (भ/स) उत्तर बस्तर संभाग क्रं.2 जगदलपुर

### // निविदा आमंत्रण सूचना //

क्रमांक 151 / NIT-07/व.ले.लि./2024-25 दिनांक 16/01/2025

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 29.01.2025 अपरान्ह 5:30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि - 05.02.2025 अपरान्ह 5:30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि - 06.02.2025 पूर्वान्ह 11:30 बजे तक
ठेकेदार की श्रेणी - द से अ श्रेणी हेतु
निविदा प्रपत्र की राशि - रू. 750/-
कार्य की अवधि - 31.03.205 तक / 02 माह

| एन.आई.टी. क्रमांक/ निविदा | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू.) बैंक साल्वेंसी (रू.) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 07/ T0035 | शासकीय आदर्श महाविद्यालय भवन जगदलपुर के 100 बिस्तर बालक-बालिका छात्रावास एवं 06 नग आवासीय भवन का विशेष मरम्मत का कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | 3.00<br>3000.00<br>45000.00 |
| 07/ T0042 | उपसंभाग लोहण्डीगुड़ा के अंतर्गत जगदलपुर से चित्रकोट मार्ग कि.मी. 38 एवं चित्रकोट रेस्ट हाउस पहुंच मार्ग का रोड सेफ्टी कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 5.00<br>3750.00<br>75000.00 |
| 07/ T0043 | चित्रकोट रेस्ट हाउस में वाईट वाशिंग, कलर वाशिंग एवं पेंटिंग का कार्य। (प्रथन आमंत्रण) | 5.00<br>3750.00<br>75000.00 |
| 07/ T0044 | पारापुर से मूतनपाल मार्ग पर रोड मार्किंग एवं साईन बोर्ड फिक्सिंग का कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 5.56<br>4200.00<br>83400.00 |
| 07/ T0045 | बेलर चौंक से सिरिसगुडा चौंक मार्ग पर रोड मार्किंग एवं साईन बोर्ड फिक्सिंग का कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 4.99<br>3750.00<br>75000.00 |
| 07/ T0046 | बडाजी से कुम्हली मार्ग पर रोड मार्किंग एवं साईन बोर्ड फिक्सिंग का कार्य । (प्रथम आमंत्रण) | 6.85<br>5150.00<br>102750.00 |

**टीप** – अन्य विवरण कार्यालयीन दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में देखा जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लोनि.वि. (म/स) संभाग क्र.2
जगदलपुर

G-242505424/3

## संपादकीय

### गाज़ा में युद्धविराम पीड़ितों को राहत


**गाज़ा** में हमास और इस्राइल के बीच युद्धविराम भले ही अनिश्चित हो, पर इसके बावजूद यह स्वागत योग्य है क्योंकि इससे पीड़ित लोगों को राहत मिलेगी। हाल ही में इस्राइल और हमास के बीच युद्धविराम की घोषणा से उम्मीदों के बावजूद अभी दोनों पक्षों के बीच टकराव की आशंका बनी हुई है। अक्टूबर, 2023 में इस्राइल पर हमास के घातक आतंकी हमले और इसके बाद जवाबी इस्राइली कार्रवाई के कारण महीनों से हिंसा और पीड़ा का दौर जारी था। ऐसे में युद्धविराम के पैरोकारों ने राहत की सांस ली है। लेकिन भविष्य का रास्ता अनिश्चितता से भरा है। इस युद्ध ने इस्राइली और फिलिस्तीनी समुदायों पर गहरी चोट पहुंचाई है। इस्राइल के सैकड़ों लोगों को बंधक बनाया गया था जिसमें महिलायें, बच्चे और वृद्ध सिविलियन शामिल हैं जो पूरे देश के लिए गंभीर पीड़ा का विषय है। युद्धविराम के शुरुआती चरण में 33 बंधकों की रिहाई से कुछ राहत मिलेगी, पर बहुत से लोगों को भय है कि यह अस्थिर समझौता टूट सकता है जिससे उनके प्रियजनों का जीवन अधर में लटका रहेगा। गाज़ा में मानवीय संकट बहुत गंभीर है। यहां 46,000 से अधिक लोग मारे गए हैं और इनमें आधी महिलायें और बच्चे हैं। जनसंख्या का 90 प्रतिशत व्यापक विस्थापन का शिकार हुआ है और लगभग 2.3 मिलियन लोग बेघर हो गए हैं। पूरे-पूरे इलाके खंडहर बन गए हैं तथा मूलभूत आवश्यक चीजों की कमी ने नागरिकों को भुखमरी के कगार पर पहुंचा दिया है।



अमेरिका, मिस्र और कतर के प्रयासों से हुए प्रस्तावित युद्धविराम में तीन चरणों वाला समझौता समाहित है। पहले चरण में बंधकों तथा बंदी फिलिस्तीनियों की अदला-बदली शामिल हैं जिसमें महिलाओं, बच्चों तथा वृद्धों की रिहाई को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके बाद वाले चरणों में सैनिकों तथा अन्य पुरुष बंधकों की रिहाई के साथ संघर्ष रोकने पर व्यापक चर्चा की जाएगी। युद्धविराम का एक महत्वपूर्ण तत्व गाज़ा में मानवीय सहायता बढ़ाना है। इससे विस्थापित फिलिस्तीनियों को अपने घरों को वापस लौटने तथा महत्वपूर्ण ढांचागत संरचनायें पुन: बनाने का अवसर मिलेगा। इसके बावजूद इस समझौते की दीर्घकालीन सफलता दोनों पक्षों की इच्छाशक्ति पर निर्भर करेगी जिसका आधार दूसरे चरण में सार्थक वार्तालाप होगा। अतीत में युद्धविराम समझौतों की प्रकृति अस्थिर रही जिससे स्थाई शांति प्राप्त करने में कठिनाई स्पष्ट होती है। केवल एक सप्ताह चला नवंबर, 2023 का समझौता इसका उदाहरण है। प्रमुख बाधाओं में हमास द्वारा अपनी सैनिक क्षमतायें बनाए रखने पर जोर देना तथा इस्राइल का हमास के प्रशासनिक ढांचे को नष्ट करने का उद्देश्य शामिल हैं। दोनों पक्षों पर भारी घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दबाव है, पर उनके बीच गहराई तक व्याप्त अविश्वास समझौते को संकट में डाल सकता है। बंधक के परिवार अनिश्चितता में झूल रहे हैं। अनेक लोगों को यह संभावना सता रही है कि यदि युद्धविराम विफल होता है तो उनके बंधक बने प्रियजन शायद जीवित न रहें। इसके साथ ही फिलिस्तीनियों को भय है कि यदि वार्तायें विफल होती हैं तो इससे हिंसा बढ़ सकती है जिससे पहले से पैदा विनाशकारी स्थिति और गंभीर हो जाएगी। यदि युद्धविराम बना रहता है तो इसका अर्थ गाज़ा की पीड़ित जनसंख्या के लिए बहु-प्रतीक्षित राहत होगा। ऐसे में खाद्य असुरक्षा, चिकित्सा सहायता में कमी तथा घरों और ढांचागत संरचनाओं के पुन: निर्माण को प्राथमिकता देनी होगी। मानवीय संकट दूर करने में अंतरराष्ट्रीय सहायता महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी, पर दीर्घकालीन बहाली के लिए क्षेत्र में समुचित निवेश, राजनीतिक स्थायित्व तथा दीर्घकालीन शांति स्थापित करना जरूरी होगा।

# वैश्विक महत्वाकांक्षाओं हेतु राजनय

विश्व शक्ति बनने के लिए भारत को आगे बढ़कर अपने राजनयिक ढांचे का विस्तार कर विदेश मंत्रालय का आधुनिकीकरण करना चाहिए।



**संतोष मैथ्यू**
(लेखक, एसोसिएट प्रोफेसर हैं)



दुनिया की सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश भारत सबसे बड़ा लोकतंत्र है और वह वैश्विक मामलों में महत्वपूर्ण शक्ति बन रहा है। 'ग्लोबल साउथ' के नेता के रूप में उसकी बढ़ती अर्थव्यवस्था, रणनीतिक स्वायत्तता तथा शांति के प्रति प्रतिबद्धता ने उसे अंतरराष्ट्रीय राजनय का केन्द्र बना दिया है। लेकिन इन उपलब्धियों के बावजूद भारत का विदेश मंत्रालय संसाधनों की कमी का सामना कर रहा है, जबकि यह विदेश नीति को स्वरूप देने तथा उसे क्रियान्वित करने का महत्वपूर्ण संस्थान है।

केवल लगभग 850 राजनयिकों वाला विदेश मंत्रालय तेजी से जटिल होते वैश्विक परिदृश्य का सामना करने के लिए ठीक से तैयार नहीं है। भारत को विश्व शक्ति के रूप में अपनी क्षमता प्राप्त करने के लिए राजनयिक ढांचे का काफी विस्तार जरूरी है। उसे अपने राजनयिक ढांचे का विस्तार कर कम से कम विदेश मंत्रालय में 5,000 कर्मी रखने चाहिए। इस प्रकार का विस्तार भारत की महत्वाकांक्षाओं तथा प्रमुख अंतरराष्ट्रीय शक्ति के रूप में उसके दर्जे के अनुरूप होगा। भारत की राजनयिक आवश्यकतायें उसकी वैश्विक महत्वाकांक्षाओं के अनुरूप काफी बढ़ी हैं।

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र तथा उसकी एक सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था के रूप में भारत की विदेश नीति को अनेकानेक वैश्विक मुद्दों से निपटना होता है। व्यापार वार्ताओं और जलवायु परिवर्तन से लेकर डिजिटल राजनय तथा वैश्विक सुरक्षा तक विदेश मंत्रालय भारत के अंतरराष्ट्रीय संबंधों के मुख्य केन्द्र के रूप में काम करता है। भारत की विदेश नीति परंपरागत रूप से रणनीतिक स्वायत्तता तथा शांति के प्रति प्रतिबद्धता से निर्देशित होती है जिसकी जड़ें गुटनिरपेक्षता की नेहरूवादी परंपरा में निहित हैं।

जवाहरलाल नेहरू तथा वीके कृष्ण मेनन जैसे नेताओं ने ऐसी स्वतंत्र विदेश नीति की स्थापना की थी जिसमें भारत की संप्रभुता पर जोर देते हुए अहिंसा को प्राथमिकता मिली थी। गुटनिरपेक्षता की इस विरासत ने भारत को प्रतिद्वंद्वी महाशक्तियों के बीच एक सेतु के रूप में स्थापित किया था और वह राजनयिक दृष्टिकोण का प्रमुख आधार बनी हुई है। लेकिन विश्व व्यवस्था में बदलाव के चलते भारत को आधुनिक चुनौतियों से निपटने के लिए अपने विदेश नीति उपकरण में परिवर्तन करने चाहिए। विदेश मंत्रालय को मजबूत करना न केवल भारत के हितों को मजबूत करने, बल्कि एकसा दृष्टिकोण स्थापित करने के लिए महत्वपूर्ण है जो विश्व राजनीति को प्रभावित कर सके। 1.4 बिलियन से अधिक जनसंख्या तथा प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी नेतृत्वकारी भूमिका को देखते हुए भारत का वर्तमान राजनयिक ढांचा उसकी मांग के अनुरूप नहीं है।

उसे अमेरिका, चीन और रूस जैसे देशों का सामना करना होता है जहां हजारों राजनयिक और विदेश नीति विशेषज्ञ हैं जो उनका वैश्विक प्रभाव बनाए रखते हैं। इसके उलट कुशल होने के बावजूद भारतीय राजनयिकों की संख्या आवश्यकता से बहुत कम है। इस कमी से तत्काल ज्यादा विशिष्ट विदेश मंत्रालय बनाने की आवश्यकता उजागर होती है जो अनेकानेक क्षेत्रों में वैश्विक चर्चाओं को आगे बढ़ाते हुए रणनीतिक प्रभाव छोड़ने मे सक्षम हो। विदेश मंत्रालय का विस्तार कर इसमें 5,000 कर्मी शामिल करने से सुनिश्चित होगा कि भारत की विदेश नीति सक्रिय तथा समग्र बने। इस विस्तार का अर्थ केवल संख्या बढ़ाने से आगे जा कर विविध क्षेत्रों में रणनीतिक विशेषज्ञता पैदा करने से भी है। भारतीय राजनयिकों को व्यापार, रक्षा, पर्यावरण टिकाऊपन, साइबर सुरक्षा, मानवीय सहायता व अन्य मुद्दों को संबोधित करना चाहिए। इसे प्राप्त करने के लिए विदेश मंत्रालय को ऐसे विशेषज्ञों को नियुक्त करना चाहिए जो जटिल मुद्दों से निपट सकें। शीतयुद्ध के समय अमेरिकन विदेश सचिव हेनरी कीसिंजर जैसे लोगों ने राजनय में रणनीतिक उत्कृष्टता की परिवर्तनकारी शक्ति प्रदर्शित की थी। इसी प्रकार भारत को ऐसे राजनयिकों की आवश्यकता है जो दूरगामी विचार शक्ति के साथ ऐसी नीतियां बना सकें जो उसकी वैश्विक भूमिका को विकसित कर सकें। भारत की विदेश नीति को केवल घटनाओं पर प्रतिक्रिया करने के बजाय वैश्विक प्रवृत्तियों का पूर्वानुमान लगाने में सक्षम होना चाहिए।

अमेरिका, रूस और चीन जैसी विश्व शक्तियों से प्रतियोगिता के लिए भारत को ऐसी राजनयिक टीम प्रशिक्षित करनी चाहिए जो गठबंधन बना सके, उभरते अवसरों का लाभ उठा सके तथा वैश्विक चुनौतियों को संबोधित कर सके। रणनीतिक सोच तथा विशिष्ट ज्ञान में निवेश इस दृष्टिकोण से जरूरी हो जाता है। भारतीय विदेश मंत्रालय को अंतरिक्ष राजनय, जलवायु परिवर्तन वार्ताओं, विश्व व्यापार तथा रक्षा रणनीति जैसे क्षेत्रों में विशेषज्ञता विकसित करनी चाहिए। इसके साथ ही राजनयिकों को सरकारों, बिजनेसों, थिंक टैंकों तथा सिविल सोसाइटी से संवाद करते रहना चाहिए ताकि भारत के पक्ष में निर्णयों को स्वरूप दिया जा सके। कर्मचारियों की समुचित संख्या वाला विदेश मंत्रालय भारत को वैश्विक मुद्दों पर बेहतर प्रतिक्रिया के साथ ही प्रमुख शक्तियों से संबंध और मजबूत करने में सहायक सिद्ध होगा। जैसे अमेरिका राबर्ट मैक्नमारा और जान फास्टर डलेस जैसे व्यक्तियों पर अपने राजनय को स्वरूप देने में विश्वास करता है, उसी प्रकार भारत को भी दूरदर्शी राजनयिकों की एक पीढ़ी तैयार करनी चाहिए।

ऐसे व्यक्तियों में वैश्विक सुरक्षा, अंतरराष्ट्रीय कानून, बहुपक्षीय संगठनों तथा विश्व व्यापार की गहरी समझ होनी चाहिए। वीके कृष्ण मेनन में ये गुण पाए जाते थे जिन्होंने 1950 के दशक में अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारतीय हितों को आगे बढ़ाया था। विदेश मंत्रालय का विस्तान न केवल तात्कालिक चुनौतियों से निपटने, बल्कि उभरती प्राथमिकताओं के अनुरूप भारत की राजनयिक क्षमताओं के विकास से भी है। जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा सुरक्षा, व्यापार संबंधों तथा तकनीकी राजनय दूरदर्शी विदेशी नीति सुनिश्चित करने के लिए जरूरी है।

भारतीय विदेश मंत्रालय का विस्तार करने के लिए थिंक टैंकों, अकादमिक संस्थानों तथा मीडिया पेशेवरों से सहयोग को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। इनके साथ साझेदारी से रणनीतिक निर्णयों के लिए बौद्धिक नीव तैयार होगी जिससे भारत को उभरती वैश्विक प्रवृत्तियों का पूर्वानुमान करने में आसानी होगी। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय थिंक टैंक और विश्वविद्यालय बदलती भू-राजनीतिक स्थितियों, नई आर्थिक नीतियों तथा अन्य विश्व घटनाक्रमों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां दे सकते हैं।

इन संस्थानों से संबंध स्थापित करने से सुनिश्चित होगा कि भारत की विदेश नीति सही सूचनाओं पर आधारित व परिवर्तनशील बनी रहेगी। आधुनिक विदेश नीति में सार्वजनिक राजनय का महत्वपूर्ण स्थान है।

सरकारों के बीच वार्ताओं के साथ भारत को वैश्विक दृष्टिकोण बदलने तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जनता से संबंध बनाने के प्रयास करने चाहिए। भारतीय विदेश मंत्रालय को मीडिया पेशेवरों से निकट सहयोग स्थापित कर दुनिया भर में भारत के दृष्टिकोण और नीतियों के बारे में संवाद स्थापित करना चाहिए। भारत की भावनात्मक शक्ति में समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोकतांत्रिक आदर्श तथा मानवतावादी मूल्य शामिल हैं। भारत इनका प्रयोग कर अपना वैश्विक प्रभाव बढ़ा कर यह सुनिश्चित कर सकता है कि दुनिया भर में उसकी आवाज सुनी जाए।

# निर्यात पर अमेरिकी प्रतिबंधों का प्रभाव

> "भारत, जो एआई अनुसंधान और बुनियादी ढांचे में भारी निवेश कर रहा है, के लिए ये प्रतिबंध अत्याधुनिक अमेरिकी तकनीकों तक पहुंच में बाधा डाल सकते हैं।"

**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



बाइडेन प्रशासन का अंतरिम अंतिम नियम-आईएफआर, जो जनवरी 2025 से प्रभावी है, उन्नत कंप्यूटिंग एकीकृत सर्किट (आईसी) और कृत्रिम बुद्धिमत्ता-एआई मॉडल भार के निर्यात, पुन: निर्यात और देश में स्थानांतरण पर सख्त नियम लागू करता है। इन उपायों का उद्देश्य संभावित सैन्य और खुफिया अनुप्रयोगों वाली उन्नत तकनीकों के प्रसार को सीमित करना है, विशेष रूप से एआई-संचालित प्रणालियों में। हालांकि यह कदम निवर्तमान प्रशासन की ओर से एक महत्वपूर्ण नीतिगत कदम है, लेकिन अगले राष्ट्रपति पद के तहत इसका भविष्य अनिश्चित बना हुआ है, क्योंकि नया प्रशासन समीक्षा के लिए कार्यान्वयन को रोक सकता है। भारत, जो अपने एआई बुनियादी ढांचे को तेज़ी से आगे बढ़ा रहा है, आईएफआर के तहत महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना कर रहा है। यहाँ मुख्य निहितार्थ हैं: आईएफआर उन्नत कंप्यूटिंग आईसी और एआई मॉडल भार के निर्यात के लिए लाइसेंसिंग आवश्यकताओं को लागू करता है, विशेष रूप से उच्च-प्रदर्शन एआई मॉडल के लिए अभिन्न अंग। भारत, जो एआई अनुसंधान और बुनियादी ढांचे में भारी निवेश कर रहा है, के लिए ये प्रतिबंध अत्याधुनिक अमेरिकी तकनीकों तक पहुंच में बाधा डाल सकते हैं। एआई मॉडल के प्रशिक्षण में उपयोग किए जाने वाले उन्नत आईसी के लिए लाइसेंस पर अस्वीकृति की धारणा लागू होती है, जो भारत की एआई विकास के लिए आवश्यक अत्याधुनिक हार्डवेयर प्राप्त करने की क्षमता को सीमित करती है।



विनियम उन्नत बंद-भार एआई मॉडल पर कड़े नियंत्रण लगाते हैं, जबकि खुले-भार मॉडल इससे मुक्त हैं। चूंकि बंद-भार मॉडल अक्सर ग्राउंडब्रेकिंग एआई अनुसंधान को आगे बढ़ाते हैं, इसलिए यह सीमा उन्नत अमेरिकी एआई मॉडल का लाभ उठाने में भारत की प्रगति को धीमा कर सकती है। इन महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों तक सीमित पहुंच एआई-संचालित अनुप्रयोगों में सफलताओं में देरी कर सकती है।हालांकि आईएफआर कम जोखिम वाले गंतव्यों के लिए अपवाद प्रदान करता है, लेकिन भारत को पसंदीदा देशों की सूची में शामिल नहीं किया गया है। नतीजतन, भारतीय संस्थाओं को कुल प्रसंस्करण प्रदर्शन के आधार पर उन्नत कंप्यूटिंग क्षमता पर सीमित आवंटन का सामना करना पड़ता है। अगले तीन वर्षों में, ये सीमाएं भारतीय शोधकर्ताओं और डेवलपर्स के लिए उपलब्ध कम्प्यूटेशनल संसाधनों को प्रतिबंधित कर सकती हैं, जिससे संभावित रूप से एआई पहल में बाधा आ सकती है। अमेरिकी तकनीक चाहने वाली भारतीय कंपनियों को आईएफआर के तहत कड़ी जांच का सामना करना पड़ेगा, जिसमें आपूर्ति श्रृंखला सुरक्षा, कार्मिक जांच और साइबर सुरक्षा अनुपालन पर कड़ी जांच शामिल है। ये आवश्यकताएं अमेरिकी फर्मों के साथ साझेदारी की जटिलता को बढ़ाएंगी और भारत के अपने एआई पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ाने के प्रयासों में देरी कर सकती हैं।

भारत की उन्नत डेटा सेंटर और उच्च-प्रदर्शन कंप्यूटिंग क्लस्टर स्थापित करने की योजना नए नियमों से सीधे प्रभावित होगी। आईएफआर दिशा-निर्देशों जैसे अमेरिकी सुरक्षा मानकों के अनुपालन को अनिवार्य बनाता है, जिससे परिचालन लागत और संभावित देरी बढ़ जाती है।

वैश्विक,ड्ड सहयोग का नेतृत्व करने की भारत की महत्वाकांक्षा, जैसा कि एआई पर वैश्विक भागीदारी जैसी पहलों में इसकी भागीदारी से प्रदर्शित होता है, इन नियंत्रणों के तहत घर्षण का सामना करती है। भारत के तकनीकी विकास में अंतर्राष्ट्रीय भागीदारी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है, उच्च-प्रदर्शन कंप्यूटिंग घटकों और एआई मॉडल पर प्रतिबंध प्रगति को बाधित कर सकते हैं।

इन चुनौतियों को कम करने के लिए, भारत को वैकल्पिक रणनीतियों पर विचार करना चाहिए, जिसमें घरेलू अनुसंधान और विकास को मजबूत करना, गैर-अमेरिकी प्रौद्योगिकी प्रदाताओं के साथ साझेदारी करना और अमेरिका के साथ अनुकूल शर्तों पर बातचीत करने के लिए राजनयिक चैनलों का लाभ उठाना शामिल है। आगे के रास्ते के लिए भारतीय कंपनियों को तेजी से अनुकूलन करने, आत्मनिर्भरता पर ध्यान केंद्रित करने और पारंपरिक साझेदारी से परे सहयोग को बढ़ावा देने की आवश्यकता होगी।

जबकि आईएफआर लाइसेंस अपवादों और संभावित समायोजनों के माध्यम से सीमित लचीलापन प्रदान करता है, भारत की उन्नत कंप्यूटिंग और एआई महत्वाकांक्षाओं को इन नए निर्यात नियंत्रणों द्वारा लगाए गए नियामक बाधाओं को दूर करने के लिए लचीलेपन और नवाचार की आवश्यकता होगी।

## आप की बात

### मेडल पर विवाद

**पेरिस** ओलंपिक 2024, जो खेल और गौरव का प्रतीक माना जाता है, हाल ही में एक अभूतपूर्व विवाद का केंद्र बन गया। इस बार चर्चा का विषय बना खेलों में वितरित किए गए डिफेक्टिव मेडल, जिनकी गुणवत्ता और चमक कुछ ही दिनों में क्षीण होने लगी। भारतीय निशानेबाज मनु भाकर समेत कई प्रतिष्ठित एथलीटों ने शिकायत की कि मेडल का रंग उतर रहा है, जिससे इनकी प्रतिष्ठा पर आंच आई। अमेरिकी एथलीट नायजा ह्यूस्टन ने ओलंपिक के दौरान ही अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा, मेडल पहले तो शानदार दिखते हैं, लेकिन थोड़ी देर के इस्तेमाल से इनकी असली गुणवत्ता सामने आ जाती है। इस मामले ने ओलंपिक की साख को ठेस पहुंचाई और वैश्विक मंच पर जगहंसाई हुई। हालांकि, इंटरनेशनल ओलंपिक काउंसिल (आईओसी) ने त्वरित और प्रभावी कदम उठाते हुए ऐलान किया कि खराब पदकों को नए और उच्च गुणवत्ता वाले पदकों से बदला जाएगा। पेरिस आयोजन समिति और फ्रांसीसी राज्य टकसाल 'मोनने डी पेरिस' इस कार्य में जुटे हुए हैं। अब तक 100 से अधिक मेडल प्रतिस्थापित किए जा चुके हैं। यह घटना आयोजनकर्ताओं के लिए एक सबक है कि खिलाड़ियों की मेहनत और सम्मान से कभी समझौता नहीं किया जा सकता। आईओसी का यह कदम खिलाड़ियों के विश्वास को पुन: स्थापित करने की दिशा में एक सशक्त संदेश है।

– **आरके जैन**, बड़वाना, मप्र

### न्यायालय की शरण

**पूजा** अधिनियम 1991 को लेकर कांग्रेस नें न्यायालय का रुख़ अपना लिया है,इस अधिनियम के अन्तर्गत एक निश्चित अवधि के उपरांत किसी भी पूजा स्थल का स्वरूप यथावत रखने का प्रावधान है,इतिहास साक्षी है कि विदेशी आक्रांताओं द्वारा भारत के अनेकों धार्मिक महत्व के स्थलों को लूटा, तोड़ा,अतिक्रमण किया गया है , जबकि देश में अन्य राजाओं या सम्राटो के कालखंड में ऐसा कोई प्रमाण नहीं मिलता ,उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी एक साक्षात्कार के दोरान आईने अकबरी और बाबरनामा का उदाहरण देते हुए कई मुख्य स्थलों के विध्वंस की बात का प्रमाण दिया ,फिर कांग्रेस को इस अधिनियम में बदलाव से क्या प्रयोजन है ये समझ से परे है, गोरतलब है कि कश्मीर को इससे बाहर रखा गया है जबकि कश्मीर के हज़ारों पूजा स्थलों का विध्वंस और अतिक्रमण 1990 के दशक के बाद हुआ है , भारत की बड़ी आबादी को प्रभावित करने वाले फ़ैसले के ख़िलाफ़ जाकर कांग्रेस क्या साबित करना चाहती है ,यदि इसे तुष्टीकरण भी माना जाए तो भी राम मंदिर , रामसेतु एवं अन्य अनगिनत बार कांग्रेस नागरिकों को चिढ़ाने का काम पहले से करती आयी है जिसका उसने ख़ामियाज़ा भी भुगता ,बार बार एक ही गलती करना और अपना राजनैतिक अस्तित्व ख़तरे में डालना कौन सी बुद्धिमानी है । पर शायद कांग्रेस का लक्ष्य कुछ और है जिस पर वो अडिग है।

– **मनोज पुरुषार्थी**, मेरठ

### गडकरी के सुधार

**केंद्रीय** परिवहन मंत्री नितिन गडकरी देश में आवागमन सुलभ हो और अधिक से अधिक गांव व शहर सड़क मार्गों से जुड़ सकें इस हेतु प्रयासरत हैं। इसके साथ ही उन्होंने हाल ही में दो बड़े निर्णय लेकर यह भी बता दिया कि सुलभ/सरल यातायात के साथ मानवीय मूल्य भी सुरक्षित कैसे रह सकें उसके लिए भी वे भरसक कोशिश कर रहे हैं. पहला कदम तो उन्होंने यह उठाया कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को शीघ्रातिशीघ्र इलाज के अस्पातल पहुँचाने वाले को 25 हजार का इनाम देने की घोषणा की है साथ 18 से 34 वर्ष की आयु वाले ही अधिक जान गंवाते है इस बात की भी चिंता की है. दूसरे ड्रायवर और बेहतर कैसे बन सकें उनके लिए ट्रैनिग सेंटर खोलने की भी बात कही है. उनका कहना है कि अकुशल ड्रायवरों के कारण देश में 82 प्रतिशत सड़क दुर्घटनाएं होती हैं. अत: उन्हें प्रशिक्षण देकर कुशल बनाने हेतु ट्रेनिंग सेंटर भी खोलने की बात भी कही है. उनकी बात सौ फीसदी सही है. दुर्घटना के शिकार को शीघ्र इलाज मिल जाए तो उनकी जान बचाई जा सकती है दूसरे कुशल ड्राइवरों के हाथों में वाहन होंगे तो दुर्घटनाओं के अंदेशा भी बहुत कम रहेंगे. दोनों ही पहलू बहुत महत्वपूर्ण है मानव जीवन को सुरक्षित रखने में. उनकी सोच व कार्यविधी सराहनीय है।

– **शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

### आस्था पर प्रश्न

**समाज** में बिना किसी तर्कसंगत आधार पर धार्मिक आस्थाओं पर प्रश्नचिन्ह खड़े करना एक फैशन बन चुका है, जिसमें केवल कुछ बुद्धिजीवी ही नहीं, अपितु राजनीतिक दलों के वे लोग भी सम्मिलित हैं, जो वोट बैंक की राजनीति के चलते किसी भी धर्म के प्रतीक चिन्हों को धारण करने से परहेज नहीं करते तथा जिनके आचरण से गंगा गए तो गंगा दास और यमुना गए तो यमुना दास जैसी प्रवृत्ति लक्षित होती है। प्रयागराज महाकुंभ के आयोजन का भी मुट्ठी भर लोग विरोध करने से बाज नहीं आ रहे हैं। आस्था के महाकुंभ को पाखंड बताते हुए कुछ लोगों ने विचार व्यक्त किए, जिसके उत्तर में आस्थावान साधु संतों ने भी अपनी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का प्रयोग किया तथा नास्तिकों को कुंभ क्षेत्र से बाहर का मार्ग दिखा दिया। किसी की आस्था को चुनौती देना या कहां तक उचित है? यदि विरोध करना है तो मानवता को शर्मसार करने वाली प्रथाओं, धार्मिक कुरीतियों व धार्मिक अंधविश्वास का विरोध कीजिए। बारह वर्ष में एक बार आयोजित होने वाले सनातन धर्म से जुड़े महाकुंभ की धार्मिक मान्यताओं पर प्रहार करने का दुस्साहस क्यों करते हो?

– **सुधाकर आशावादी**, मेरठ

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यकर्त्ता बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को समस्याओं और शिकायतों से कराया अवगत




पायनियर संवाददाता ➤ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

विगत दिवस ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुम्हारी द्वारा आयोजित कार्यकर्त्ता बैठक में प्रदेश के पूर्व मुखिया भूपेश बघेल, पूर्व मंत्री धनेश पाटिला (अविभाजित मध्यप्रदेश पूर्व मंत्री), दुर्ग ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष निर्मल कोसरे, नगर के वरिष्ठ कांग्रेसी पवन अग्रवाल, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रमोद सिंह राजपूत, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष स्वप्निल उपाध्याय, राजेश्वर सोनकर, पूर्व उपाध्यक्ष के.रवि कुमार पूर्व पार्षद मनहरण यादव, थनेश पटेल, यूजेन्द्र साहू, राकेश कुर्रे, प्रमोद चंद्राकर, ओमनारायण वर्मा, जानकी ध्रुव, लता खैरवार, ललिता ध्रुव, नीतू रावते, शांति टंडन, सती यादव, कुमारी निषाद, रीना साहू सभी कांग्रेसी पार्षदगण, पूर्व एल्डरमैन के साथ भारी संख्या में समर्पित युवा कार्यकर्त्ता बैठक में सम्मिलित हुए। बैठक को सम्बोधित करते हुए भूपेश बघेल ने आगामी स्थानीय निकाय चुनाव के लिए कमर कस कर तैयार रहने के लिए प्रेरित करते हुए सभी का उत्साह वर्धन किया और एकजुट होकर जीत हासिल करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कार्यकर्ताओं के उत्साहपूर्ण उपस्थिति की प्रशंसा करते हुए संगठन को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए आपसी मतभेदों को भुला कर हाथ से हाथ मिलाकर लक्ष्य प्राप्ति का मन्त्र दिया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश ने अपने उद्बोधन में समस्त कार्यकर्ताओं को चुनाव में बेहतर प्रदर्शन दोहराने के साथ आला हाईकमान द्वारा नियुक्त उम्मीदवारों को सहयोग करने की बात कही।

## पालिका चुनाव संयोजक एवं वार्ड पर्यवेक्षकों की नियुक्ति सूची की गई जारी

कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण जिला अध्यक्ष निर्मल कोसरे द्वारा कुम्हारी नगरीय निकाय चुनाव के संबंध में नगर पालिका परिषद चुनाव संयोजक कौशल चंद्राकर एवं वार्ड पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है। बता दे कि नगर में कांग्रेस पार्टी के चुनावी गतिविधियों में अहम भूमिका निभाने के उद्देश्य से ही पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है। इस चुनावी संग्राम में नगर निगम भिलाई-चरोदा के पार्षदों के अलावा दिग्गज कांग्रेसी नेताओं को बागडोर सौंपी गई है। 24 वार्डों में चौबीस पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है जिसमें धर्मेंद्र कोसरे, संतोष तिवारी, पप्पू चंद्राकर,उपेंद्र पाल, कृष्णा चंद्राकर, मनोज डहरिया, दीप्ति आशीष वर्मा, मोहन साहू, नरेंद्र वर्मा, राम सूर्यवंशी, सुजीत बघेल, एस वेंकट रमन्ना, सन्तोषी निषाद, देवकुमारी भलावी के अलावा लावेश मदनकर, गिरजाशंकर बंछोर के नाम समाहित कर सूची प्रकाशित की गई है।

# पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने किया विभिन्न कार्य का भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



हिमाचल नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष विजय सिंहा ने विभिन्न कार्यों का भुमि पूजन किया जहां विचार व्यक्त करते हुए कहा कि नई परियोजना की शुरुआत का प्रतीक है। यह परियोजना लाखों के काम का परिणाम है, जिसमें हमारी टीम ने अपनी मेहनत और समर्पण से इसे साकार किया है। हम इस परियोजना को जनता को समर्पित करते हैं, जो हमारे समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगी सभी वार्ड मे होगा भूमिपूजन नगर का विकाश की चिंता कर रही हैं हमारी सरकार और बेमेतरा विधायक दीपेश साहू बेमेतरा को मिला विधायक के प्रयास से करोडो के विकास कार्य नगर के चारो तरफ को रोशनी से जगमगाया जायेगा जिसके लिए एक. करोड़ की राशि डी एम फंड से स्वीकृति मिल चूका हैं गौरव पथ मोहभठा रोड हाइस्कूल रोड सभी तरफ लगाए जायेगे स्ट्रीट लाइट नगर का होगा चाहुमुखी विकास। विधायक के प्रयास से होगा नालदा परिसर का निर्माण डॉ भीमराव अम्बेडकर के नाम से बनेगा 150 लाख की लागत से मांगलिक भवन इस अवसर पर वार्ड पार्षद साधे लाल बघेल जी वार्ड 3 की पार्षद सजनी यादव योगेश वर्मा राजू देवागन गोलू भिखम कोशले कमलेश वर्मा संतोष वर्मा धर्मेंद्र साहू लोकनाथ पाल राज वर्मा दीना नाथ साहू नगर पालिका सी एम ओ कोमल सिह ठाकुर भोला राम राजेश पावर सहित वार्ड वासी उपस्थित रहे मुक्ति धाम पहुच निर्माण का हुआ भूमिपुजन जनता की थी पुरानी मांग अब आने जाने की होगी सुविधा सरकार कर रही हैं हर वर्ग की चिंता सबका साथ सबका विकाश के साथ आगे बढ़े और विकाश की गंगा बहाये।

# खोपली स्कूल के 198 बच्चों को सेवा संकल्प समिति ने बांटे जूता मोजा

पायनियर संवाददाता ➤ उतई
www.dailypioneer.com



शासकीय प्राथमिक शाला खोपली के 198 बच्चों को सेवा संकल्प समिति एनएसपीसीएल भिलाई के सदस्यों द्वारा सभी बच्चों को जूता मोजा का वितरण किया गया। सेवा संकल्प समिति एनएस पीसी एल भिलाई द्वारा लगातार सेवा भावना से विभिन्न कार्य किया जा रहा है। जिसमें शासकीय प्राथमिक शाला खोपली में बच्चो को जूता मोजा वितरण और न्योता भोजन के रूप में सभी 198 बच्चो को एक एक पैकेट बिस्किट का वितरण किया गया सर्वप्रथम भारतीय संस्कृति के परंपरानुसार आए हुए अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती का पूजन अर्चन किया गया।समिति के प्रमुख सदस्य रूपलाल लहरें द्वारा सभी बच्चों को आशीर्वचन स्वरूप आगे मन लगाकर पढ़ने की बात कहीं गई। समिति के सदस्य ए वी सत्यनारायण जी के द्वारा सभी बच्चों को संबोधित करते हुए कहा गया कि अपने माता पिता और गुरु का सदैव सम्मान करे और उनके आदर्शों पर चले।समिति के सदस्य मती शारदा साहु ने सभी बच्चों को खेल के साथ अच्छा पढ़ाई की बात कही।मती यमुना साहु ने सभी बच्चों को अपना उद्देश्य तय करने और नशा आदि से दूर रहने की बात कही।स्कूल के संस्था प्रमुख छबिलाल रघुवंशी जी ने सभी अतिथियों का बच्चो के प्रति लगाव ,उनके उत्कृष्ट कार्यो ,सहयोग की भावना को देखते हुए सभी की उज्जवल भविष्य की कामना किया आभार व्यक्त करते हुए शिक्षक गिरीश साहु ने सेवा संकल्प समिति भिलाई के उत्कृष्ट कार्यो की सराहना करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया।मंच का सफल संचालन शिक्षक दीपक साहु ने किया। छत्तीसगढ़ की संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।मंच संचालन शाला के शिक्षक दीपक साहू ने किया।इस अवसर पर सेवा संकल्प समिति के सदस्य भूपेंद्र चंद्राकर, रूपलाल लहरें,भूषण साहु, फुलेश नेताम, ए वी सत्यनारायण, राजकुमार साहु,राकेश सिंह,यमुना साहु, शारदा साहु,आशा सिंह,प्रगति साहु, वीना चंद्राकर,, ए वी लक्ष्मी ,प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक छबिलाल रघुवंशी, गिरीश साहू ,दीपक साहू,,कुमार साहू,मती संतोषी कश्यप, मती रोशनी चंद्राकर, मती रामेश्वरी चंदेल, आदि उपस्थित थे।

# नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए दिनोंदिन बढ़ती जा रही है दावेदारों की संख्या

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

नगर पालिका चुनाव के मद्दे नजर अध्यक्ष पद के दावेदारों की संख्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है इन पंक्तियों के लिखे जाने तक भाजपा के लिए 12 तथा कांग्रेस के लिए भी 12 लोगों ने अपना आवेदन जमा किया है। ज्ञात रहे की दल्ली राजहरा की सीट ओबीसी मुक्त होने की वजह से कई महत्वाकांक्षी लोग अपना भाग्य आजमाने के लिए अध्यक्ष पद के प्रत्याशी के लिए अपना अपना दावा ठोंक रहे हैं।

ज्ञात रहे कि इस बार अध्यक्ष पद का चुनाव सीधे नगर की जनता करेगी इसलिए जनता भी सोच समझ कर अध्यक्ष का चुनाव करेगी। निवृत्ति मान अध्यक्ष का कार्यकाल नगर की जनता ने देख लिया है इसलिए इस बार का चुनाव बहुत आसान नहीं होने वाला है। ऐसे व्यक्ति को ही अध्यक्ष पद मिल सकता है जो आम जनता की भलाई के लिए ही काम करें तथा नगर विकास में अपना पूरा योगदान दे। आज स्थिति यह है कि नगर के 27 वार्ड में कहीं ना कहीं नागरिकों में पूर्व अध्यक्ष को लेकर असंतोष की स्थिति बनी हुई है लेकिन सीट आरक्षित होने से पूर्व अध्यक्ष अपना दावा नहीं कर पा रहे हैं। पहले के कई काम अधूरे बचे हुए हैं और जो काम हुआ है उसकी गुणवत्ता में कमी बताई जा रही है इसलिए नगर की जनता ऐसा अध्यक्ष चाह रही है जो पूरी ईमानदारी से काम करें जिससे आम नागरिकों के साथ-साथ नगर का भी भला हो पाए। अभी कुछ दिन पहले दल्ली राजहरा में भाजपा के , जिला अध्यक्ष नगर पालिका प्रभारी पूर्व जिला अध्यक्ष राजर आए थे जहां दल्ली राजहरा भाजपा मंडल एवं कुसुमकसा भाजपा मंडल की संयुक्त बैठक हुई थी वहां इन नेताओं ने कहा कि हर हाल में भाजपा का अध्यक्ष चुना जाना चाहिए इसके लिए कार्यकर्ता एकजुट होकर वार्ड वार्ड जाकर शासन की जन कल्याणकारी नीतियों को बताएं तथा यह भी बताएं कि यदि नगर पालिका में भाजपा का अध्यक्ष बैठता है तो डबल इंजन की सरकार चलेगी। प्रदेश सरकार की ओर से फंड की कमी नहीं आने दी जाएगी। भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने कहा कि हमें इस बार किसी प्रकार की चूक नहीं करनी है जिस प्रकार से विधानसभा एवं लोकसभा में हम बढ़त हासिल किए हैं उसी जोश के साथ इस चुनाव में हमें जीत अर्जित कर नगर पालिका दल्लीराजहरा एवं नगर पंचायत चिखलाकसा में भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनानी है ताकि केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाएं आम जनता तक पहुंच सके। प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने स्तर पर पार्टी को इस चुनाव पर जीत अर्जित करने के लिए पूरा दमखम लगाना है।

# दो दर्जन शिक्षक बिना आवेदन सूचना के नदारद

## कक्षाएं खाली, टीचर बरामदे में बैठे मोबाइल में व्यस्त, डीईओ ने लगाई कड़ी फटकार

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



शासन द्वारा इस वर्ष को शिक्षा गुणवत्ता वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसी को क्रियान्वन करने की दिशा में जिले के आला अधिकारियों के द्वारा विद्यालयों की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। इसी कड़ी में जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा डॉ कमल कपूर बंजारे शासकीय हाई स्कूल जिया पहुंचे। जहां पर चार शिक्षक निर्धारित समय में बिना किसी सूचना और आवेदन के शाला में अनुपस्थित पाये गये। यहाँ व्याख्याता राजकुमार टंडन, संजू शर्मा, ननकी पात्रे, रेवेश्वर चंद्राकर अनुपस्थित पाये गये। इस विद्यालय में प्रार्थना के समय पर शिक्षकों के न पहुंचे पानी के कारण जिला शिक्षा अधिकारी और विकासखंड शिक्षा अधिकारी दोनों ने प्रार्थना कराये। शासकीय प्राथमिक शाला और पूर्व माध्यमिक शाला जिया के सभी शिक्षक कक्षाओं को छोड़कर अन्यत्र बैठे गप्पे मार रहे थे। इसी तरह से शासकीय प्राथमिक शाला खुड़मुड़ी के तीन शिक्षक जगन्नाथ ध्रुव, अरुणिका रामटेके, किरण बंजारे और पूर्व माध्यमिक शाला खुड़मुड़ी के पांच शिक्षक रामप्रसाद बघेल, रामकुमार ध्रुव, गंगाराम साहू, देवेन्द्र कुमार साहू, भारती तिवारी अपनी अपनी कक्षा को खाली छोड़कर बरामदे में बैठे थे, और मोबाइल में व्यस्त थे। इसी तरह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बाबा मोहतरा के 10 शिक्षक/व्याख्याता और दो कर्मचारी बिना किसी सूचना व आवेदन के निर्धारित समय पर विद्यालय में उपस्थित नहीं थे। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बाबा मोहतरा में व्याख्याता रामकुमार पात्रे, रामावतार वर्मा, दिनेश कुमार सोनी, गिरिजा मिश्रा, रामकुमार देवांगन, तेखन सिंह वर्मा, कुंज बिहारी सिंह ठाकुर, सरिता भारती, नागेश्वर तिवारी व्यायाम शिक्षक, शिवम शर्मा सहायक शिक्षक विज्ञान, मनोज कुमार शर्मा और खिलेश कुमार कन्नौजे सहायक ग्रेड 2 सभी अनुपस्थित पाए गए। इस तरह जिला शिक्षा अधिकारी और वहां के प्राचार्य दोनों ने बाबा मोहतरा स्कूल में बच्चों के साथ प्रार्थना कराये। उक्त सभी लापरवाह और गैर जिम्मेदार शिक्षकों के ऊपर कड़ी कार्यवाही करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी को तीन दिवस के भीतर 20 जनवरी को शाम 4 बजे स्वयं उपस्थित होकर स्पष्टीकरण देने और सभी अनुपस्थित शिक्षकों का एक एक दिन का वेतन काटे जाने के कड़े निर्देश दिये।

# डौंडी लोहारा देव मंडाई के उपलक्ष में हुआ रंग सरोवर कार्यक्रम



पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

डौंडी लोहारा देव मंडाई के उपलक्ष में नगर विकास समिति व युवराज लाल निवेंद्र सिंह टेकाम के तत्वाधान में रंग सरोवर गरियाबंद ( बारुकी ) का कार्यक्रम लाल रघुवीर सिंह मिनी स्टेडियम में रखा गया था जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में तुलसी कौशिक, अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख , युवराज लाल निवेंद्र सिंह टेकाम राजपरिवार, जिला पंचायत सीईओ संजय कन्नौजे, भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र जायसवाल , मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा उपस्थित रहे काफी वर्षो के बाद ऐसा भव्य आयोजन देव मंडाई तथा रात्रि कालीन कार्य म काफी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम समिति के संरक्षक लाल कौशल सिंह टेकाम, अध्यक्ष गौकरण सिन्हा, गुरुदयाल कोसमा , , दयालु कोसमा , सचिव अशोक सिंह, देवपंच अशोक चनाप,तिलक यादव दसरू राम, बलराम यादव, मणि राम बघेल,हीरा छेदाम, अर्जुन कोसमा, थनेश्वर यादव, लौंग उइके, राम कुमार यादव, शिवचरण सिन्हा, धनी पटेल, अनुज पटेल, शत्रुघन भुआर्य, धनी सिन्हा, एवं स्थानीय बैग तथा सभी ग्राम के ग्राम वाशी उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना संचालन हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न



पायनियर संवाददाता ➤ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन के निर्देश के परिपालन में मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चंद्राकर के आदेशानुसार गुरुवार को नगर पालिका परिषद कुम्हारी के सभागार में भारत सरकार की महत्वपूर्ण प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के संचालन के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वेंडर द्वारा अधिकारियों और कर्मचारियों को योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई, जिसमें योजना के लाभ, पात्रता मापदंड, और आवेदन प्रक्रिया शामिल थी। इस योजना का उद्देश्य घरों पर सौर ऊर्जा को बढ़ावा देना और लोगों को अपने घरों में सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस योजना के तहत, सरकार घरों में सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए सब्सिडी भी प्रदान करेगी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में संजय आईच सहायक राजस्व निरीक्षक, गौरव केशरवानी एवं अन्य राजस्व कर्मचारी उपस्थित थे।

# लोकमाता देवी अहिल्या बाई होलकर की त्रिशताब्दी जन्मवर्ष महोत्सव सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ➤ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



सरस्वती शिशु मंदिर एवं जीसीसी सेंटर कुम्हारी के संयुक्त तत्वावधान में विगत शुक्रवार को पुण्यश्लोका लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी जन्मवर्ष महोत्सव का आयोजन उत्साह और उल्लासपूर्वक सम्पन्न हुआ। साथ ही सरस्वती शिशु मंदिर में भारतीय भाषा दिवस , स्वामी विवेकानंद जन्मजयंती उत्सव एवम शाला वार्षिकोत्सव मनाया गया। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। विद्यालय की छात्राओं द्वारा अलग-अलग राज्यों के लोक नृत्य प्रस्तुत किए साथ ही प्रतिभावान भैया-बहनों का सम्मान भी किया गया। भाषा दिवस के अवसर पर मुख्य वक्ता शशांक शर्मा ने कहा कि भारतीय कला , एवम भाषा को आने वाली पीढ़ी तक ले जाना हम सभी का दायित्व है। हमें कम से कम दो भारतीय भाषाओं का ज्ञान होना चाहिए। इस क्षेत्र में रोजगार के अच्छे अवसर भी हैं। लोकमाता देवी अहिल्या बाई जी होलकर पर मुख्य वक्ता शताब्दी सुबोध पांडे ने उनके जीवन संघर्ष एवं मातृभूमि के प्रति समर्पण की गौरव गाथा सुनाई। इसके बाद विद्यालय की छात्राओं ने अहिल्याबाई जी होल्कर के रूपांतरित नाट्य का मंचन किया। इसके उपरांत स्वामी विवेकानंद जी का जन्म महोत्सव मनाया गया। वक्ता आचार्य परमानंद ने बताया कि स्वामी विवेकानंद जी ने भारत भूमि के वर्चस्व को देश-विदेश में आलोकित किया। छात्रों ने स्वामी विवेकानंद जी का वेष धारण कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। अंत में विद्यालय का वार्षिक उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संजय पाण्डेय (पूर्व अध्यक्ष स.शि.म. एवं व्यवसायी) ने की। मुख्य वक्ता के रूप में शताब्दी पाण्डेय (अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्या, सहकार भारती) ने वीरांगना अहिल्याबाई के ओजपूर्ण जीवन के अनेक प्रसंगो का सविस्तार वर्णन कर मातृ शक्ति के अनन्य योगदान का उल्लेख कर समाज, राष्ट्र के विकास में इनकी महती भूमिका को प्रतिपादित किया। विशिष्ट अतिथियों में प्रतीक सरावगी (के.एस.के. इंडस्ट्रीज), आलेख बेहरा (सामाजिक कार्यकर्ता), दीपक सनोडिया, हरिदास वैष्णव (पूर्व व्यवस्थापक स.शि.म.) सम्मिलित हुए। नव निहाल भैया बहिनों ने अपने नृत्यकला से सभी को मोहित किया तो उच्च माध्य की बहनों ने अति सुन्दर छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य प्रस्तुत कर आमंत्रितों को प्रशंसा करते हुए करतल ध्वनि के लिए बाध्य कर दिया। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के कर कमलों से भैया बहनों को पुरस्कृत और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम के संयोजक राजकुमार शुक्ला ( उपाध्यक्ष स.शि.म.) एवं सह संयोजक रामबिहारी मिश्रा ने महोत्सव एवं सम्मान समारोह को भव्यता पूर्वक सम्पन्न किये जाने हेतु उल्लेखनीय योगदान दिया। समिति के राम बिहारी मिश्रा, निश्चय वाजपेयी जीसीसी सेंटर के प्रमुख गीतेश्वर साहू, प्राचार्य मनीषा साहू एवम नगर के सम्मनीय नागरिक विद्यालय के छात्र, जीसीसी के छात्र सम्मिलित रहे। कार्यक्रम का संचालन जागेश्वरी देवांगन ने किया।

# जिंप सीईओ डॉ. कन्नौजे की दो टूकः पीएम आवास लाभार्थियो को न हो किसी प्रकार की असुविधा

## सर्वेक्षण हेतु किसी भी प्रकार के शुल्क का प्रावधान नहीं, कोई मांगे तो करे तत्काल शिकायत : डॉ. सजंय कन्नौजे



पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com

जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लिये आवास प्लस 2024 अंतर्गत सर्वेक्षण कार्य का आरंभ हो गया हैं। जिला पंचायत सीईओ (आइएएस) डॉ. सजंय कन्नौजे ने पंचायत विभाग के सभी अधिकारी कर्मचारियो को पीएम आवास लाभााथिर्यो को किसी प्रकार की असुविधा न होने और उन्हें हर संभव मदद करने तथा समय सीमा में सभी निर्माणाधीन आवास को पूर्ण करने दो टूक में हिदायत दी है। जिला पंचायत के सीईओ द्वारा शुक्रवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला सह- समीक्षा बैठक में योजनार्गत जिले में कार्यरत समस्त आवास मित्र, ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक एवं उप अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, सहायक विकास विस्तार अधिकारी, तकनीकी सहायको को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के दिशा-निर्देशो के अनुरूप अतिरिक्त पात्र ग्रामीण परिवारों के चिन्हांकन वपहचान हेतु आवास प्लस 2024 मोबाईल एप्लिकेशन के माध्यम से स्व सर्वेक्षण एवं सहायक सर्वेक्षण के सुचारू संचालन हेतु विस्तृत एसओपी अनुसार सर्वेक्षण का कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने तथा समस्त पात्र ग्रामीण परिवारो को उक्त सर्वे में शामिल करने निर्देशित किया।

### आवास निर्माण से संबंधित पुस्तिका का किया गया वितरण

इसी क्रम में उन्होंने योजनान्तर्गत कार्यरत आवास मित्रो को योजना से संबंधित संपूर्ण जानकारी प्रदान करते हुए लाभार्थियो से समन्वय स्थापित कर, उनको निर्माण कार्य से संबंधित मटेरियल सामाग्री, राजमिस्त्री एवं अन्य आवश्यक कार्यों में हर संभव मदद करने के साथ प्रथम किश्त प्राप्त हितग्राहियों से मुलाकात कर, जनसामान्य में योजना के प्रति जागरूकता के साथ अप्रारंभ आवासो को यथाशीघ्र प्रारंभ कराने तथा निर्धारित स्तर तक निर्माण कार्य पूर्ण होने पर तत्काल जियो टैगिंग कर किश्त की राशि प्रदान करने निर्देशित किया। उक्त प्रशिक्षण सह समीक्षा बैठक में संबंधित आवास मित्र, रोजगार सहायक, तकनीकी सहायको को आवास निर्माण से संबंधित मार्गदर्शिका, पुस्तिका का वितरण किया गया। तथा बैठक में उपस्थित उप अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, सहायक विकास विस्तार अधिकारी, तकनीकी सहायको को लाभार्थियो से समन्वय स्थापित कर आवास निर्माण में तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान करने निर्देशित किया गया।

### 90 मानव दिवस की मजदुरी राशि जारी करने किया निर्देशित

सीईओ जिला पंचायत डॉ. सजंय कन्नौजे ने वित्तीय वर्षवार स्वीकृत आवासो के प्रगति की समीक्षा करते हुए उपस्थित समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आवास मित्रो को गुणवत्तापूर्ण एवं तकनीकी मापदंड अनुरूप आवास निर्माण पूर्ण किए जाने के साथ ही मनरेगा के तहत 90 मानव दिवस की मजदुरी राशि जारी करने निर्देशित किया। साथ ही समस्त आवास मित्र, ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक एवं उप-अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, सहायक विकास विस्तार अधिकारी, तकनीकी सहायको को अपने आबंटित क्षेत्र में लगातार भ्रमण कर शासन की समस्त योजनाओ का बेहतर ि यान्वयन करने तथा लाभार्थियो से संपर्क स्थापित कर उनके मांग, आवेदन, शिकायतो पर यथासंभव प्रयास कर निराकृत करने को कहा गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यशाल सह समीक्षा बैठक में उप संचालक पंचायत, सहायक परियोजना अधिकारी, मनरेगा, पीएम आवास, एनआरएलएम, एसबीएम एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत सर्व, समस्त कार्यक्रम अधिकारी (मनरेगा), विकासखण्ड समन्वयक एवं तकनीकी सहायक, जनपद पचांयत सर्व एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# नगरदा के शासकीय महाविद्यालय में संपन्न हुआ राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



शहीद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ से संबद्धता अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय नगरदा के द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन कार्यक्रम समन्वयक डॉ सुशील कुमार एक्का के निर्देशन और जिला संगठक प्रो सोमेश कुमार घितोड़े के मार्गदर्शन और प्राचार्य डॉ ए पी गोस्वामी के संरक्षण में शिविर का चतुर्थ दिवस में बौद्धिक बौद्धिक परिचर्चा का आयोजन किया गया कार्यक्रम में पधारे अतिथियों के द्वारा भारत माता, स्वामी विवेकानंद, शहीद वीर नारायण सिंह, गुण्डाधुर, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, रानी दुर्गावती, डॉ भीमराव अंबेडकर, बिरसा मुंडा इत्यादि की प्रतिमा का पूजा अर्पण एवं श्रीफल तोड़कर कार्यक्रम को शुभारंभ किया गया। डॉ. जगन्नाथ हिमधर ने राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा व्यक्तित्व विकास का माध्यम बताया साथ ही राष्ट्रीय युवा दिवस की शुभकामनाएं दी और साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना के ध्येय पुरुष स्वामी विवेकानंद की जानकारी विभिन्न कविताओं गीतों के माध्यम से दिया। स्वामी विवेकानंद के आदर्श सिद्धांत को अपनाने के लिए स्वयंसेवकों को प्रेरित किया। विद्या सिदार जी ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई को समाज एवं राष्ट्र के विकास में योगदान देने के महत्व को बोल दिया और साथी अपने महाविद्यालय जीवन में और राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े रहने की महत्वता एवं भविष्य में उसकी उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दिए। साथ ही जनजातियों के गौरवशाली इतिहास के बारे में बताई। डॉ गीता देवी हिमधर ने सभी स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय युवा दिवस की शुभकामनाएं दीं और साथी स्वामी विवेकानंद की अमेरिका यात्रा में शामिल होना और वहां पर सभी को प्रभावित करना विश्व भर में समाचार उनका नाम आना और विवेकानंद के आदर्श सिद्धांत को अपनाना साथ ही विभिन्न सामाजिक समस्याओं के बारे में समस्याओं पर चर्चा किया गया। विद्यार्थियों को छात्र जीवन में समय प्रबंधन के बारे में विभिन्न अवधारणा द्वारा हिमधर हमने बहुत ही सार संक्षिप्त में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को अपने जीवन में उतारने को कहा। सी एल राठौर जी ने अपने संबोधन में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को सफल कार्यक्रम संचालन के लिए शुभकामनाएं दें और साथ ही एनएसएस के महत्व को समझाया व्यक्तित्व विकास का माध्यम बताया और समाज और राष्ट्र के विकास में युवाओं को महत्वपूर्ण योगदान के बारे में बताएं और साथ ही स्वामी विवेकानंद की जीवनी को बताया। राठौर ने स्वयंसेवकों को एक एक्टिविटी के द्वारा एनएसएस के महत्व को समझाया। संतोष अनंत जी ने अपने संबोधन में बालिका शिक्षा के महत्व को अपने गीतों के माध्यम से समझाया और शिक्षा को जीवन का महत्वपूर्ण पहलू बताया और शिक्षा के माध्यम से समाज और राष्ट्र का विकास में अपना योगदान दे सकते हैं स्वयंसेवकों को ज्यादा से ज्यादा समय पुस्तकों में गुजारने का मंत्र के बारे मे बताया। और अपने वक्तव्य में कहां शिक्षा रूपी शेरनी जो पियेगा वह दहाड़े के द्वारा शिक्षा के महत्व को अनंत ने सभी स्वयंसेवकों को बताया। डॉ जीवन खूंटे जी ने अपने संबोधन में सभी विद्यार्थियों को राष्ट्रीय युवा दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित किया और साथ ही विश्व में पर्यावरण समस्याओं के बारे में विस्तार से जानकारी दिए जिसमें समय में पर्यावरण को प्रदूषित करके मनुष्य के जीवन को कैसे खतरा मोल ले रहे हैं उसके बारे में बच्चों को विस्तार से जानकारी दिया और पर्यावरण को बचाने के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को प्रेरित किया जिससे हम और पर्यावरण स्वच्छ और साफ रहे। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की कार्यक्रम अधिकारी प्रो मुन्ना सिदार द्वारा आगंतुक अतिथियों का आभार प्रदर्शन किया कार्यक्रम में उपस्थित पूरे 41 स्वयंसेवक एवं गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ में होने वाले नगरी चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी के पार्षद एवं अध्यक्ष पद के दावेदारों ने टिकट के मांग के लिए अपना फॉर्म जमा किए

पायनियर संवाददाता ◄ जैजैपुर
www.dailypioneer.com





नगर पंचायत जैजैपुर में कांग्रेस पार्टी के पर्यवेक्षक घनश्याम पांडे प्रदेश सचिव जो नगर पंचायत जैजैपुर के चंद्रा भवन में उपस्थित हुए जहां पर नगर पंचायत चुनाव एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी में चर्चा हुई और वहीं पर नगर पंचायत जैजैपुर के पार्षद पद के उम्मीदवार एवं अध्यक्ष पद के उम्मीदवारों के फॉर्म लिए तथा उन्होंने और भी कहा कि 2- 3 बैठक के बाद ही इन लोगों का नाम पार्षद एवं अध्यक्ष के दावेदारों का नाम चयन किया जाएगा। नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए अंबिका सोनी, अखिलेश सोनी, भुवनेश्वर चंद्रा, सूर्या चंद्रा, सबदर खान, कासम खान, सागर दास महंत एवं दिलीप चंद्रा अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी ठोकी वहीं पर पार्षद के लिए देवारी लाल साहू, बसंत साहू, असलम खान, कृष्णा वैष्णव, परदेसी खान्डे ,तीज मति खान्डे, कैवरा बाई कुर्रे, राजू गोटिया, कुमार चंद्रा, देवसाहू, विष्णु चंद्रा, राकेश अग्रवाल, सद्दाम खान, चंदन धिवर, कौशल खूंटे, कीर्तन साहू राजू चंद्रा, अमृतलाल चंद्रा, अखिलेश सोनी ने पार्षद के लिए अपने दावेदारी प्रस्तुत की। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से घनश्याम पांडे प्रदेश सचिव कांग्रेस पार्टी, अभिषेक स्वर्णकार खमन लाल साहू, नीरा सिदार, राजेश्वरी चंद्रा, लखन लाल राठौर, सदर खान, भुवनेश्वर चंद्रा, अखिलेश सोनी, राजकुमार चंद्रा, बोधसाय चंद्रा, मनोज गबल, सुमिद खान, राजकुमार भारद्वाज, नंदा नायक, गोपाल भारद्वाज मन्चस्थ रहे। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक स्वर्णकार ने किया जिसमें कांग्रेस के अनेकों कार्यकर्ता चंद्राभवन जैजैपुर में उपस्थित रहे।

# डोंड़की में सतनाम महामहोत्सव का आयोजन 29 जनवरी से 31 जनवरी तक

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



जिले के सक्ती विकासखंड अंतर्गत ग्राम डोंड़की- भांठापारा में आगामी 29 जनवरी से 31 जनवरी तक तीन दिवसीय सतनाम महा महोत्सव का भव्य भक्तिमय आयोजन होने जा रहा है। आयोजन की तैयारी में डोंड़की ग्रामवासी लगे हुए हैं। इस संबंध में डोंड़की निवासी तथा आयोजन समिति के सदस्य कैलाश लहरे ने बताया कि डोंड़की गांव में बहुत लंबे समय से हर साल गुरू बाबा घासीदास जी के जयंती के तारतम्य में तीन दिवसीय सतनाम महामहोत्सव का आयोजन होते आ रहा है। इस साल का आयोजन 32 वां आयोजन होने जा रहा है। आयोजन समिति के संजू भारद्वाज ने बताया कि इस साल तीन दिवसीय सतनाम महामहोत्सव में 29 से 31 जनवरी तक बाबा गुरू घासीदास के मनखे-मनखे एक बरोबर पर आधारित समतामूलक सतनाम विचारधारा के संदेश को पंथी लोक नृत्य व गीत संगीत के माध्यम से बताया जायेगा।

इस दौरान तीनों दिन रात्रि कालीन कार्यक्रम में पंथी लोक नृत्य की धूम रहेगी। आयोजन समिति ने कार्यक्रम को रोचक व आनंददायी बनाने के लिए पंथी कलाकारों के लिए पुरस्कारों का ऐलान भी किया है जिसमें प्रथम स्थान पर रहने वाले कलाकारों को 11000 रू व मोमेंटो प्रदान किया जायेगा। इसी क्रम में दूसरे स्थान पर रहने वाले पंथी दल को 9000 रू व मोमेंटो, तीसरे स्थान प्राप्त कलाकारों को 7000 रू व मोमेंटो, चौथे स्थान वालों को 5000 रू व मोमेंटो तथा पांचवें स्थान प्राप्त कलाकारों को 3000 रू व मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। इतना ही नहीं इस बार आयोजन समिति ने बैठक दल के कलाकारों के लिए अलग से इनाम की घोषणा की है जिसके तहत प्रथम स्थान पर रहने वाले कलाकारों को 3000 रू व मोमेंटो, दूसरे स्थान प्राप्त को 2000 रू तथा तीसरे स्थान प्राप्त कलाकारों को 1500 रू व शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

# सक्ती के वार्ड क्रमांक- 17 में लाखों की लागत से बनेगी नई नाली

## विधायक प्रतिनिधि नरेश गेवाडीन ने किया निर्माण कार्यों का भूमि पूजन

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर- 17 में बहु प्रतीक्षित नाली बाबूलाल यादव से सोठी बॉर्डर लागत 4.30 लाख रुपए तथा अमीन किराना से महामाया ट्रेडर्स रेलवे केबिन तक लागत 4.63 लाख रुपए नाली निर्माण का भूमि पूजन किया गया, जिसमें विधायक प्रतिनिधि नरेश गेवाडीन, पूर्व पार्षद मनोहर खूंटे, छाया पार्षद ताहिर खान, रामनारायण शिव प्रधान सुरेश खूंटे पूर्व पार्षद मजीद खान भानु बुधराम यादव ठेकेदार संजय अग्रवाल इंजीनियर तारकेश्वर नायक शयन शुक्ला एवम बड़ी संख्या में वार्ड के नागरिक उपस्थित थे। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि नरेश गेवाडीन ने कहा कि वार्ड क्रमांक- 17 में विकास के अनेकों काम हुए हैं, तथा नगर पालिका परिषद शक्ति में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष के कार्यकाल में जहां विकास के कामों की कोई कमी नहीं थी तो वहीं जन भावनाओं एवं शहर की समस्याओं को देखते हुए नाली, सड़क, बिजली एवं पानी के लिए पहल हुई है तथा स्थानीय विधायक तथा छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत की भी सक्रियता एवं सजगता से पूरे क्षेत्र में विकास के काम निरंतर हो रहे हैं जो कि आगे भी जारी रहेंगे इस अवसर पर वार्ड वासियों ने भी विधायक प्रतिनिधि सहित नगर पालिका प्रशासन का भी धन्यवाद व्यापित किया, उल्लेखित हो की वार्ड क्रमांक- 17 में विधायक प्रतिनिधि नरेश गेवाडीन की धर्मपत्नी रीना गेवाडीन पार्षद थी, तथा उनके पार्षद कार्यकाल में वार्ड वासियों को छत्तीसगढ़ शासन एवं केंद्र शासन की योजनाओं का तथा विभिन्न पेंशन योजनाओं का भी समुचित लाभ प्राप्त हुआ तथा वार्ड वासियों को निरंतर शिविर के माध्यम से इसका लाभ दिलाया गया।

# नगर में चल रहे निर्माणाधीन गौरव पथ का विधायक चातुरी नंद ने की औचक निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com



नगर में बन रहे बन रहे गौरवपथ निर्माण व पोल शिफ्टिंग में बरती जा रही अनियमितताओं व अघोषित बिजली कटौती से व्यवसायियों को रही समस्याओं को लेकर स्थानीय विधायक चातुरी नंद द्वारा अपने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ गौरव पथ व पोल शिफ्टिंग का निरीक्षण करने पैदल मार्च कर निरीक्षण किया। इस बीच अग्रसेन चौक पहुंचकर अनेक व्यापारियों से प्रत्यक्ष भेंटकर व्यापारियों को आ रही परेशानियों से अवगत हुई। इस दौरान व्यवसायियों द्वारा दुकान के सामने रखे पाइपों से हो रही परेशानियों पर गौरवपथ मैनेजर को इसे दूसरी जगह रखने का निर्देश दिया। पोल शिफ्टिंग कार्य में भारी लापरवाही किये जाने की शिकायत पर विधायक नंद ने विद्युत विभाग के डीई व सीएमओ को इस्टीमेट के अनुरूप कार्य नहीं करने वाले ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई किये जाने का निर्देश दिया गया। वही गौरवपथ के मैनेजर व अनेक व्यापारियों ने नगरपालिका द्वारा हनुमान मंदिर के सामने व नगर के कई स्थानों ओर समय पूर्व वृक्षो को नही काटे जाने के कारण इन स्थानों पर नाली व सड़क निर्माण का कार्य बाधित होने की शिकायत की गई। वही बताया गया कि पूर्व में नपाध्यक्ष द्वारा स्वयं खड़े होकर इन वृक्षों की कटाई की जा रही थी पर सिर्फ वृक्षो के डंगालो को काट कर छोड़ दिया गया। गौरवपथ के मैनेजर से विधायक द्वारा पूछे जाने पर बताया गया कि उन्हें नगरपालिका से जैसा आदेश मिला उनके द्वारा उसी तरह का निर्माण कराया जा रहा है।

# नगर के वार्ड क्रमांक 11 में निकाली गई गणतंत्र यात्रा, नूरानी चौक पर किया ध्वजारोहण

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com



नगर के वार्ड क्रमांक 11 में विधायक चातुरी नंद के नेतृत्व में अंचल में धूमधाम से गणतंत्र यात्रा निकाली गई। गणतंत्र यात्रा का शुभारंभ भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी के छायाचित्र में माल्यार्पण कर किया गया।गणतंत्र यात्रा के तहत विधायक चातुरी नंद, कांग्रेस कार्यकर्ताओं और वार्डवासियों ने नूरानी चौक से लेकर पुरानी मंडी और वार्ड में रैली निकाली। भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी और महापुरुषों के नारों से शहर गूंज उठा। नूरानी चौक पहुंचने पर ध्वजारोहण किया गया, तत्पश्चात राष्ट्रगान और राज्यगीत का वाचन भी किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक चातुरी नंद ने कहा कि गणतंत्र के महत्व को जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से सरायपाली अंचल में पिछले साल की भांति इस साल भी गणतंत्र यात्रा निकाली जा रही है। गणतंत्र यात्रा के माध्यम से हम आम जन को संविधान के महत्व को बताते है और संविधान में दिए अधिकारों के प्रति आम जनता को जागरूक करते है। उन्होंने कहा कि इस साल गणतंत्र यात्रा ग्राम केंदूढार के साथ ही सुदूर वनांचल क्षेत्र के ग्राम घाटकछार और उड़ेला में भी कांग्रेस नेताओं के नेतृत्व में ग्रामीणों द्वारा गणतंत्र यात्रा निकाली गई थी। यात्रा में आम नागरिक भी शामिल हो रहे है और गणतंत्र के महापर्व से पहले ही देशप्रेम में झूम रहे है। गणतंत्र यात्रा में पूर्व पार्षद सुरेश भोई, नसीब खान, शुरू पाणिग्रही, हेमा श्रीवास, सरोजनी पाणिग्रही, विधायक प्रतिनिधि अरमान हुसैन, गोपाल अग्रवाल, शंभू चौहान, शेख मोबीन, मोनू अली, जुबैद खान, तस्लीम आलम, नासिर खान, हबीब खान,जमील खान, अनस खान।

# मेडिकल स्टोर्स में बिना प्रिस्कीपसन के पूर्णतः प्रतिबंधित औषधियो के व्यापार पर नियंत्रण के लिए औचक निरीक्षण की कार्यवाही की

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com




लोरमी स्थित मेडिकल स्टोर्स में औशधि विभाग एंव पुलिस विभाग के द्वारा संयुक्त कार्यवाही उपरोक्त विषयांतर्गत जिला दंडाधिकारी एंव पुलिस अधीक्षक के दिये गये निर्दो के परिपालन में 17/01/2025 को औषधि विभाग एंव पुलिस विभाग लोरमी के संयुक्त टीम के द्वारा लोरमी ब्लाक स्थित मेडिकल स्टोर्स में बिना प्रिस्कीपसन के पूर्णतः प्रतिबंधित औषधियो के व्यापार पर नियंत्रण हेतू औचक निरीक्षण की कार्यवाही की गई। छापामार कार्यवाही में लोरमी ब्लाक के बोडतरा, खाम्ही एवं लोरमी क्षेत्र के 07 मेडिकल स्टोर्स में नीली दवाओं के संबंध में जांच किया गया। जांच के दौरान बोडतरा स्थित मेसर्स नवनीत मेडिकल स्टोर्स में संचालक के द्वारा नारकोटिक्स एवं सायकोट्रापिक औषधियों के क्रय-विक्रय अभिलेख मौके पर प्रस्तुत करने में असमर्थ रहे। जिस संबंध में औषधियों के क्रय विक्रय पर तत्काल रोक लगाते हुए, मौके पर फर्म को बंद करवाया गया । उक्त मेडिकल स्टोर्स के विरूद्ध औषधि से संबंधित प्रचलित कानूनों के अंतर्गत जारी की गयी औषधि अनुज्ञप्ति के निलंबन अथवा निरस्तीकरण कार्यवाही की जा रही है। अन्य दुकानों में औशधि नियमावली की अनियमितता पाई गई जिन्हें प्रस्तुत करने हेतू नोटिस दिया जायेगा । संतोषप्रद जवाब नही पाये जाने पर विभाग द्वारा औषधि नियमावली के तहत कार्यवाही की जायेगी। उक्त कार्यवाही के दौरान औषधि निरीक्षक की टीम किरण सिंग, रत्नेश बरगाह, महेन्द्र देवांगन, औषधि विभाग एंव पुलिस थाना लोरमी की टीम संयुक्त रूप उपस्थित थे।

### औषधि विभाग द्वारा नीली दवाओं के विक्रय के संबंध में विगत 09 माह में मुंगेली

जिला के 15 औषधि प्रतिष्ठानों को स्पष्टीकरण नोटिस जारी किया गया जिसमें से 15 मेडिकल दुकानों की अनुज्ञप्तिं को निलंबित किया गया है। गौरतलब हो कि औषधि नियम के अनुसार नो के रूप दुरूपयोग होने वाली औषधियो को बिना प्रिस्कीपसन के बिकी किया जाना पूर्णरूपेण प्रतिबंधित है। मुंगेली जिले के समस्त ब्लाकों के मेडिकल स्टोर्स के नीली दवाओं के अवैध वि य में नियत्रण हेतू आगामी समय में इसी प्रकार औषधि विभाग एवं पुलिस विभाग द्वारा सयुक्त रूप से चरणबद्ध तरिकों से कार्यवाही की जावेगी ।

# विशेष शिविर में सफाई कर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण, स्वास्थ्य पर रखा जा रहा है ध्यान

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com




राज्य शासन के पहल से स्वच्छता के क्षेत्र में सभी निकायों में सहरानीय कार्य निरंतर किये जा रहे है, इस कार्य को सफल बनाने हेतु सभी सफाई मित्रों एवं स्वच्छता दीदियों के स्वास्थ्य पर शासन द्वारा उचित ध्यान भी दिया जा रहा है।

कलेक्टर/निगम प्रशासक ऋचा प्रकाश चौधरी, कमिश्नर सुमित अग्रवाल के निर्देश पर निगम क्षेत्र अंतर्गत सभी SLRM सेंटर में कार्यरत सभी कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत मोबाइल मेडिकल युनिट के माध्यम से किया जा रहा है।दिनांक 18 जनवरी 2025 विशेष शिविर के माध्यम एम.एम.यु क्र 03 को वार्ड 60 कातुलबोड, बटालियन स्क्रू सेंटर में लगाया गया जहाँ सभी स्वच्छता दीदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया,युनिट के मेडिकल ऑफिसर डॉ. रजित ध्रुव ने सभी दीदियों के स्वास्थ्य पर ध्यान देते हुए विभिन जाँच जैसे बी.पी. शुगर, थाइरॉइड, विटामिन Bv2, विटामिन D3, कैल्शियम, HbAvC, LFT, RFT एवं अन्य जांच करवाए। SLRM सेंटर में कार्यरत सेंटर सुपरवाइजर किरण साहू ने बताया कि मोबाइल मेडिकल युनिट के हमारे सेंटर पर आने से सफाई कर्मचारीयों एवं दीदियों को अपने प्राथमिक उपचार हेतु बहुत मदद मिली है, कर्मचारियों को अस्पताल जाने हेतु छुट्टी नही लेनी पड़ती और कार्य स्थल पर ही बेहतर इलाज प्राप्त हो रहा है। तथा विभिन प्रकार के खून जांच की सुविधा हमारी सभी दीदियों को निःशुल्क प्रदान की जा रही है।शिविर पर उपस्थित मेडिकल ऑफिसर - डॉ. रजित ध्रुव,एरिया प्रोजेक्ट मैनेजर - मनीष यादव,नर्स - राधिका यादव,लैब टेक्नीशियन - नुतन चंद्राकर,फार्मासिस्ट - जितेश पाल,वाहन चालक - संतोष मेश्राम। वाहन में सभी को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई।

इस अवसर पर स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत नगरीय क्षेत्र के वार्ड में आ रही स्वास्थ्य परीक्षण वाहन पहुंच उनमें पदस्थ स्टाफ द्वारा सभी स्वच्छता दीदियों और सफाई कर्मियों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया। वाहन में 30 से अधिक प्रकार के स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधा होने के साथ साथ डॉक्टर व निशुल्क दवा की भी सुविधा है।

## जिला के पांच विकासखण्डों के कुल 757 हितग्राहियों को प्रॉपर्टी कार्ड का वितरण किया गया

# कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम ने लाभार्थियों को किया प्रॉपर्टी कार्ड का वितरण

पायनियर संवाददाता ◄ बलरामपुर
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा वर्चुअल रूप से स्वामित्व योजना के तहत देशभर के लगभग 50 हजार ग्रामों में 65 लाख से अधिकार अभिलेखों का वितरण किया गया। कैबिनेट मंत्री एवं रामानुजगंज विधानसभा के विधायक रामविचार नेताम एवं कलेक्टर राजेन्द्र कटारा व जिला पंचायत सीईओ रेना जमील स्वामित्व योजना लाभार्थी व आम नागरिक जुड़े रहे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि 05 साल पहले स्वामित्व योजना का शुभारंभ किया गया था। बीते 05 साल में लगभग डेढ़ करोड़ लोगों को स्वामित्व कार्ड प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि हर क्षेत्र में पानी, स्वास्थ्य संकट,महामारी जैसी कई चुनौतियां हैं, लेकिन विश्व के सामने प्रॉपर्टी अधिकार की चुनौती रही है। इस चुनौती से भारत भी अछूता नहीं था। हमारी सरकार ने प्रॉपर्टी के लिए सबका विकास करते हुए स्वामित्व योजना का संचालन शुरू किया। इस योजना से लाभार्थियों के जीवन में बदलाव आया है। बैंक से लोन लेने में मदद मिल रही है। इस योजना से लाभार्थियों के चेहरे पर खुशी है। कई लाभार्थियों ने स्वामित्व योजना का लाभ मिलने से कानूनी संपत्ति के आधार पर लोन लेकर छोटा-मोटा व्यापार शुरू किया है। इनके लिए प्रॉपर्टी कार्ड आर्थिक सुरक्षा की गारंटी बन चुकी है। शासन द्वारा आमनागरिकों के लिए योनजाएं भी संचालित की जा रही है। उज्ज्वला गैस, नल-जल, बैंकों में खाता हो या आयुष्मान मंदिर से गांव के लोग जुड़ने लगे। रामविचार नेताम ने कहा कि इस कार्यक्रम में स्वामित्व योजना अंतर्गत जिले के 757 हितग्राहियों को प्रॉपर्टी कार्ड का वितरण किया गया। जिसके अंतर्गत स्वामित्व योजना में लोगों के पास अपने घर की प्रॉपर्टी होगी और बैंकों से लोन भी आसानी से मिल जाएगा। कलेक्टर कटारा ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के द्वारा मेरा संपति मेरा हक के तहत 767 लोगों को प्रॉपर्टी कार्ड का वितरण किया जा रहा है इन कार्ड के द्वारा लोग सक्षम हो पाएंगे विकास कार्यो में आसानी होगी। योजना से अनावश्यक भूमि विवादों से लोगों को मुक्ति भी मिलेगी। साथ ही ग्राम पंचायतों को भी शासकीय और निजी भूमि की पहचान करने में आसानी होगी।धारित भूमि की स्पष्ट सीमा निर्धारित होने से भविष्य में होने वाले भूमि संबंधी एवं उत्तराधिकार विवादों में भी कमी आएगी। जिला के पांच विकासखण्डों के कुल 757 हितग्राहियों को प्रॉपर्टी कार्ड का वितरण किया गया है। जिसमें विकासखण्ड बलरामपुर में 76 अधिकार पत्र,रामानुजगंज में 184,वाड्रफनगर 122,राजपुर 155 और कुसमी में 220 अधिकार पत्र वितरित किये गए। अनुविभागीय अधिकारी अमित श्रीवास्तव,जनपद सीईओ रणवीर साय, तहसीलदार रामराज सिंह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रणव रॉय सहित बड़ी संख्या में अमानगरिक मौजूद रहे।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**जल संसाधन संभाग कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**// निविदा निरस्तीकरण आदेश //**

आदेश क्र.185/व.ले.लि./2024-25 कोरबा, दिनांक 15/1/2025

कार्यालय प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग, शिवनाथ भवन, सेक्टर-19, नार्थ ब्लॉक, नवा रायपुर, अटल नगर, रायपुर का पत्र क्र. 4263335/निविदा प्रकोष्ठ/2024/071 (T.C.) के अनुपालन में इस कार्यालय की निविदा सूचना क्र. 03/सिस्टम क्र. 161125 (प्रथम आमंत्रण) / व.ले.लि./ 2024-25 दिनांक 14.11.2024 कोरबा जिले के विकास खण्ड कटघोरा अंतर्गत सेन्द्रीपाली जलाशय योजकैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम ने लाभार्थियों को किया प्रॉपर्टी कार्ड का वितरण

पायनियर संवाददाता बलरामपुर
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा आज वर्चुअल रूप से स्वामित्व योजना के तहत देशभर के लगभग 50 हजार ग्रामों में 65 लाख से

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग कोरबा,
जिला-कोरबा (छ.ग.)

G-242505435/7

# पीढ़ियों से काबिज जमीन का स्वामित्व योजना से मिलेगा मालिकाना हक : मंत्री लखन लाल देवांगन

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन के श्रम, उद्योग एवं कबीरधाम जिले के प्रभारी मंत्री लखन लाल देवांगन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वामित्व योजना ने ग्रामीणों के लिए आर्थिक और सामाजिक स्वतंत्रता का मार्ग प्रशस्त किया है। उन्होंने शनिवार को कवर्धा के पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में स्वामित्व योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में सकबीरधाम जिले के 7,025 संपत्ति कार्ड वितरण का शुभारंभ किया। देश के प्रधानमंत्री नरेंद मोदी ने इस कार्यक्रम में वर्चुअल जुड़े। उन्होंने देश के अलग अलग राज्यों के लाभार्थियों से संवाद कर इस योजना से उनके जीवन में आए सकारात्मक बदलाव के रूबरू भी हुए। कबीरधाम जिले के प्रभारी मंत्री लखन लाल देवांगन ने संबोधित करते हुए कहा कि स्वामित्व योजना वर्षों से अपने घरों में रह रहे ग्रामीणों को उनके घरों का मालिकाना हक और प्रमाणिक दस्तावेज प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि इन दस्तावेजों से ग्रामीण अब आसानी से बैंकों से ऋण प्राप्त कर सकेंगे, जिससे उनकी आय और आत्मनिर्भरता में बढ़ोतरी होगी। इसके साथ ही, संपत्ति के स्पष्ट अधिकार मिलने से जमीन संबंधी विवादों का समाधान भी सरल हो जाएगा। यह योजना न केवल ग्रामीण परिवारों को आर्थिक मजबूती देगी, बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाएगी। कार्यक्रम में मंत्री देवांगन ने ग्रामीणों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह योजना आर्थिक और सामाजिक न्याय की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने इसे प्रधानमंत्री मोदी जी के सबका साथ-सबका विकास की परिकल्पना के साथ ग्रामीण विकास और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य की पूर्ति में एक सशक्त पहल बताया। इस आयोजन का सफल संचालन जिला प्रशासन, पंचायती राज मंत्रालय, भारतीय सर्वेक्षण विभाग और राज्य सरकार के राजस्व विभाग के संयुक्त प्रयासों से किया गया। प्रभारीमंत्री देवांगन ने इससे पहले एक पेड़ माँ के नाम पौधा रोपण किया। उन्होंने कार्यक्रम में स्वामित्व योजनाके तहत कबीरधाम जिले के 113 ग्रामों के 7025 संपत्ति कार्ड वितरण का शुभारंभ किया। उन्होंने भारत सरकार के इस योजनाओ से भविष्य में मिलने वाले लाभों के बारे में विस्तार से संबधित किया। उन्होंने केंद्र सरकार की स्वच्छ भारत मिशन, जनधन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, जनमन योजना, मुद्रा लोन, प्रधान कृषक सम्मान निधि योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं बारे में ग्रामीणों को बताते हुए विस्तार से संबोधित किया। प्रभारी मंत्री ने कार्यकम में उपस्थित सभी को स्वच्छता अभियान में सहभागिता देने और नशा मुक्त भारत-छत्तीसगढ़ का संकल्प दिलाया। पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने स्वामित्व योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि यह योजना उन ग्रामीण परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है, जो पीढ़ियों से अपनी पैतृक संपत्ति पर बिना दस्तावेजों के काबिज थे। अब उन्हें अपनी जमीन और संपत्ति का पूर्ण दस्तावेज के साथ मालिकाना हक मिल रहा है। उन्होंने कहा कि ड्रोन तकनीक के माध्यम से सर्वेक्षण कर पारदर्शिता और सटीकता के साथ संपत्ति रिकॉर्ड तैयार किए गए हैं। इस योजना के तहत कवर्धा, पंडरिया, बोड़ला और सहसपुर लोहारा क्षेत्र के 7,025 लोगों को आज मालिकाना अधिकार प्राप्त हो रहा है। उन्होंने लाभार्थियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपके चेहरे की मुस्कान यह साफ बताती है कि मालिकाना हक पाकर कितना सुकून और संतोष मिलता है। विधायक बोहरा ने यह भी कहा कि यह योजना सबका साथ, सबका विकास की नीति को धरातल पर साकार कर रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री जी और छत्तीसगढ़ सरकार के प्रयासों की सराहना की, जिन्होंने इस क्रांतिकारी योजना को संभव बनाया। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति राम कुमार भट्ट और राजेंद्र चंद्रवंशी,संतोष पटेल ने भी सभा को संबोधित किया। उन्होंने स्वामित्व योजना के महत्व और इसके ग्रामीण जीवन पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह योजना न केवल संपत्ति पर अधिकार प्रदान कर रही है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी सशक्त कर रही है। स्वामित्व योजना के माध्यम से ग्रामीणों को अपने अधिकार अभिलेख प्राप्त हो रहे हैं, जो उन्हें बैंक लोन जैसी आर्थिक सुविधाओं तक पहुंचने में मदद करेगा। यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में संपत्ति विवादों को कम कर सामाजिक समरसता स्थापित करने में भी सहायक सिद्ध हो रही है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने इस ऐतिहासिक पहल के लिए प्रधानमंत्री मोदी और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# मानस उत्सव में तुमाकला की मंडली रही प्रथम



पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिला बेमेतरा में इन दिनों मानस उत्सव का मेला लगा हुआ है इसी कड़ी में श्री ब्रह्मा देव नवधा सत्संग समिति किसान भवन बेमेतरा द्वारा 4 दिवसीय विराट मानस महायज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें छ ग के नामचीन भाग्यशाली मंडलियों ने हिस्सा लिया मंडली की सांगीतिक प्रस्तुति से राम भक्त झूम उठे जिसमें प्रथम स्वरांजली मानस मंडली तुमाकला द्वितीय शारदा रानी मानस मंडली सोरिद महासमुंद तृतीय जय मा सरस्वती मानस मंडली आरला सुरगी चतुर्थ श्री राम आदर्श मानस प्रचार समिति कबीर मठ नदिया पंचम अर्चना आदर्श महिला मानस मंडली बड़े करेली छठवां सुर सिंगार मानस मंडली गातापार अभनपुर सप्तम जय नर्मदा मैया महिला मानस मंडली देवरी बंगला अष्टम तुलसी के राम मानस मंडली कपसीडीह मगर लोर नवम जय बजरंग मानस मंडली डॉडेसरा दसवां लव कुश मानस मंडली बोरसी को प्रदान किया गया वही श्रेष्ठ व्याख्या में बाल समाज मानस मंडली चरोदा भिलाई गायन आदित्य मानस मंडली रिसाली भिलाई तबला सरस्वती मानस मंडली बैजलपुर अनुशासन प्रतिभा बस्तरहीन महिला मानस मंडली हाराडूला कांकेर को प्रदान किया गया कार्यक्रम में स्थानीय विधायक दीपेश साहू जी के साथ जनप्रतिनिधि शामिल हुए अपने उद्बोधन में विधायक जी ने कहा कि मानवता का मिशाल श्री राम चरित मानस में मिलता है प्रभु राम के कर्तव्य पथ से ही आज मानस जन जन के मन में है कार्यक्रम को मा भद्रकाली जिला मानस संघ बेमेतरा अध्यक्ष देवलाल सिन्हा ने भी संबोधित किया और कहा कि सनातन संस्कृति में माता पिता की सेवा ही सबसे बड़ा तीर्थ है जिसका पालन कर प्रभु राम भगवान रूप में जाते है और सारे विश्व का आराध्य है संघ द्वारा गोस्वामी तुलसी दास द्वारा रचित 51000 श्री राम चरित मानस ग्रन्थ हर घर तक पहुंचने का संकल्प एवं वितरण का विस्तृत जानकारी मंच के माध्यम से प्रदान किया गया आयोजन का मुख्य यजमान रवेंद्र वर्मा राजकुमारी वर्मा था प्रत्येक दिवस आरती थाल सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था कार्यक्रम का संचालन खिलेश्वरी यदु कल्याणी सेन लोकेंद्र सेन ने किया कार्यक्रम के अध्यक्ष धनेश वर्मा ने बताया कि प्रतिदिवस हजारों की संख्या में भक्त कथा श्रवण पान के लिए पंडाल में पहुंचते थे संध्या कालीन आरती पश्चात प्रसादी वितरण किया जाता था संयोजन छगन साहू मनोज साहू एवं विष्णु साहू ने किया किया था कार्यक्रम में मनोज रजक रमेश साहू ,लक्की साहू,राजेंद्र रजक,धनेश वर्मा, राधे साहू, मेंघु वर्मा, दीपक मानिकपुरी, बसंत मानिकपुरी, तुलसी रजक,मोनू मानिकपुरी,उमाकांत साहू, प्रियंक वर्मा जैसे युवाओं से सजे समिति की कार्यकलापों का सभी ने सराहना किया संघ की ओर से बिहारी यदु ओम यदु रिझन सेन ओंकार चंद्राकर महेश साहू लता निषाद भरत साहू राजकुमार ताम्रकार राजेंद्र मानिकपुरी गोपी साहू पोषण सिन्हा शिव साहू (पूर्व पार्षद) गजेंद्र वर्मा ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया अंत में आभार प्रदर्शन संस्था के संरक्षक मंगत साहू ने किया ।

# एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित













पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com





श्री बालाजी मेडिकल फाउंडेशन एवं शेखर साहू इंदिरा गांधी वॉर्ड क्रमांक 27 के सौजन्य से एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर दिनांक 18.01.2025 शनिवार को प्रातः 12 बजे से शाम 5 बजे तक जोरापारा, सामुदायिक भवन परिसर में आयोजित किया गया। जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विशेषज्ञ चिकित्सकों से जनसमस्याओं पर चर्चा की जिसमें हड्डी रोग से संतोष बंजारे, स्त्री रोग विशेषज्ञ प्रीति बंसोड, जनरल मेडिसिन धनेंद्र साहू, नेत्र रोग से वेद यादव तथा दंत रोग से मधुलिका सोनी अस्पताल मार्केटिंग टीम से चंद्रकांत श्रीवास, आकाश एवं विवेकानंद मिश्रा, सुनिल वर्मा एवं नर्सिंग स्टाफ, प्रीति , नेहा तथा पार्षद सुरेश चन्नावर,शहर कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे, छ. ग. पिछड़ा वर्ग कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष केशव चंद्राकर तथा वार्ड के कार्यकर्ता एवं वार्ड निवासी उपस्थित रहे। शिविर में बीपी, ब्लड शुगर, जनरल मेडिसिन, नेत्र रोग, स्त्री रोग, दंत रोग, हड्डी रोग का निःशुल्क इलाज किया गया। आयोजकों ने श्री बालाजी हॉस्पिटल में संचालित योजनाओं जिनमें मुख्य रूप से निःशुल्क डिलीवरी व निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन योजना की विशेष सराहना की एवं समस्त टीम का आभार व्यक्त किया।



# प्रभारी मंत्री देवांगन ने एक पेड़ मां के नाम के तहत किया पौध रोपण

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट एवं जिले के प्रभारी मंत्री लखन लाल देवांगन ने कबीरधाम प्रवास के दौरान कवर्धा के पीजी कालेज मैदान में एक पेड़ मां के नाम के तहत पौध रोपण किया गया। मंत्री देवांगन कवर्धा के पीजी कालेज के आडोटोरियम में स्वामित्व कार्यक्रम के शामिल होने आए थे। इस अवसर पर अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा, जिला पंचायत अध्यक्ष सुशीला रामकुमार भट्ट, राजेंद्र चंद्रवंशी, संतोष पटेल, कैलाश चंद्रवंशी, कलेक्टर गोपाल वर्मा, जिला पंचायत सीईओ अजय त्रिपाठी ने पौध रोपण किया।

# नगपुरा में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत किया गया विभिन्न कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ➤ उतई
www.dailypioneer.com



महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा दुर्ग ग्रामीण परियोजना के प्राथमिक शाला नगपुरा में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम मे महिलाओं का कुर्सी दौड़, मटका फोड़ करवाया गया ।जिसके कुर्सी दौड़ में प्रथम सरस्वती सिन्हा, द्वितीय दामेश्वरी देशमुख, तृतीय स्थान दीपक गौतम एवं मटका फोड़ में प्रथम ममता साहू, द्वितीय सुनीता देवांगन, तृतीय स्थान पुष्पलता देवांगन को पुरस्कृत किया गया । कार्यक्रम में सानवी, तेजस्विनी, पार्थ, प्रांजन,परिणिता का अन्नप्राशन खीर खिलाकर किया गया एवं 6 माह तक सिर्फ और सिर्फ मां का दूध पीना चाहिए और 6 माह के पश्चात दूध के साथ अनिवार्य रूप से अतिरिक्त पोषण आहार खिलाया जाए का संदेश दिया गया । साहिना, मधु, मंजु, पूजा, प्रिया का गोदभराई किया गया । कार्यक्रम में सभी के द्वारा बाल विवाह प्रतिषेध का शपथ लिया गया। कार्यक्रम में स्वच्छ जल मिशन के अंतर्गत 40 बच्चो को पानी का बोतल दिया गया। छोटे बच्चों द्वारा सांस्कृतिक का आयोजन किया गया जिनको प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी साहू रही जिनके द्वारा कार्यकर्ताओं के कार्यो की खुलकर प्रशंसा की गई एवं उनके द्वारा कहा गया कि विभाग की पूरी टीम निस्वार्थ एवं निष्पकछ रूप से समाज सेवा करते है जो असली में सम्मान के पात्र है । कार्यक्रम में नगपुरा, रसमदा, अंजोरा परिक्षेत्र की कार्यकर्ताएं समूहों की महिलाएं एवं अन्य ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# गांजा प्रकरण: आरोपियों को पांच -पांच वर्ष व अर्थदंड से दण्डित

**सरायपाली।** विशेष न्यायाधीश (एन.डी.पी.एस.) शोभना कोष्टा प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश सरायपाली के न्यायालय द्वारा दो अलग अलग प्रकरणों में दोषी पाते हुए आरोपीगण को कठोर दण्ड से दण्डित किया गया है। थाना सरायपाली में दर्ज अपराध धारा 20 (बी) नारकोटिक एक्ट के अंतर्गत आरोपी विक्की उर्फ कमलकांत लम्बर थाना सरायपाली एवं पप्पू उर्फ ताराचंद साहू लोहरीनडीपा थाना सरायपाली के संयुक्त कब्जे से जप्त 5 किलो 700 ग्राम गांजा के दोषी पाकर दोनो आरोपीगण को 5-5 वर्ष का कारावास एवं 50-50 हजार के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**

**// प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना //**

विज्ञापन क्रमांक-70

छ.ग. गृह निर्माण मण्डल राजधानी परियोजना संभाग-नवा रायपुर अटल नगर अंतर्गत छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, मुख्यालय, पर्यावास भवन, नवा रायपुर अटल नगर में पेंटिंग, आंतरिक साज-सज्जा, कार्यालयीन नेम प्लेट प्रदाय सह स्थापना कार्य एवं सेक्टर-29 में 12 नग प्रकोष्ठ भवन के मरम्मत कार्य हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी के पंजीकृत निविदाकार/ठेकेदार से मेनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना मण्डल वेबसाईट http://cghb.gov.in में उपलब्ध है तथा अन्य जानकारी हेतु कार्यपालन अभियंता, राजधानी परियोजना संभाग, नवा रायपुर अटल नगर के फोन नं. 9425238891 पर संपर्क करें।

संवाद-42899/3

कार्यपालन अभियंता

**NAVA RAIPUR ATAL NAGAR VIKAS PRADHIKARAN**

Paryavas Bhawan, North Block, Sector-19, Nava Raipur Atal Nagar-492002, Chhattisgarh
Tel No : +91 771 2512000; Fax No : +91 771 2512400
Website : www.navaraipuratalnagar.com, http://eproc.cgstate.gov.in

**E-Procurement Tender Notice**

The Chief Executive Officer, **NRANVP** invites tender for following works:

**NIT No: 80/WWH-Sec.16/EEC-IV/CE/NRANVP/2024-25, Nava Raipur Atal Nagar, Distt. Raipur, Dated : 16.01.2025**

**Name of Work :** "Construction of Working Woman's Hostel at Plot No. C-8, Sector 16, Nava Raipur Atal Nagar, Dist.-Raipur(C.G.)"

Estimated cost : **INR 77.99 Crs.**, EMD : **INR 79.00 Lakhs**, Period of Completion : **15 Months**

**Last Time & Date of Online Submission : 15:00hrs on 10/02/2025**

The E-Procurement tender documents can be downloaded from the portal (Website) http://eproc.cgstate.gov.in directly and shall be submitted online on the same website only after making on payment of bid participation fees online.

**Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.**

संवाद - 42841/2

**Chief Engineer, NRANVP**

# उत्कृष्ट शैक्षणिक संस्थाओं में नि:शुल्क अध्ययन एवं प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन 23 मार्च को

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

कार्यालय आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास के निर्देशानुसार जिले के कक्षा 6 वीं मे राज्य के उत्कृष्ट शैक्षणिक संस्थाओं में निःशुल्क अध्ययन एवं प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन 23 मार्च 2025 को किया जाएगा। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि परीक्षा में शामिल होने के लिए इच्छुक विद्यार्थियों को वर्तमान में कक्षा 5वीं में नियमित अध्ययनरत् होना तथा कक्षा 4थीं की परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक या समकक्ष ग्रेड प्राप्त किया होना अनिवार्य है। ऐसे विद्यार्थी इस योजना के तहत् आयोजित चयन परीक्षा में शामिल होने के पात्र होगें। चयन परीक्षा के प्राप्तांको की मेरिट के आधार पर कक्षा 6वीं के लिये अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग हेतु आबंटित किये गए राज्य में स्थित उत्कृष्ट शिक्षण संस्थाओं में प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश हेतु आयोजित चयन परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों के पालक की वार्षिक आय 2.50 लाख से अधिक नहीं होना चाहिए साथ ही योजनांतर्गत विद्यार्थियों का चयन पूर्णतः ग्रामीण क्षेत्र क्षेत्र में स्थित शालाओं के विद्यार्थियों से जो कक्षा 5वीं में अध्ययनरत् हो वे इस योजना का लाभ लेने हेतु पात्र होंगे। शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा 6वीं में प्रवेश दिलाने हेतु आयोजित परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु कक्षा 5वीं में अध्ययनरत विद्यार्थी अपने आवेदन पत्र के साथ कक्षा 4थीं की अंक सूची, जाति प्रमाण-पत्र, पालक का आयकरदाता नहीं होने प्रमाण-पत्र संस्था का ग्रामीण क्षेत्र में स्थित होने का प्रमाण-पत्र अपने शाला में 14 फरवरी 2025 तक जमा कर सकते है। उन्होंने बताया कि उक्त संबंध में अधिक जानकारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं विभागीय वेबसाईट https // tribal.cg.gov.in पर अवलोकन कर सकते हैं।

# जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर ने किया एनईवी पोर्टफोलियो का विस्तार

## अपने लग्जरी ब्रांड चैनल एमजी सिलेक्ट तहत पेश किए एमजी साइबरस्टर और एमजी एम-9

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने दो नए मॉडलों के लांच के साथ 'ऐक्सैसिबल लक्ज़री' के नए युग में कदम रखा है। ये नए मॉडल हैं- भारत की पहली ऑल-इलेक्ट्रिक रोडस्टर एमजी साइबरस्टर और भारत की पहली इलेक्ट्रिक थ्री-रो प्रेसिडेंशियल लिमोज़ीन एमजी एम9 इन्हें इस साल लॉन्च किया जाना है। आज भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में प्रस्तुत किए गए नए लक्जरी ब्रांड चैनल एमजी सिलेक्ट के तहत डेब्यू करते हुए ये नए मॉडल भारत में मोबिलिटी के एक नए युग की शुरुआत करने के कंपनी के विज़न को दर्शाते हैं - जो इंटेलीजेंट, सस्टेनेबल और ग्राहक-केंद्रित है। एमजी साइबरस्टर और एम9 के लिए प्री-रिजर्वेशन आज से शुरू हो रहे हैं और ग्राहक www.mgselect.co.in पर लॉग इन करके इन दोनों कारों को प्री-बुक कर सकते हैं। इन दो नए मॉडलों के साथ, ब्रांड के पास जल्द ही विभिन्न सैगमेंट्स में पांच अलग-अलग मॉडलों के साथ सबसे बड़ा इलेक्ट्रिक वाहन पोर्टफोलियो होगा, जिसमें एमजी विंडसर भी शामिल रहेगी जो अपने लॉन्च के बाद से सबसे ज्यादा बिकने वाली इलेक्ट्रिक कार है, इसके अलावा शामिल होंगे- एमजी कॉमेट और एमजी ज़ेडएस। भारत की पहली ऑल-इलेक्ट्रिक रोडस्टर एमजी साइबरस्टर बैस्ट-इन-क्लास टेक्नोलॉजी और फ्यूचरिस्टिक डिजाइन के साथ क्लासिक एमजी बी रोडस्टर को नए रूप में लेकर आई है।

**शपथ पत्र**

मैं रोहित लाल यादव आ. शत्रुधन यादव जाति-यादव, साकिन-वार्ड नं 01 दल्ली राजहरा तह. डौडी जिला बालोद छ.ग. का निवासी हूं जो कि शपथकर्ता निम्नलिखित शपथपूर्वक कथन करता हूं :-

1. यह कि मैं ग्राम वार्ड नं. 01 दल्लीराजहरा तह. डौडी जिला बालोद छ.ग. का मूल निवासी हूं। मेरा वास्तविक वो सही नाम रोहित लाल यादव आत शत्रुघन यादव है जो कि मेरे समस्त शैक्षणिक अभिलेखों आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में अंकित है।
2. यह कि जब मेरे नाम पर आर.टी.ओ से हैवी ड्रायविंग लायसेंस प्रदान किया गया था उसमें मेरा नाम रोहित लाल आ. शत्रुघन अंकित हो गया है जबकि मेरे विभिन्न दस्तावेजों में मेरा नाम रोहित लाल यादव आ. शत्रुघन यादव अंकित है। अतः मैं अपने ड्रायविंग लायसेंस में अपना नाम रोहित लाल यादव आ. शत्रुघन यादव अंकित करवाना चाहता हूं ।
3. यह कि मैं शपथपूर्वक कथन करता हूं कि विभिन्न अभिलेखों में दर्ज नाम रोहित लाल यादव आ. शत्रुघन यादव एवं ड्रायविंग लायसेस में दर्ज नाम रोहित लाल आ. शत्रुघन मेरे एक ही व्यक्ति का ही नाम है। यदि बाद में उक्त दोनों नाम अलग-अलग व्यक्ति का होना पाया गया तो उसकी पूरी जवाबदारी मुझपर होगी ।
4. यह कि मुझे अपने ड्रायविंग लायसेंस में अपना नाम रोहित लाल यादव आ. शत्रुघन यादव दर्ज करवा कर नया ड्रायविंग लायसेंस प्राप्त करने हेतु श्रीमान अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय बालोद के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु इस शपथपत्र की आवश्यकता है, अतः शपथ पत्र प्रस्तुत हैं।

शपथकर्ता

**// सत्यापन //**

मैं उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूँ कि मेरे द्वारा शपथपत्र की कंडिका 1 से 4 मे दी गई जानकारी सत्य व सही हैं। आज दिनांक 03/01/2025 की अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित कर दिया हूँ।

शपथकर्ता

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सरायपाली, जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक 77/क/भू.व्यप./अविअ/2025 सरायपाली दिनांक 16/01/2025

आवेदक अशोक कुमार पिता दशरथ निवासी सरायपाली तहसील सरायपाली जिला महासमुंद के द्वारा ग्राम जोगनीपाली में स्थित भूमि खसरा नंबर 558/1 रकबा 0.04 हे. भूमि को कृषि मद से भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने हेतु बी-1, नक्शा एवं खसरा के बैनामा के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि को व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति/दावा प्रस्तुत करना हो तो इस न्यायालय में दिनांक 02/02/2025 तक स्वयं या अपने अभिाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सरायपाली

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सरायपाली, जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक 86/क/भू.व्यप./अविअ/2025 सरायपाली दिनांक 16/01/2025

आवेदिका हेमलता पटेल पति देवनारायण पटेल निवासी पेलागढ़ तहसील सरायपाली जिला महासमुंद के द्वारा ग्राम नवागढ़ में स्थित भूमि खसरा नंबर 255/1 रकबा 0.32 हे. भूमि को कृषि मद से भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने हेतु बी-1, नक्शा एवं खसरा के बैनामा के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि को व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति/दावा प्रस्तुत करना हो तो इस न्यायालय में दिनांक 02/02/2025 तक स्वयं या अपने अभिाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सरायपाली

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सरायपाली, जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक 75/क/भू.व्यप./अविअ/2025 सरायपाली दिनांक 14/01/2025

आवेदकगण छबिलाल पिता बालाराम एवं 01 अन्य निवासी मोखापुटका तहसील सरायपाली जिला महासमुंद के द्वारा ग्राम मोखापुटका में स्थित भूमि खसरा नंबर 694 रकबा 0.4100 हे. में से 0.10 भूमि को कृषि मद से भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने हेतु बी-1, नक्शा एवं खसरा के बैनामा के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि को व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति/दावा प्रस्तुत करना हो तो इस न्यायालय में दिनांक 30/01/2025 तक स्वयं या अपने अभिाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सरायपाली

# ऑटो एक्सपो से दो दिन में सरकारी खजाने में पहुंच गया 100 करोड़

## आजीवन रोड टैक्स में 50 फीसदी की छूट से ग्राहकों को मिले 13 करोड़

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

साइंस कालेज मैदान में राडा द्वारा आयोजित ऑटो एक्सपो शनिवार को शासकीय अवकाश के चलते गुलजार रहा। जिस रफ्तार से वाहनों की बिक्री व डिलीवरी हो रही है औसत प्रति दिन 1000 से ऊपर वाहन का आंकड़ा स्पष्ट दिख रहा है। जैसे कि पहले दिन 1550 वाहन बिक गई दूसरे दिन भी यही उम्मीद थी लेकिन 1157 अंतिम आंकड़े रहे। कुल मिलाकर दो दिन में 2613 वाहनों की बिक्री सभी सेग्मेंट के वाहनों को मिलाकर हुई। शनिवार को हजार से बारह सौ के लगभग बिक्री तय है। इस आधार पर दो दिन में सरकारी खजाने में 100 करोड़ से ज़्यादा पहुंच गए हैं, क्योंकि ऑटोमोबाइल इंडस्ट्रीज पर 28 प्रतिशत जीएसटी देय है। ऑटो





एक्सपो में आजीवन रोड टैक्स पर 50 प्रतिशत छूट राज्य सरकार द्वारा दिए जाने से आरटीओ को भी अच्छा खासा फायदा हो रहा है। ग्राहकों को इससे 13 करोड़ रुपए की छूट उठाने का मौका मिला है। इस लिहाज से देखें तो यह ऑटो एक्सपो सरकार, डीलर्स व कस्टमर तीनों के लिए काफी फायदेमंद साबित हो रहा है।

राडा के अध्यक्ष रविन्द्र भसीन, उपाध्यक्ष कैलाश खेमानी, सचिव विवेक अग्रवाल और कोषाध्यक्ष मुकेश सिंघानिया ने एक्सपो में हुए इस शुरुआती कारोबार के लिए राज्य सरकार व कस्टमर परिवार का आभार जताया है। हर दिन नए आयाम तय करते इस एक्सपो में पहुंचने वाले अधिकांश लोग अपनी मनपसंद वाहनों की खरीदी कर रहे हैं। रोड टैक्स में छूट की सौगात जो एक्सपो अवधि के दौरान सरकार ने दी है उसका फायदा औसतन दोपहिया वाहन में 8 फीसदी तथा फोर व्हीलर्स व कमर्शियल में 10 फीसदी का फायदा हो रहा है। आन स्पाट फाइनेंस की सुविधा भी बैंकिंग सहयोगी प्रदान कर रहे हैं, इसमें जीरो प्रोसेसिंग फी है। इसलिए ग्राहको को कोई फाइनेंशियली दिक्कत भी नहीं आ रही है।

ऑटो एक्सपो में विविध प्रकार के कार्यक्रम भी रोज हो रहे हैं। शनिवार को इंटरटेनमेंट में म्यूजिकल बैंड व ड्रांस ग्रुप की शानदार प्रस्तुति से कस्टमर परिवार व विजिटर्स आनंद उठाते रहे। आने वाले दिनों में फैशन शो, क्वीज प्रतियोगिता से लेकर और भी कार्यक्रमि किए जाएंगे। रोड सेफ्टी को लेकर भी विभिन्न प्रकार के अवेयरनेस प्रोग्राम किए जा रहे हैं। ऑटो एक्सपो स्थल साइंस कालेज के विशाल मैदान में आयोजित हैं इसलिए पहुंचने वालों को पार्किंग की आसान सुविधा भी मिल रही है। कल संडे को और भी ज्यादा संख्या में लोगों की पहुंचने की संभावना को देखते हुए स्टॉल होल्डर्स ने विशेष तैयारी कर रखी है।

# भाटापारा, मॉडर्न इंग्लिश स्कूल में वार्षिक खेल पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

पायनियर संवाददाता ◂ भाटापारा
www.dailypioneer.com

मॉडर्न इंग्लिश स्कूल में खेल पुरस्कार वितरण समारोह मनाया गया। समारोह के विशिष्ट अतिथि स्के सिंह प्राचार्य डीएवी एमपीएस टिकुलिया भाटापारा, समारोह की अध्यक्षता की आलोक मिश्रा, सदस्य श्रम कल्याण बोर्ड, छत्तीसगढ़ शासन, राजीव बाटवे ,अध्यक्ष एवं अंजलि बाटवे, कोषाध्यक्ष, दीपक बेडेकर, उपाध्यक्ष श्री साई समिति, प्राचार्या एवं सचिव श्री साई समिति के द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।शाला प्राचार्या प्रीति ताम्हने ने अतिथियों के स्वागत उद्बोधन में वार्षिक खेलकूद एवं राष्ट्रीय स्तर से ब्लॉक स्तर तक की खेल उपलब्धियों का ब्योरा प्रस्तुत किया। इस वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में कक्षा नर्सरी से आठवीं तक के 435 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विद्यालय के खिलाड़ियों ने समय-समय पर राष्ट्रीय स्तर, राज्य स्तर,संभाग स्तर, जिला स्तर एवं विकासखंड स्तर पर कई सफलता के परचम लहराये। 7 से 12 दिसंबर तक जगदलपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में आर्चिस विभा कोसले ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कोरबा में 22 से 28 दिसंबर में आयोजित नेशनल लेवल नेटबाल प्रतियोगिता में अमन यदु, निखिल साहू कक्षा सातवीं,धनेंद्र पंसारी कक्षा आठवीं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। आस्था जायसवाल कक्षा आठवीं की योग में जिला स्तर पर विजेता रही। प्राची साव, अन्नू पाल,चैताली देवांगन, खनक यादव,गौरी सिंह कक्षा सातवीं, रूद्र दास,मो अमान कक्षा छठवीं योग में ब्लॉक स्तर पर विजेता रहे। श्रेया साहू, प्रांशु जायसवाल कक्षा आठवीं ने जूडो में ब्लॉक स्तर पर विजेता रहकर विद्यालय का नाम रोशन किया। खो-खो में अन्नू पाल कक्षा सातवीं ने ब्लॉक स्तर पर विजेता रहकर विद्यालय को गौरवान्वित किया। सोमाक्ष वर्मा कक्षा सातवीं ने क्रिकेट में जिला स्तर तक खेल कर शाला का गौरव बढ़ाया। कात्यायनी सिंह चौहान, वरुण सोनी, समर रजक कक्षा आठवीं,तनुश्री चौहान कक्षा छठवीं की कराटे में ब्लॉक स्तर पर विजेता रही। इसी खेल सप्ताह के समापन समारोह में सभी विजेताओं, उप विजेताओं और विशेष उपलब्धि प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए गए, जिसके अंतर्गत 28 विशेष उपलब्धि अवार्ड, 27 शील्ड अवार्ड ,अतिथियों के करकमलो द्वारा वितरित किए गए। इस अवसर पर सत्र 23 24 के शैक्षणिक पुरस्कार विशिष्ट अतिथि और श्री साई समिति पदाधिकारियो द्वारा प्रदान किए गए। सत्र 24- 25 के सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी का पुरस्कार प्रत्यूष साहू को दिया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में एसके सिंह ने कहा कि मॉडर्न इंग्लिश स्कूल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और मजबूत मूल्यो के लिए जाना जाता है। यह प्रत्येक छात्र को अपनी क्षमता का एहसास करने और अपने सपनों को हासिल करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। इस विद्यालय के होनहार विद्यार्थी भाटापारा के बड़े स्कूलों में आसानी से प्रवेश पा लेते हैं जिसमें से मेरा स्कूल भी है। यहां उनका सर्वांगीण विकास होता है तत्पश्चात अतिथियों को भेट स्वरूप स्मृति चिन्ह विद्यालय व समिति के पदाधिकारियों द्वारा प्रदान किए गए। इस अवसर पर बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसका प्रारंभ गणेश वंदना व सरस्वती वंदना नृत्य के साथ हुआ।

### जिला महासमुंद तुम गांव के नगर पंचायत पर्वेक्षक बने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव सुनील कुकरेजा



**रायपुर।** सुनील कुकरेजा तुमगांव नगर पंचायत में पर्वेक्षक नियुक्त - छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष माननीय दीपक बैज के आदेशानुसार नगरीय निकाय चुनाव 2026 के लिए नगर पंचायत छेत्र के लिए पर्वेक्षक नियुक्त किया गया है। नगर पंचायतवार पर्वेक्षक की सूची में महा समुंद जिले के तुमगांव के लिए सुनील कुकरेजा की नियुक्ति की गई है।

### कलेक्टर दर पर नियुक्त डाटा एन्ट्री ऑपरेटरों की मजदूरी दर स्वीकृत

**कांकेर।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी ने जानकारी दी है कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के प्रशासनिक मद से कलेक्टर दर पर नियुक्त डाटा एन्ट्री ऑपरेटरों की मजदूरी कलेक्टर दर के आधार पर अक्टूबर एवं नवम्बर का एरियर्स तथा माह दिसम्बर का वेतन की राशि 51 हजार 824 रूपए स्वीकृत की गई है।

# आज प्लॉट मेले का आखरी दिन

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



सिंघानिया बिल्डकॉन ग्रुप द्वारा प्लॉट मेले का आयोजन किया गया है, जिसका आखिरी दिन आज है। आपको बता दें कि नरदहा स्थित हर्षित गोल्ड सिटी में प्लॉट मेला 17 से 19 जनवरी तक आयोजित होगा। सिंघानिया बिल्डकॉन द्वारा बताया गया कि यह एक विशेष तीन दिवसीय आयोजन है, जो निवेशकों और घर खरीदने वालों के लिए एक सुनहरा अवसर प्रस्तुत करता है। इस आयोजन में आपको प्रीमियम रेजिडेंशियल प्लॉट्स का स्वामित्व प्राप्त करने का मौका मिलेगा, जो एक लक्ज़री टाउनशिप में आधुनिक सुविधाओं और बेहतरीन जीवनशैली के साथ उपलब्ध हैं। हर्षित गोल्ड सिटी, सिंघानिया बिल्डकॉन ग्रुप का एक प्रोजेक्ट है और यह RERA पंजीकृत है (PCGR-ERA0 40123001580)। यहाँ के प्लॉट्स का आकार 600 से लेकर 1700 वर्ग फीट तक है और इसकी प्रारंभिक कीमत ?10.99 लाख से शुरू होती है। हर्षित गोल्ड सिटी में 100 से अधिक विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान की जाती हैं, जिनमें बच्चों के लिए खेल क्षेत्र, मंदिर, क्लब और रिक्रिएशन सेंटर, एम्फीथिएटर, नेट क्रिकेट और वॉलीबॉल कोर्ट, आउटडोर और इंडोर जिम, कई लैंडस्केप गार्डन और स्विमिंग पूल जैसी सुविधाएं शामिल हैं। इसके अलावा, यह परियोजना N.H. गोयल वर्ल्ड स्कूल, ज्ञान गंगा स्कूल, ष्ठ.क्क.स्. (दिल्ली पब्लिक स्कूल), कोलंबिया कॉलेज, एम.जी.एम. आई हॉस्पिटल, अंबुजा मॉल और हैरिटेज हॉस्पिटल जैसे प्रमुख स्थानों के पास स्थित है, जो इसके निवासियों के लिए अत्यधिक सुविधाजनक है। सिंघानिया बिल्डकॉन ग्रुप 1993 से जीवनशैली का निर्माण कर रहा है और CREDAI और RERA द्वारा अनुमोदित है, जो इस परियोजना की पारदर्शिता और विश्वसनीयता की गारंटी देता है। इस विशेष आयोजन का लाभ उठाएं और हर्षित गोल्ड सिटी में प्लॉट में निवेश करें, जहाँ आपको लक्ज़री जीवनशैली और बेहतरीन सुविधाओं का अनुभव मिलेगा।

# 20 हजार के अधिक बकाया राशि वाले 20 उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन काटे गए

पायनियर संवाददाता ◂ भाटापारा
www.dailypioneer.com



विद्युत विभाग के संभागीय कार्यालय के अधीनस्थ विभिन्न स्थानों के 20 हजार से अधिक बकाया वाले विद्युत कनेक्शनो पर कार्यवाही करते हुए 20 उपभोक्ताओं के सीधे कनेक्शन काट दिए गए। गौरतलब है कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर की गई कार्यवाही से विद्युत उपभोक्ताओं में हड़कंप मच गया है । विद्युत विभाग अब ऐसे प्रकरणों के निपटारे के लिए न्यायालय जाने की तैयारी कर रहा है। कटी हुई लाईनों के विवरण- ग्राम / वार्ड सुरजपुरा तुरमा क. उपभोक्ता का नाम बकाया राशि 1. जैत राम वर्मा 44972.00 2. उमा शंकर मनहरे 44451.00 3. शिवदास सतनामी भाटापारा 44089.00 4.शंकर नारंग लाल बहादुर शास्त्री वार्ड भाटापारा 38960.00 5. दुकालू धोबनी 37882.00 6. उमरखान भाटापारा 35981.00 7. रामकुमार मजगांव 34901.00 8. कन्हैया मजगांव 34695.00 9. जगत राम मोटयारीडीह 33931.00 10. रमेश मजगांव 33913.00 11. मंगलदास मजगांव 33902.00 12.कुमारधर दिवाकर चमारी 33862.00 13. बुधवंत मजगांव 33816.00 14. मेला राम लहरे मजगांव 33746.00 15. चम्मन लाल मुढ़ीपार 33670.00 16. तिहारू मजगांव 33175.00 17. केजा बाई साहू गुलिया 32005.00 18.सोनकुंवर मजगांव 31801.00 19. गिरधारी ओंगरे मजगांव 31749.00 20. संत बाई बघेल हरभट्ठा 31506.00 रहा। रामकुमार ÷मरजगांव 3490100 बिजली बिल हाफ योजना के बावजूद विद्युत उपभोक्ताओं द्वारा बकाया बिजली बिल का भुगतान नहीं किया जा रहा है जिसक कारण संभाग में बकाया राशि बढ़कर लगभग 67.61 करोड़ रूपये तक पहुंच गया है। विभाग के आला अधिकारियों से निर्देश मिलने के पश्चात सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता एवं फिल्ड स्टाफ द्वारा बकाया राशि वसूली एवं कनेक्शन काटने में जुट गए हैं। इसके लिए अलग टीम बनाकर कार्यवाही की जा रही है एवं आगे भी इस तरह की कार्यवाही चालु रहेगी। आज दिनांक 17.01.2025 को कंपनी प्रबंधन द्वारा समीक्षा बैठक में शासकीय कनेक्शन जिसका बिजली बिल भुगतान. बकाया है ऐसे कनेक्शनों का भी लाईन विच्छेदन हेतु निर्देशित किया गया।

# जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा का बेमेतरा जिले में सफल आयोजन

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा जिले के 44 परीक्षा केंद्रों में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। यह परीक्षा सुबह 11:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक चली, जिसमें हजारों छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।

परीक्षा के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर रणबीर शर्मा ने राठी स्वामी आत्मानंद स्कूल परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करने पहुँचे । उन्होंने वहां उपस्थित विद्यार्थियों से बातचीत कर उनकी तैयारियों के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने विद्यार्थियों से यह भी पूछा कि उन्हें प्रश्न पत्र कठिन लगा या सरल। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी तरफ से शुभकामनाएँ भी दीं। इस दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्र में व्यवस्थाओं की भी समीक्षा कि । जिला नोडल अधिकारी, डॉ. बंजारे ने जानकारी दी कि जिले में जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए 80 सीटें उपलब्ध हैं। परीक्षा के लिए जिले भर में कुल 44 केंद्र स्थापित किए गए थे। परीक्षा के आयोजन में प्रशासन और शिक्षा विभाग का सहयोग रहा एवं परीक्षा शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई।

# बेमेतरा विधानसभा को मिली 10 विकाश कार्यों के लिए 1 करोड़ रुपए की सौगात

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा प्रदेश में अधोसंरचना विकास एवं जनता की सुविधाओं को देखते हुए लगातार विकास कार्य किये जा रहें हैं। बेमेतरा विधानसभा में भी विधायक दीपेश साहू के निरंतर प्रयासों से क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार निर्माण कार्यों की सौगात क्षेत्रवासियों को मिल रही है। इसी क्रम में बेमेतरा विधानसभा में अधोसंरचना विकास व मूलभूत सुविधाओं के विस्तार हेतु राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में अधोसंरचना मद के तहत 10 विकास कार्यों के लिए 1 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है।

ग्राम पंचायत बैजलपुर में संतोष साहू के घर से महामाया मंदिर तक सीसी रोड़ निर्माण हेतु 10 लाख रूपये, बैजलपुर में प्रेमिन साहू के घर से बेनीराम साहू के घर तक सीसी रोड़ निर्माण लागत राशि 10 लाख रूपये, ग्राम ढाबा में मेन रोड से तालाब पार होते हुये नकूल साहू निषाद के घर तक सीसी रोड़ निर्माण के लिए 10 लाख रूपये,ग्राम मानियारी में प्रहलाद यादव के घर से गंगदेव साहू के घर तक सीसी रोड़ निर्माण लागत राशि 10 लाख रूपये, ग्राम निनवा में प्रताप दास मानिकपुरी के घर से कबीर कुटी तक सीसी रोड़ निर्माण लागत राशि 10 लाख रूपये, ग्राम मिलौरी में जीवन साहू के घर से रोशन साहू के घर तक सीसी रोड़ निर्माण हेतु 10 लाख रूपये, ग्राम कुम्ही गुडा में शेड निर्माण कार्य लागत राशि 8 लाख रूपये, ग्राम खिसोरा में सीसी रोड़ निर्माण हेतु 12 लाख रूपये, ग्राम खिसोरा में सीसी रोड़ निर्माण हेतु 12 लाख रूपये, ग्राम बहिंगा में शीतला चौक में सीमेंटिकरण कार्य लागत राशि 10 लाख रूपये, ग्राम हथमुड़ी में तामेश्वर वर्मा के घर से शमशान घाट तक सीसी रोड़ निर्माण के लिए लागत राशि 10 लाख रूपये की प्रशासनिक स्वीकृत प्रदान की गई है द्य विधायक दीपेश साहू बेमेतरा विधानसभा की जनता को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी एवं राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा जी का आभार व्यक्त किया है।बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार के नेतृत्व में आने वाले समय में बेमेतरा सहित पूरे प्रदेश का दस गुना तेजी से विकास सुनिश्चित करने के उद्देश्य से माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में हमारी सरकार काम कर रही है। केवल 10 माह में मोदी की गारंटी में किये अपने वादों को पूरा करते हुए डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की जनता की आकाँक्षाओं अनुरूप कार्य किये जा रहें हैं,ध्रुव गति से अधोसंरचना विकास के साथ ही मूलभूत सुविधाओं जैसे सड़क,बिजली,पानी जैसी आवश्यक सुविधाओं पर भी जमीनी स्तर पर कार्य किये जा रहें हैं, जिसका सकारातमक परिणाम दिखाई दे रहा है। बेमेतरा विधानसभा में भी विकास की लहर दिखाई दे रही है, हर गाँव-गली में समृद्धि व खुशहाली आ रही है। विगत पांच वर्षों में कांग्रेस सरकार की अनदेखी और जनविरोधी नीतियों से हमारा बेमेतरा विधानसभा विकास से कोसो दूर हो गया था केवल कुछ ही महीनों में अब भाजपा सरकार में वहां विकास तीव्र गति से आगे बढ़ रही है।



### अवैध शराब पर आबकारी विभाग बीजापुर की कार्रवाई

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देश पर और उपायुक्त आबकारी आशीष कोसम के मार्गदर्शन में 17 जनवरी 2025 को जिला आबकारी अधिकारी अभिषेक तिवारी के नेतृत्व मे आबकारी टीम बीजापुर ने मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर आबकारी वृत्त भोपालपट्टनम ग्राम बासागुड़ा थाना बासागुड़ा से 500 मीटर की दुरी पर साप्ताहिक बाजार के मध्य तिरुपति जंघम नाम के व्यक्ति द्वारा किराना दुकान के माध्यम से अवैध मदिरा का विक्रय किया जा रहा था। मुखबिर सूचना के आधार पर आबकारी टीम मौके पर घटना स्थल पर पहुंची परन्तु आरोपी अवैध शराब को अपने घर के एक कमरे मे छुपा कर फरार हो चूका था। स्थानीय पुलिस की मदद से तथा गांव के सरपंच एवं अन्य गवाहों के उपस्थिति मे कमरे का दरवाजा तोड़ा गया जहाँ से बड़ी मात्रा मे नॉन ड्यूटी पेड एवं ड्यूटी पेड अवैध शराब जब्त की गई।

## महाविद्यालय में आयोजित हुई दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

# खेल से ही नेतृत्व क्षमता का होता है विकास : मनोज तिर्की

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




सर्वतोमुखी समाधान शिक्षा संस्कार समिति द्वारा संचालित समाधान महाविद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदना से किया गया। महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. अवधेश पटेल ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत कर विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में बेमेतरा जिले के पुलिस अनुविभागीय अधिकारी मनोज तिर्की रहें। उन्होंने विद्यार्थियों को आशीर्वचन व शुभकामना देते हुए कहा कि खेल के माध्यम से जीवन के व्यवहारिक पहलुओं को समझने व सीखने जैसे-टीम भावना, नेतृत्व क्षमता व संघर्ष से उभरकर आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती हैं। खेल से शारीरिक व मानसिक शक्ति का विकास होता हैं, क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास होता हैं। खेल से तनाव में कमी? एवं आत्मविश्वास में वृद्धि होती हैं।विशिष्ट अतिथि के रूप में पीजी कॉलेज बेमेतरा के क्रीड़ा अधिकारी दुर्गा प्रसाद जंघेल रहें। उन्होंने विद्यार्थियों को खेल के महत्व को साझा करते हुए कहा कि नियमित खेल करने से रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत व मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होता है। कार्यक्रम के समन्वयक के रूप में महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी राजेश गजपाल रहें। उन्होंने विद्यार्थियों को खेल के नियमों व प्रोटोकॉल से परिचित कराकर सुरक्षित खेल खेलने के लिए प्रेरित किया। खेलकूद में बालक बालिका दोनों के लिए क्रिकेट, भाला फे ंक, तवा फे ंक, गोला फे ंक, दौड़, शतरंज, कैरम, सुई धागा दौड़, कंचा दौड़, जलेबी दौड़, बोरा दौड़, मेंढक दौड़, बैडमिंटन जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। बालिका कैरम में श्रीयता तिवारी व श्रद्धा पाण्डेय विजेता व भुनेश्वरी व होमिनी उपविजेता ,बालक कैरम में दुष्यंत पाठक व आयुष साहू विजेता , नागेश्वर शुक्ला व टिकेंद्र देवांगन उपविजेता, बालिका भाला फेंक में गौरी वर्मा विजेता व श्रद्धा पाण्डेय उपविजेता, बालक भाला में संदीप विजेता व रवि किशन उपविजेता, लंबी कूद बालक में अरुण बंसे विजेता व नामेन्द्र सिंह जगत उपविजेता, लंबी कूद बालिका में हरीशा विजेता व सरस्वती उपविजेता ,बालिका 100 मीटर दौड़ में सरस्वती विजेता व तारादेवी उपविजेता, बालक 100 मीटर दौड़ अरुण विजेता व प्रेमनाथ उपविजेता, बालक 200 मीटर दौड़ में प्रेमनाथ मरकाम विजेता व मोहित उपविजेता, 200 मीटर दौड़ बालिका सरस्वती विजेता व तारा उपविजेता, सुई धागा बालिका में श्रद्धा पाण्डेय विजेता व सरस्वती उपविजेता, सुई धागा बालक में भावेश यादव विजेता व गिरीश उपविजेता, कंचा दौड़ बालक में पिंटु विजेता व भावेश उपविजेता, कंचा दौड़ बालिका में रानू कुंजाम विजेता व तारा देवी उपविजेता,तवा फेंक बालिका में गौरी वर्मा विजेता व पायल उपविजेता, तवा फेक बालक में देवेश सोनी विजेता व भावेश उपविजेता, बोरा दौड़ बालिका में रश्मि ठाकुर विजेता व तारा देवी उपविजेता, बोरा दौड़ बालक में सूरज साहू विजेता व अर्जुन उपविजेता, मेंढक दौड़ बालक में प्रेमनाथ विजेता व बीसीए तृतीय वर्ष भारत उपविजेता, जलेबी दौड़ बालक में पिंटु लहरे विजेता व संदीप उपविजेता, जलेबी दौड़ बालिका में श्रद्धा पाण्डेय विजेता व सरस्वती उपविजेता, शतरंज बालिका में होमिनी पात्रे विजेता व गौरी वर्मा उपविजेता, शतरंज बालक में दुष्यंत पाठक विजेता व भूषण चंद्राकर उपविजेता, गोला फेंक बालक में नोमेंद्र सिंह जगत विजेता व अरुण बंसे उपविजेता, गोला फेंक बालिका में मारकण्डेय विजेता व हरीशा द्वितीय उपविजेता, बैडमिंटन बालिका में आकृति बांगली व हरीशा विजेता एवं श्रद्धा पाण्डेय व श्रीयता तिवारी उपविजेता, क्रिकेट में बीएड चतुर्थ सेमेस्टर से विजेता व सहायक प्राध्यापक उप विजेता रहें।

# निर्माण कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करें : आकांक्षा खलखो



पायनियर संवाददाता ◂ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

जिला पंचायत नारायणपुर की मुख्य कार्यपालन अधिकारी आकांक्षा खलखो के द्वारा ग्राम पंचायत सुलेंगा (गु.) में मनरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना में चल रहे निर्माण कार्यो का औचक निरीक्षण किया गया। उक्त ग्राम पंचायत में महात्मा गांधी नरेगा के तहत् चल रहे 03 डबरी निर्माण एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के 07 आवास निर्माण कार्य वर्तमान में चल रहें है, जिसमें नियोजित मजदूरों की संख्या 100 है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत नारायणपुर द्वारा मनरेगा के हितग्राही बिसरू/सोमारू के डबरी निर्माण का निरीक्षण किया गया, जिसमे कुल 35 मजदूर कार्य क्षेत्र में कार्य कर रहे थे, जिनके जॉब कार्ड एवं मेट माप पंजी का भी अवलोकन किया गया । इसी प्रकार प्रधानमंत्री आवास के हितग्राही अग्नीबाई/ सुकालू, बोधाबाई/ सुखदेव, घसिया/ मानसिंह के आवास निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया गया । उक्त सभी निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिया गया है। साथ ही मनरेगा के जॉब कार्ड को अद्यतन करने एवं कार्य स्थल में नागरिक सूचना पटल बनवाने के निर्देश दिये गये है। इस निरीक्षण में सहायक परियोजना अधिकारी मनरेगा पवन सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत नारायणपुर लोकनाथ पटेल, कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा, जितेन्द्र देवांगन, तकनीकी सहायक श्रीमती शक्ती तिवारी साथ ही ग्राम पंचायत स्तर के सरपंच रमेश नाग, रोजगार सहायक होलिका चालकी एवं मेट उपस्थित थे ।

# जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट जशपुर में सामाजिक विज्ञान एवं रसायन शास्त्र विषय के तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण हुआ सम्पन्न

## डॉ विजय रक्षित द्वारा लिखित जशपुर- एक ऐतिहासिक अध्ययन बुक का हुआ विमोचन

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान जशपुर में इतिहास और रसायन शास्त्र के 03 दिवसीय सेवाकालीन आवासीय एवम ऑनलाइन 4 दिवसीय कुल 50 घण्टे का प्रशिक्षण के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य एन ई एस महाविद्यालय डॉ विजय रक्षित शामिल हुए। आवासीय प्रशिक्षण में विशेष तौर पर नई शिक्षा नीति 2020 एन ई पी के लक्ष्य और विषय गत चर्चा सामाजिक विज्ञान के इतिहास, भूगोल,राजनीति, अर्थशास्त्र एवम रसायन शास्त्र के महत्वपूर्ण अध्यायों पर चर्चा हुई।उक्त प्रशिक्षण के प्रथम दिवस में सामूहिक रूप से सम्बोधित करते हुए संस्थान के प्राचार्य डॉ एम जेड यू सिद्दीकी ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्य और प्रत्येक वर्ष अपने पेशवेर दक्षता के निखार और नवप्रयोगों को शामिल करते हुए यह प्रशिक्षण आयोजित किया जाता है ताकि जिले में शिक्षा व्यवस्था और शिक्षा की गुणवत्ता के साथ ही शिक्षकों में भी मे अनुसंधान और शोधों के प्रति रुचि जागृत हो और वह अपने विद्यालय को एक आदर्श विधालय एवं शिक्षक को आदर्श शिक्षक के रूप में स्थापित कर सकें ।जहां बच्चों का चौतरफा और चौमुखी विकास हो। समापन कार्यक्रम के दिवस पर प्रभारी प्राचार्य यू के तिर्की ने कहा की नई शिक्षा नीति 2020 हमें छात्रों में रचनात्मकता, तार्किकता, संवेदनशीलता, सार्वजनिक जीवन के महत्व, पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाने के लिए एक आदर्श वातावरण निर्माण, एक आदर्श विद्यार्थी के निर्माण को बल देता है, जो भावी राष्ट्र के लिए एक मिशाल बने। इसी क्रम में प्रकोष्ठ प्रभारी वरिष्ठ व्याख्याता आर बी चौहान ने कला समूह सभी व्याख्याताओं को संबोधित करते हुए प्रशिक्षण के महत्व को बताया और कहा कि हमें छोटे-छोटे उदाहरण से बच्चों के मन में पढ़ाई के प्रति जिज्ञासा उत्पन्न करनी चाहिए और शिक्षक न सिर्फ शिक्षा और शिक्षक से जुड़े होते हैं बल्कि वह एक अध्यापक होने के साथ-साथ एक मार्गदर्शक एक प्रशिक्षक एक उपदेश एक मूल्यांकन कर्ता अध्यापन करता और नायक होते हैं जिन्हें अपने बच्चों के जीवन में आमूल परिवर्तन करने की जिम्मेदारी शासन के द्वारा दी जाती है और वह अपने कर्तव्यों का अच्छे ढंग से पालन करें ।समापन समारोह के मुख्य अतिथि के तौर पर डॉ विजय रक्षित ने कहा कि इतिहास विषय और रसायन विषय एक दूसरे से जुड़े हुए हैं क्योंकि हम इतिहास में यह पढ़ते हैं कि किस प्रकार नागार्जुन ने रस चिकित्सा का आविष्कार किया था और रासायनिक युद्धों में रासायनिक हथियारों के इस्तेमाल में देश की व्यवस्थाओं को प्रभावित किया है ।आज यह सुखद संजोग है जब मैं विषय विशेषज्ञ के रूप में यहां मौजूद है उनके समक्ष अपनी लिखी पुस्तक जशपुर एक ऐतिहासिक अध्ययन का विमोचन करने जा रहा हूं क्योंकि इस पुस्तक का सही अर्थों में हमारे अध्यापक ,हमारे व्याख्याता जो बच्चों तक इस बात को पहुंचाएंगे कि हम जिस जिले में रहते हैं वहां की भौगोलिक स्थिति वहां की राजनीतिक स्थिति वहां की सामाजिक स्थिति वहां की परिवेश वहां की जनजातियां एक विशेष काल में किस प्रकार पुष्पित पल्लवित हुई और यह जशपुर राजवंशों का भी इतिहास है। जिसे जशपुर के प्रत्येक नागरिक को उसके जिले की जानकारी होने के कारण जानना आवश्यक है। उक्त पुस्तक का विमोचन करते हुए साथ ही एक पुस्तक जो आगत से अतीत तक जो जशपुर के पर्यटन स्थलों के बारे में भी आमूलचूल जानकारी देता है एक संक्षिप्त पुस्तक के माध्यम से पुस्तकों का वितरण सभी उपस्थित व्याख्याता समूह को किया। साथ ही मंच पर उपस्थित उपस्थित सभी मास्टर ट्रेनर के साथ अपनी पुस्तकों को साझा किया उन्होंने कहा प्रत्येक शिक्षक का यह धर्म और कर्तव्य है कि वह अपने विषय के प्रति ईमानदार रहे अपने विषय को जिए और जो शिक्षक अपने विषय का ज्ञाता होता है उसे हमेशा सम्मान प्राप्त होता है।

# जशपुर के 33 हजार से अधिक किसानों ने बेचा अपना धान

## 5 सौ 27 करोड़ से अधिक राशि का किसानों को किया गया भुगतान





पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशन में जिले में सुव्यवस्थित रूप से हो रही धान की खरीदी जिले में अब तक 284541.36 मीट्रिक टन धान की हुई खरीदी धान खरीदी के एवज में 33 हजार 569 किसानों को 5,27,00,79,614 रूपए पांच सौ सताइस करोड़ उन्नहतर हजार छः सौ चौदह रूपये का विपणन संघ मुख्यालय द्वारा अपैक्स बैंक को किया गया है भुगतान 46 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से हो रही है, तीव्र गति से धान उठाव प्रारम्भ, डीओ जारी 1794480.00 क्विंटल धान उठाव 1314399.60 क्विंटल जिले में 14 नवम्बर से अब तक 284541.36 मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। धान खरीदी के एवज में इन किसानों को किया गया है। अभियान 31 जनवरी 2025 तक जारी रहेगा। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस खरीफ वर्ष के लिए 51180 किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है। इसमें 6301 नए किसान शामिल है। इस वर्ष 46 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 3,36,458.00 मीट्रिक टन धान खरीदी अनुमानित है। अधिकारियों ने बताया कि 17 जनवरी तक 33569 किसानों से 284541.36 मीट्रिक टन धान खरीदी की गई है । इसके लिए आज दिनांक तक कुल 307625.8 मीट्रिक टन टोकन जारी किए गए थे। आगामी सप्ताह की खरीदी के लिए कुल 6687 किसानों हेतु 55220.4 मीट्रिक टन का टोकन जारी किया गया हैं । जिले में 75 मिलरों का अनुबंध किया जाकर अब तक 1794480.00 क्विंटल का डीवो जारी किया जा चुका है जिसमे से 1314399.60 क्विंटल का धान भी उठाया जा चुका है। धान उठाव की गति प्रगतिशील है।

# त्रिस्तरीय पंचायत व निकाय चुनाव को लेकर भाजपा ग्रामीण मंडल की बैठक भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com



त्रिस्तरीय पंचायत व निकाय चुनाव को लेकर भाजपा ग्रामीण मंडल की बैठक भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित रहा। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर भाजपा ग्रामीण मंडल की अध्यक्ष राजीव श्रीवास ने बताया कि मुंगेली विधानसभा एवं भाजपा ग्रामीण मंडल में निवासरत चुनाव लड़ने के इच्छुक कार्यकर्ता अध्यक्ष, पार्षद, जिला पंचायत, जनपद सदस्य के लिए अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। इसमें ग्रामीण मण्डल प्रभारी पूर्व विधायक विक्रम मोहले निवर्तमान अध्यक्ष शंकर सिंह ठाकुर, वरिष्ठ नेता कृष्णकुमार तिवारी, जेठू सिंह ठाकुर, विनय पाण्डेय, मानस प्रताप सिंह बैस, प्रफुल्ल शुक्ला, प्रदीप सिंह, मनी सिंह व पंकज सिंह ने संबोधित किया। मंच संचालन महामंत्री नितेश भारद्वाज एवं आभार अरविन्द सिंह राजपूत ने किया। इस अवसर पर जीवन पटेल, जितेन्द्र दिवाकर, भागीरथी यादव, चन्द्रहास गोस्वामी, विश्वधर सिंह ठाकुर, केशव साहू, दिनेश जायसवाल, उमेश विश्वकर्मा, राजेश्वर सिंह टण्डन, घनश्याम यादव, आशीष टण्डन, दिनेश सिंहराजपूत, लल्लू सिंह राजपूत, दाऊ सिंह ठाकुर, संतोष साहू, मेला राम साहू दानी सिंह राजपूत, अरुण राजपूत, अश्वनी तिवारी, महेश यादव, प्रभात साहू, ताराचंद जांगड़े, धन्नू साहू, अशोक साहू, बल्ला साहू, अश्वनी यादव, कमलेश वेंताल, रामाधार साहू, गोविंद नवरंग, निरंजन साहू सहित अन्य जेष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# कलेक्टर ने नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन की तैयारी पर अधिकारियों समीक्षा बैठक ली

## कोई भी अधिकारी और कर्मचारी अवकाश पर नहीं रहेगा

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रोहित व्यास ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आगामी नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन की तैयारी के संबंध में सभी एसडीएम चुनाव के नोडल अधिकारियों की बैठक ली विकास खंड के अधिकारी और तहसीलदार आनलाइन के माध्यम से बैठक में सीधे जुड़े थे। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार और अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू भी उपस्थित थे। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को आचार संहिता लागू होते ही सभी को निर्वाचन आयोग के नियमों का गंभीरता से पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी अधिकारी और कर्मचारी बिना अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे इसका गंभीरता से सभी को पालन करना होगा जिनकी भी ड्यूटी चुनाव में लगाई जाएगी उनको अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन गंभीरता से करना होगा। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को अपने क्षेत्र के संवेदनशील मतदान केंद्र का चिन्हांकन करके जानकारी भेजने के निर्देश दिए हैं। साथ ही मतदान केंद्र में पानी बिजली, शौचालय, सहित सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कहा है। उन्होंने कहा की दिव्यांग जनों के लिए मतदान केंद्र में अनिवार्य रूप से विलचेयर रखे। संवेदनशील मतदान में कानून व्यवस्था का सख्ती से पालन करवाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही बिना अनुमति के किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति को मतदान केंद्र में प्रवेश नहीं देने के निर्देश नोडल अधिकारियों को दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि चुनाव ड्यूटी से बचने के लिए किसी भी प्रकार का बहाने बाजी नहीं चलेगी किसी को गंभीर बीमारी है तो उन्हें मेडिकल बोर्ड का मेडिकल सर्टिफिकेट जमा करना होगा। कलेक्टर ने लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए जागो कार्यकम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार करने कहा है।

# दीनदयाल अंत्योदय योजना के तहत महिला समूह को योजना का लाभ दिया जा रहा है



पायनियर संवाददाता ◄ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में एवं उपमुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन विभाग भारसाधक मंत्री अरुण साव के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना दीनदयाल अंत्योदय राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन अंतर्गत जिसका उद्देश्य शहरी गरीब महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। नगर पंचायत शिवरीनारायण के विभिन्न वार्डों में महिला स्वयं सहायता समूह का गठन कर सत्र 2024 -25 में शासन से प्राप्त लक्ष्य 02 का बैंक लिंकेज हेतु प्राप्त हुआ है। जिसके विरुद्ध में 06 महिला स्वयं सहायता समूह को बैंक लिंकेज के तहत 28.50 लाख रुपए का ऋण बैंकों के माध्यम से दिलाया गया। इस राशि को समूह में आपसी लेनदेन एवं छोटे व्यवसाय कर आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं एवं अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिला पा रही हैं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी राकेश साहू के मार्गदर्शन में इस योजना का लाभ व्यापक स्तर में नगर के विभिन्न समूहों और महिलाओ को मिशन मैनेजर पोकराम पटेल एवं सामुदायिक संगठिका सीमा गुप्ता की मदद से दिया जा रहा है।

# छापेमार कार्रवाई कर 06 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त



पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब पर नियंत्रण के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। आबकारी विभाग के सहायक आयुक्त राजेश जायसवाल ने बताया कि मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम भठलीकला में गुरूवार को आरोपी राजाराम कश्यप से 06 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त कर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान आबकारी उप निरीक्षक विशेन चंद्रवंशी सहित अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे।

# राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत पात्र, अपात्र व मेरिट सूची जारी

**मुंगेली।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए प्राप्त आवेदनों की जांच उपरांत पात्र, अपात्र सूची जार की गई है। इसके साथ ही कई पदों पर दवा-आपत्ति निराकरण उपरांत मेरिट सूची जिले के वेबसाइट ीजजचेरूध्ध्उनदहमसपण्हवअण्पदध् पर जारी की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट का अवलोकन किया जा सकता है।

# प्रधानमंत्री जनमन योजना संचालन के लिए मनियारी सभाकक्ष में बैठक आयोजित की

## सामाजिक व आर्थिक उन्नति के लिए चलाई जा रही योजना का रूटमैप तैयार

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com



जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र के 41 बसाहटों में विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय की सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना संचालित की जा रही है। योजना के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारी को आपसी समन्वय स्थापित कर जिले में विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह की सामाजिक व आर्थिक उन्नति के लिए चलाई जा रही योजना का रूटमैप तैयार कर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विभिन्न विभागों द्वारा स्वीकृत, प्रस्तावित एवं प्रगतिरत कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने पीएम जनमन योजनांतर्गत विभिन्न विभागों के समन्वय से पेयजल, आवास, सड़क, मोबाईल मेडिकल यूनिट, छात्रावास निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से पोषण, वनधन केंद्र की स्थापना, इंटरनेट एवं मोबाईल सर्विस की उपलब्धता तथा आजीविका संवर्धन हेतु किए जा रहे कार्यों की गहन समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पी.वी.टी.जी. समुदाय के लोगों को प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, उज्जवला योजना सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्रतानुसार लाभ दिलाएं। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी संजय यादव, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, लोरमी एसडीएम अजीत पुजारी, डिप्टी कलेक्टर अजय शतरंज सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# भारतीय जनता पार्टी नगर मण्डल की प्रथम बैठक नगरीय निकाय चुनाव को लेकर जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित की गई

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी नगर मण्डल की प्रथम बैठक नगरीय निकाय चुनाव को लेकर जिला भाजपा कार्यालय में हुई जिसमें नगरीय निकाय चुनाव के जिला प्रभारी प्रहलाद रजक व मुंगेली नगर पालिका चुनाव प्रभारी पवन गर्ग उपस्थित रहे। अटल परिसर जिला भाजपा कार्यालय मुंगेली में नगर मण्डल भाजपा कार्यसमिति की प्रथम बैठक हुई जिसमें नगर पालिका चुनाव के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य गिरीश शुक्ला ने कहा कि विधानसभा व लोकसभा बड़े नेताओं का चुनाव होता है किंतु यह कार्यकर्ताओं का चुनाव है। जिला निकाय चुनाव प्रभारी प्रहलाद रजक ने कहा कि नीचे से ऊपर तक भाजपा की सरकार बने यह हम सबका दायित्व है। नगर पालिका मुंगेली चुनाव प्रभारी पवन गर्ग ने कहा कि किसी एक वार्ड में पार्षद पद के कई दावेदार हो सकते हैं परंतु एक को टिकट मिलने पर उसे जिताना अन्य सभी का दायित्व हो जाता है। जिलाध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी सभी कार्यकर्ताओं को नगरीय निकाय चुनाव एकजुटता से लड़ने की अपील की। पूर्व जिलाध्यक्ष शैलेश पाठक ने मुंगेली की ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन करने की अपील कार्यकर्ताओं से की। इससे पूर्व नगर मण्डल अध्यक्ष सौरभ बाजपेयी ने स्वागत भाषण करते हुए सभी को नगरीय निकाय चुनाव में गंभीरता से कार्य कर भाजपा को विजयी बनाने की बात कही। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नगर मण्डल के कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे। संचालन नगर मण्डल महामंत्री रामशरण यादव ने तथा आभार मुकेश रोहरा ने किया।

इस अवसर पर नगर के 22 वार्डों के लिए पार्षद पद के तथा नगर पालिका के अध्यक्ष पद के लिए दावेदारों ने अपना आवेदन संगठन के नेताओं को सौंपा है। नगर के सभी 22 वार्डों में चुनाव के संदर्भ में बैठक एक ही दिन 18 जनवरी शनिवार को सभी वार्डों में होगी।

## सड़क के किनारे स्थित पेड़ पौधों पर लगाई जा रहे हैं रिफ्लेक्टर

# दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने यातायात पुलिस की अभिनव पहल आवाजाही को सहज बनाने पेड़ पौधों की कटाई

पायनियर संवाददाता ◄ कोरबा
www.dailypioneer.com










बीते कुछ सालों से सड़क दुर्घटनाओं में काफी वृद्धि देखी जा रही है हालांकि इस पर अंकुश लगाने के लिए शासन प्रशासन भी प्रयासरत रहता है इसी मद्देनजर यातायात पुलिस भी समय-समय पर अभियान चलाकर एक तरफ जहां लोगों को जागरूक करती है वहीं सड़क में दुर्घटनाओं का कारण बन रहे पेड़ पौधों की कटाई छटाई भी करती रहती है इस समय 36 वा सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है लिहाजा कोरबा यातायात पुलिस भी अभियान चलाकर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जहां जागरुक कर रही है वहीं अपने अन्य कर्तव्यों का पालन भी कर रही है पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी आईपीएस मीणा और यातायात पुलिस के डीएसपी डीके सिंह के निर्देश और मार्गदर्शन में यातायात पुलिस कोरबा के सहायक उप निरीक्षक मनोज राठौर एवं अन्य स्टाफ प्रतिदिन लगातार अपने कर्तव्यों के तहत जागरूकता अभियान एवं अपने अन्य कार्य कर रहे हैं। इसी कड़ी में शनिवार को यातायात पुलिस कोरबा के द्वारा पाली से बांगो रोड और उररगा से करतला रोड में उन पेड़ पौधों की कटाई छटाई की गई जींस की दुर्घटना की संभावना बनी रहती है साथ ही इस दौरान सड़क के किनारे पेड़ों में यातायात पुलिस कोरबा के द्वारा रिफ्लेक्टर भी लगाया जा रहा है ताकि रात के समय दूर से ही वाहन चालकों को पेड़ पौधे नजर आए और वह सावधानी बरतें यातायात पुलिस कोरबा के सहायक उप निरीक्षक मनोज राठौर ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी आईपीएस मीणा एवं यातायात पुलिस कोरबा के डीएसपी डीके सिंह के निर्देश और मार्गदर्शन का पालन करते हुए आगे भी इसी तरह से अभियान चलाया जाता रहेगा इस अवसर पर एएसआई लहे रामायण रात्रे मालिक राम हेड कांस्टेबल संतोष सिंह मनोज दुबे लखन कर्व एवं आरक्षक लीलाराम व पवन चंद्रा उपस्थित रहे।

# मोटर वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाना होगा अनिवार्य

- **एक अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत समस्त श्रेणी के मोटर वाहनों पर 120 दिवस के भीतर नए नंबर लगाने हेतु निर्देश जारी**




पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ में 01 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत समस्त श्रेणी के मोटर वाहनों पर वाहन स्वामी द्वारा 120 दिवस के भीतर एच.एस.आर.पी. (हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट) लगवाया जाना अनिवार्य किया गया है। जिला परिवहन अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार इस संबंध में परिवहन विभाग द्वारा दो वेंडर कमशः मेसर्स रीयल मेजॉन इंडिया लिमिटेड एवं रोसमेर्टा सेफ्टी सिस्टम लिमिटेड को निर्धारित दर पर एच.एस.आर.पी. लगाने के लिए अधिकृत किया गया है। परिवहन विभाग द्वारा समस्त आरटीओ कार्यालयों को दो जोन में बांटा गया है। जोन बी के अंतर्गत जिला परिवहन कार्यालय जशपुर शामिल है। जशपुर जिले में पंजीकृत समस्त श्रेणी के वाहनों का एचएसआरपी लगाने की जिम्मेदारी मेसर्स रोज मेर्टा सेफ्टी सिस्टम लिमिटेड को दी गई है। आम नागरिकों की सुविधा हेतु हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह आवेदन की प्रक्रिया वेबसाईट www.hsrpcg.com पर उपलब्ध होगी।

# उपमुख्यमंत्री शर्मा की उपस्थिति में तकनीकी शिक्षा और सीएसआरबॉक्स फाउंडेशन सीआईआई यंग इंडियंस और अपनाटेक प्राइवेट लिमिटेड के मध्य हुआ एमओयू

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ में युवाओं को रोजगार और कौशल विकास के क्षेत्र में नई संभावनाएं प्रदान करने के उद्देश्य से शहीद स्मारक ऑडिटोरियम, रायपुर में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और वन एवं कौशल विकास मंत्री केदार कश्यप के मुख्य आतिथ्य में कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा और रोजगार विभाग के सचिव एस भारतीदासन ने सीएसआरबॉक्स फाउंडेशन, सीआईआई यंग इंडियंस और अपनाटेक प्राइवेट लिमिटेड के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर संचालक तकनीकी शिक्षा और रोजगार ऋतुराज रघुवंशी, अपनाटेक प्राइवेट लिमिटेड के वाइस प्रेसिडेंट डॉ प्रीतसिंह, सीएसआर बॉक्स फाउंडेशन के वाइस प्रेसिडेंट मनो विराज सिंह, वाईस प्रेजिडेंट और सीआईआई यंग इंडियंस के चेयर पर्सन गौरव अग्रवाल के अलावा अन्य अधिकारी कर्मचारी और विभिन्न संस्थान के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। अनुबंध निष्पादन समारोह के अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार युवाओं के कौशल विकास और उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि यह अनुबंध छत्तीसगढ़ के युवाओं के भविष्य को संवारने में मील का पत्थर साबित होगा। हमारा उद्देश्य केवल युवाओं को नौकरी देना नहीं है, बल्कि उन्हें ऐसा कौशल प्रदान करना है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें और अपने क्षेत्र में नई ऊंचाइयां हासिल कर सकें। सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि हर छात्र चाहे वह आईटीआई से हो इंजीनियरिंग कॉलेज से हो या पॉलीटेक्निक से उसके पास रोजगार का उचित अवसर हो। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने यह भी स्पष्ट किया कि रोजगार के लिए पंजीकृत छात्रों का डेटा पूरी तरह सुरक्षित रहेगा और यह केवल राज्य के हित में उपयोग किया जाएगा। उन्होंने यह भरोसा दिलाया कि अनुबंध के तहत जो भी सेवाएं प्रदान की जाएंगी, वे पूर्ण पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित की जाएंगी। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने युवाओं से सीजी रोजगार पोर्टल पर पंजीकरण करने की अपील करते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य है कि हर युवा को उसकी क्षमता और योग्यता के अनुरूप एक सही दिशा मिले। युवाओं के सपनों को साकार करने के लिए यह सरकार हर संभव प्रयास करेगी। अपनाटेक प्राइवेट लिमिटेड, सीएसआरबॉक्स और सीआईआई यंग इंडियंस जैसे साझेदारों के साथ मिलकर राज्य में रोजगार और कौशल विकास का एक नया युग शुरू हो रहा है। आईबीएम द्वारा फ्री ऑफ कॉस्ट सर्टिफिकेशन कोर्स करवाया जाएगा जो राज्य के आईटीआई, इंजीनियरिंग और पॉलीटेक्निक कॉलेजों में उपलब्ध होगा। इस कोर्स से छात्रों को वैश्विक मानकों के अनुसार प्रशिक्षित किया जाएगा और कम से कम 10त्न छात्रों को रोजगार सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि युवा अगर चाहे तो बड़े से बड़ा बदलाव ला सकते हैं।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के महासमुंद आगमन पर जनप्रतिनिधियों ने किया आत्मीय स्वागत




पायनियर संवाददाता ◄ महासमुंद
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय महासमुंद के शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय मचेवा में आयोजित स्वामित्व कार्ड वितरण कार्यक्रम में पहुंचे। मुख्यमंत्री के आगमन पर मचेवा स्थित हेलीपैड पर सांसद रूपकुमारी चौधरी, महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, बसना विधायक संपत अग्रवाल, संयुक्ता सिंह, येतराम साहू सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह और पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह ने मुख्यमंत्री का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

# वन मंत्री केदार कश्यप ने वन चेतना केन्द्र मनगट्टा का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




वन एवं जलवायु, परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास, सहकारिता एवं संसदीय कार्य विभाग मंत्री केदार कश्यप ने राजनांदगांव जिले के प्रवास के दौरान वन चेतना केन्द्र मनगट्टा का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वन चेतना केन्द्र में कटहल और जामुन का पौधा रोपण किया। वन मंत्री कश्यप ने वनचेतना केंद्र मनगट्टा पहुंचने के बाद ट्री हाउस, मड हाउस, निर्माणाधीन स्टोन हाउस का निरीक्षण करने के बाद जीप में बैठकर बफरजोन का अवलोकन किया। उन्होंने रास्ते में रूक-रूककर वन्य जीवों के संबंध में अधिकारियों से पूछताछ करते हुए चीतलों के आहार व स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने वन चेतना केन्द्र के क्षेत्र, वन्यजीव और सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। वन मंत्री ने मनगट्टा वन चेतना केन्द्र को पर्यटकों के लिए बेहतर सुविधायुक्त बनाने की दिशा में कार्य करने के दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह बहुत अच्छा वन चेतना केन्द्र है। इसे आकर्षक रूप देने की जरूरत है।

# प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़कर स्वामित्व योजना के तहत हितग्राहियों को बांटा संपत्ति कार्ड

पायनियर संवाददाता ◄ सूरजपुर
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़कर के छत्तीसगढ़ के लाभार्थियों को स्वामित्व योजना के तहत संपत्ति कार्ड का वितरण किया और संवाद भी किया। कार्यक्रम में सूरजपुर जिले के 94 ग्राम के 478 लाभार्थियों को संपत्ति कार्ड का वितरण किया गया। महिला एवं बाल विकास और समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े सूरजपुर जिला के भैयाथान में आयोजित स्वामित्व योजना के सम्पत्ति कार्ड का वितरण कार्यक्रम मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। राजवाड़े ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामित्व योजना ग्रामीण भारत के लिये एक परिवर्तनकारी पहल है। ग्रामीण भारत में आर्थिक प्रगति को बढ़ावा देना, इस योजना का मुख्य उद्देश्य है। इसके तहत गांवों में बसे हुए क्षेत्रों में घरों के मालिकों को 'स्वामित्व अधिकार' प्रदान किया जा रहा है। इस योजना के तहत सर्वेक्षण के लिए नवीनतम ड्रोन तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। यह योजना संपत्तियों के मुद्रीकरण, बैंकों से कर्ज लेने में सहूलियत, संपत्ति से जुड़े विवादों को कम करने, ग्रामीण क्षेत्रों में संपत्ति और संपत्ति कर का बेहतर आकलन करने और गांव स्तर की समग्र योजना बनाने में मदद करती है। उन्होंने लाभार्थी कार्ड धारकों को बधाई दी। राजवाड़े ने कार्यक्रम में 11 करोड़ 09 लाख की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन व लोकार्पण किया। उन्होंने एक दिव्यांगजन विवाहित जोड़े को निःशक्त विवाह प्रोत्साहन योजना अंतर्गत 01 लाख रुपए के चेक का वितरण किया। उन्होंने उपस्थित जनों को बाल विवाह निषेध, स्वच्छता अभियान व नशामुक्ति अभियान अंतर्गत शपथ भी दिलायी।

# जगदलपुर में नवीन मुख्य अभियंता कार्यालय के लिए 35 पदों के सृजन की स्वीकृति

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्य शासन द्वारा जल संसधान विभाग अंतर्गत जगदलपुर में नवीन मुख्य अभियंता कार्यालय के लिए 35 पदों के सृजन की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस आशय का आदेश जल संसाधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन से जारी किया गया है जारी आदेश के तहत अधीक्षण कार्यालय जगदलपुर में अधीक्षण अभियंता (सिविल) एवं यांत्रिकी प्रशासकीय अधिकारी के एक-एक पद, कार्यपालन अभियंता (सिविल) के दो पद शामिल हैं। इसी प्रकार सहायक अभियंता (सिविल) के तीन पद, वरिष्ठ लेखा अधिकारी, मुख्य मानचित्रकार (सिविल) एवं मानचित्रकार (सिविल) के एक-एक पद, सहायक ग्रेड-1 के दो पद, सहायक मानचित्रकार (सिविल) के एक पद, सहायक ग्रेड-2 के 4 पद, सहायक ग्रेड-3 के पांच पद, स्टेनो टायपिस्ट के दो पद, वाहन चालक के तीन पद, भृत्य लेवल-1 के छह पद और चौकीदार एवं फर्राश के लिए एक-एक पद की स्वीकृति प्रदान की गई है।

# केके देवांगन ने जरौद में भूमि स्वामित्व का कार्ड लोगों को सौंपा



पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देश में 'स्वामित्व योजना' के अंतर्गत देश के 50 हजार से अधिक गांवों में 65 लाख संपत्ति कार्डों का वितरण किया। इसी अवसर पर जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 04 अंतर्गत ग्राम पंचायत जरौद के पंचायत भवन में आश्रित पंचायत सोनबरसा के 57 लोगो को गांव के सचिव, सरपंच, पटवारी एवं पंचों की उपस्थिति में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंजीनियर केके देवांगन प्रतिनिधि जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति के द्वारा स्वामित्व कार्ड सौंपा गया। साथ ही इस दौरान सभी को स्वच्छता एवं नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई व स्वच्छ और समृद्ध समाज के निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई।

# भाटापारा कुंभ दर्शन दल का 26 को यज्ञस्थल में शुभकामना सम्मान का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com




धर्म एवं अध्यात्म का महा उत्सव आस्था का महाअनुष्ठान सनातन संस्कृति के अदभूत संगम एक भारत श्रेष्ठ भारत का जीवंत चित्र प्रस्तुत करती 144वर्ष के बाद दुर्लभ संयोग को लेकर आये हुए महाकुंभ को लेकर जनमानस के बीच जबर्दस्त उत्साह का माहौल नजर आ रहा है,महाकुंभ में आस्था की भागीदारी अत्यंत पुण्यदायी ऐहसास उत्पन्न कर रही है।

**भागीदारी के प्रति अभिनंदन का भाव** - भव्यता एवं दिव्यता का ऐहसास कराते इस महाकुंभ में प्रथम दिवस ही लगभग डेढ़ करोड़ जनमानस की भागीदारी की जानकारी सामने आ रही है जिससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है महाअनुष्ठान की भव्यता एवं विराट भागीदारी की,भागीदारी की भव्यता के साथ ही जनमानस के बीच इस अत्यंत पुण्यदायी भागीदारी पर अभिनंदन का भाव भी नजर आ रहा है।

**यज्ञस्थल में होगी इसकी अभिव्यक्ति** - महाकुंभ में भागीदारी के प्रति अभिनंदन का भाव सहज ही सनातन संस्कृति के उस भाव को जीवंत करती हुई प्रतीत हो रही है जिसके तहत तीर्थ यात्रा में प्रस्थान के पूर्व शुभकामना पूजन सम्मान की परंपरा है जिसके तहत यह माना जाता है कि तीर्थ में जा रहे व्यक्ति के सम्मान से तीर्थ दर्शन के फल की प्राप्ति होती है,इसी दिव्य भाव की अभिव्यक्ति यज्ञस्थल में नजर आयेगी,जहां भाटापारा कुंभ दर्शन दल के शुभकामना सम्मान के रुप में दिव्य भाव की अभिव्यक्ति होगी।

## 26 जनवरी को होगा आयोजन

पौष पूर्णिमा 13 जनवरी से आयोजित हो रहे महाकुंभ में 6अमृत स्नान होंगे।महत्वपूर्ण तिथियों में आयोजित होने वाले अमृत स्नान में बसंत पंचमी का स्नान भी अत्यंत पुण्यदायी एवं फलदायी माना जा रहा है,लिहाजा 3फरवरी बसंत पंचमी स्नान को लेकर जनमानस के बीच जबर्दस्त उत्साह नजर आ रहा है,भाटापारा से भी बड़ी संख्या में लोग बसंत पंचमी स्नान के लिए प्रस्थान कर रहें है,जिसके तहत उनकी रवानगी 1फरवरी को होगी,भाटापारा कुंभ दर्शन दल के सदस्यों का शुभकामना सम्मान का आयोजन 26जनवरी को संध्या 4बजे यज्ञ स्थल नाका नंबर एक में किया जाएगा जिसमें गुरुजी सेवा समिति सहित आस्थावान जनों की भागीदारी रहेगी।

19 Jan 2025 Pride Of Raipur





























विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403